दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, शुक्रवार, 20 फरवरी 2026 | शुक्ल पक्ष-तृतीया, | विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 302 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

सीजी वीएसके एप: कोरिया जिले के वनांचल ग्राम नेटवर्क से आउट, कैसे लगेगी ऑनलाइन हाजिरी!

- उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पर्सनल मोबाइल में एप कराया गया स्टाल
- कुछ टीचरों ने घर से किया स्टाल अब स्कूल में बना मुसीबत!

यशवंत रजवाड़े

50 मीटर के दायरे में एक्टिव होता है एप

शिक्षा विभाग के मुताबिक वीएसके ऐप स्कूल के 50 मीटर दायरे में ही एक्टिव होता है। शिक्षकों को विद्यालय पहुंचने के बाद ऐप से उपस्थिति दर्ज करनी होती है। नई तकनीक से शिक्षक के स्कूल पहुंचने की जानकारी मिलती है। ऐप से दर्ज उपस्थिति की जानकारी सीधे डीईओ कार्यालय को मिलती है। शिक्षा विभाग के अधिकारी रियल टाइम आधार पर मॉनिटरिंग कर रहे हैं कि स्कूल में कितने शिक्षकों की उपस्थिति है। हालांकि, कोरिया में वीएसके एप लागू होने के पखवाड़े भर के बाद 100 फीसदी शिक्षकों का पंजीयन नहीं हुआ है।अभी भी शेष हैं ।

जिले में कार्यरत शिक्षक

- कुल कार्यरत शिक्षक 2100
- पंजीकृत शिक्षक 1890
- अपंजीकृत शिक्षक 210
- हाजिरी प्रतिशत 55 प्लस
- पंजीयन प्रतिशत 89.9 प्लस

1 जनवरी से हाजिरी लगवाने का नियम लागू

विदित हैं कि स्कूल शिक्षा विभाग ने शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति की ऑनलाइन मानिटरिंग करने 1 जनवरी से वीएसके ऐप से हाजिरी लगवाने का नियम लागू किया है। इससे शिक्षकों की उपस्थिति डिजिटल दर्ज होने लगी है। रायपुर में विशेष विद्या समीक्षा केंद्र स्थापित किया गया है। ऐप के माध्यम से प्रधानपाठक सहित प्रत्येक स्टाफकी उपस्थिति, अवकाश की स्थिति और कक्षा पर नजर रख रहे हैं। रिपोर्ट डाउनलोड करने, अलर्ट प्राप्त करने सहित अन्य सुविधाएं भी मिलने लगी है। दूसरी ओर कोरिया के वनांचल ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में सभी शासकीय स्कूलों में सीजी वीएसके (छत्तीसगढ़ विद्या समीक्षा केंद्र) ऐप से ऑनलाइन हाजिरी लगाने के नियम लागू होने बाद कोरिया जिले के वनांचल ग्राम में कार्यरत शिक्षक मोबाइल नेटवर्क को लेकर हलाकान हैं वही जिन्होंने घर से या नेटवर्क में आकर इस एप को स्टाल किया अब उनकी लोकेशन स्कूल से दूर बता रहा जिससे अब यह एक नई मुसीबत बन गई कि इसे सुधारा कैसे जाये साथ ही कोरिया जिले के सोनहत ब्लॉक के वनांचल क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क नहीं होने के कारण 20 फीसदी शिक्षकों का ऐप में रजिस्ट्रेशन तक नहीं हुआ है। नतीजा यह है कि रोजाना 50-55फीसदी शिक्षकों की ही ऑनलाइन हाजिरी लग पा रही है।

विधानसभा में उठा था मामला 125 गांव में नेटवर्क नहीं : केंद्रीय संचार मंत्रालय की रिपोर्ट में क्षेत्र के 125 गांव में नेटवर्क नहीं -भरतपुर-सोनहत विधायक रेणुका सिंह मोबाइल नेटवर्क की बात पिछले बीते विधानसभा प्रश्न में भी उठा चुकीं हैं। विधानसभा में उन्होंने कहा था कि उनका क्षेत्र प्रदेश का सबसे बड़ा विधानसभा है तथा दो जिले में बंटा है। जहां 337 गांव में से 47 में टावर नहीं है। ऐसा लिखित उत्तर में कहा गया है। जबकि कुल 410 गांव हैं, जिसमें एमसीबी के 93 और कोरिया के 32 गांव में नेटवर्क नहीं है।

10 फीसदी शिक्षकों का नहीं हुआ है पंजीयन: कोरिया डीईओ विनोद कुमार राय का कहना है कि वीएसके एप में जिले के 10 फीसदी शिक्षकों का पंजीयन नहीं हुआ है। क्योंकि वनांचल एरिया में मोबाइल नेटवर्क नहीं है। वहीं पंजीकृत शिक्षकों के मोबाइल में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

आज बेबाक

गजब बेइज्जती है। फर्जीवाड़ा करने वाली गलगोटिया यूनिवर्सिटी जैसे विश्वविद्यालयों के भरोसे हम विश्व गुरु तो क्या खाक बनेंगे हां गुरू घंटाल बनकर जग हंसाई का पात्र जरूर बन जाएंगे। गलगोटिया यूनिवर्सिटी के कर्णधार नकल में भी अकल नहीं लगा पाए। चायनीज रोबो डाग को ज्यों की त्यों धर दीनी चदरिया की तर्ज़ पर एआई समिट में अपनी ईजाद बताकर पेश कर दिया। नतीजतन पूरी दुनिया में भारत की भद पिट गई। सरकार ने उस यूनिवर्सिटी को एआई समिट से खदेड़ कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली। कायदे से तत्काल प्रभाव से उसकी मान्यता रद्द की जानी चाहिए थी।

कांग्रेस का दावा- राहुल को गोली मारने की धमकी मिली

नई दिल्ली। करणी सेना के एक कार्यकर्ता ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी दी है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने गुरुवार को यह दावा किया। उन्होंने धमकी वाला वीडियो भी सोशल मीडिया एक्स पर शेयर किया है। पवन खेड़ा ने लिखा कि पूरा आरएसएस-भाजपा तंत्र एक 'गोडसे फैक्ट्री' है। तथाकथित करणी सेना द्वारा राहुल गांधी और '25 सांसदों' के खिलाफ दी गई धमकी कोई अलग-थलग पड़ी घटना नहीं है।

वाराणसी में गंगा पर चलती नावों में सेल्फी पर सख्ती

वाराणसी (वार्ता)। काशी में गंगा नदी पर संचालित नावों और बोटों पर खड़े होकर सेल्फी लेने तथा रील बनाने की बढ़ती प्रवृत्ति को देखते हुए जल पुलिस ने नाविकों के लिए कड़े निर्देश जारी किए हैं। प्रशासन का कहना है कि चलती नाव पर खड़े होकर फोटो या वीडियो बनाने से हादसों का खतरा बढ़ जाता है।

अंबानी ने कहा-डेटा की तरह सस्ता होगा एआई, 10 लाख करोड़ का निवेश करेंगे

पीएम बोले- डीपफेक रोकने के लिए एआई कंटेंट पर लेबल लगे

नई दिल्ली/वार्ता। भारत मंडपम में चल रहे 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के चौथे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एआई के सुरक्षित इस्तेमाल का नया फॉर्मूला दिया। पीएम ने कहा कि जैसे खाने के पैकेट पर 'न्यूट्रिशन लेबल' होता है, वैसे ही डिजिटल कंटेंट पर भी 'ऑथेंटिसिटी लेबल' होना चाहिए ताकि फर्क पता चल सके। वहीं, रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने भारत को 'इंटेलिजेंस युग' में ले जाने के लिए 10 लाख करोड़ रुपए के निवेश का बड़ा एलान किया है। समिट को आज नरेंद्र मोदी और मुकेश अंबानी के अलावा गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई और ओपन एआई के सैम ऑल्टमैन जैसे लीडर्स ने संबोधित किया। 16 फरवरी से शुरू समिट 20 फरवरी तक चलेगी। इसमें आज 110 से ज्यादा देश, 20 से ज्यादा देशों के प्रमुख और करीब 100 सीईओ और फाउंडर्स शामिल हुए हैं।

भारत का एआई मिशन: 6 महीने में 24,000 नए जीपीयू: भारत एआई के क्षेत्र में अपनी ताकत तेजी से बढ़ा रहा है। पीएम ने बताया कि देश में अभी 38,000 जीपीयू मौजूद हैं और अगले 6 महीनों में 24,000 और जीपीयू जोड़े जाएंगे।

डेटा के लिए ग्लोबल ट्रस्टेड फ्रेमवर्क: एआई की ट्रेनिंग के लिए इस्तेमाल होने वाले डेटा पर पीएम ने 'गार्बेज इन, गार्बेज आउट' का सिद्धांत समझाया। उन्होंने कहा कि अगर डेटा सुरक्षित ■ शेष पृष्ठ 8 पर

'ब्लैक बॉक्स' नहीं, 'ग्लास बॉक्स' अप्रोच की मांग

एआई प्लेटफॉर्म्स को 'ब्लैक बॉक्स' (जहां अंदर क्या चल रहा है किसी को पता न हो) के बजाय 'ग्लास बॉक्स' की तरह होना चाहिए। इसका मतलब है कि एआई के सेफ्टी रूल्स इतने साफ और पारदर्शी हों कि उन्हें कोई भी देख और वेरीफाई कर सके, जिससे कंपनियों की जवाबदेही तय हो सके।

प्रधानमंत्री के भाषण की 5 बड़ी बातें

एआई में भय नहीं 'भाग्य' और भविष्य

पीएम ने स्पष्ट किया कि दुनिया के कई देशों में जहां एआई को लेकर भय का माहौल है, वहीं भारत इसे अपने 'भाग्य' और उज्ज्वल भविष्य के रूप में देख रहा है। भारत इसे अपनी विकास यात्रा का अगला बड़ा टर्निंग पॉइंट मानता है।

मानव विजन का प्रस्ताव: मोदी ने एआई के लिए एक नया ग्लोबल फ्रेमवर्क दिया। उन्होंने कहा कि एआई Moral (नैतिक), Accountable (जवाबदेह), National Sovereignty (संप्रभुता), Accessible (सुलभ) और Valid (वैध) होना चाहिए, ताकि यह केवल डेटा पॉइंट न बनकर मानवता के कल्याण का जरिया बने।

कंटेंट पर 'ऑथेंटिसिटी लेबल' की जरूरत: पीएम ने सुझाव दिया कि जैसे खाने के सामान पर 'न्यूट्रिशन लेबल' होता है, वैसे ही डिजिटल कंटेंट पर भी स्पष्ट लेबल होना चाहिए। इससे लोगों को पता चल सकेगा कि क्या असली है और क्या एआई द्वारा बनाया गया (फैब्रिकेटेड) है।

एआई को 'ओपन सोर्स' बनाएं: भारत ने दुनिया की 'कॉन्फिडेंशियल' सोच से अलग हटकर कोड को 'ओपन शेयर' करने की बात कही। पीएम का मानना है कि जब तकनीक सबके लिए खुली होगी, तभी दुनिया भर के युवा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

एआई की दुनिया में राष्ट्रीय मंच पर लहराया छत्तीसगढ़ का परचम

- इंडिया एआई इंपैक्ट बिल्डथॉन में रायपुर के अनुराग मानिक और आस्था मानिक ने हासिल किया प्रथम स्थान

नई दिल्ली/रायपुर /नवप्रदेश। नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित प्रतिष्ठित एआई इंपैक्ट समिट में छत्तीसगढ़ के युवाओं ने अपनी प्रतिभा का परचम राष्ट्रीय स्तर पर लहराया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर के प्रतिभाशाली सिबलिंग अनुराग मानिक और आस्था मानिक को इंडिया एआई इंपैक्ट बिल्डथॉन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेश को गौरवान्वित करने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि 40,000 से अधिक प्रतिभागियों के बीच तीन कठिन चरणों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

छत्तीसगढ़ को देश और दुनिया में नई पहचान दिलाएंगे

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवा अपनी परंपराओं और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोते हुए आधुनिक तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। यह उपलब्धि प्रदेश में शिक्षा, नवाचार और अवसरों के विस्तार की दिशा में हो रहे समग्र विकास का सशक्त प्रमाण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य के युवा इसी प्रकार नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करते हुए छत्तीसगढ़ को देश और दुनिया में नई पहचान दिलाएंगे।

बिना अनुमति देश छोड़कर नहीं जाऊंगा: अंबानी

- 40 हजार करोड़ के बैंक फ्रॉड केस में सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा, जांच में सहयोग भी करेंगे

नई दिल्ली। अनिल अंबानी ने 19 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दाखिल किया है। इसमें उन्होंने वचन दिया है कि वे अदालत की अनुमति के बिना भारत छोड़कर नहीं जाएंगे। यह हलफनामा उनके रिलायंस अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप की कंपनियों से जुड़ी 40,000 करोड़ रुपए की बैंक धोखाधड़ी की जांच के बीच आया है। अंबानी ने अदालत को यह भी भरोसा दिलाया है कि वे ईडी और सीबीआई द्वारा की जा रही जांच में पूरी तरह से सहयोग करेंगे। ये दोनों एजेंसियां अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप की कंपनियों के खिलाफ जांच कर रही हैं।

वकील मुकुल रोहतगी की तरफ से किए मौखिक वादे की पुष्टि मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अनिल अंबानी ने अपने हलफनामे में आधिकारिक तौर पर उस अंडरटेकिंग ■ शेष पृष्ठ 8 पर

क्या है 40,000 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला?

यह पूरी कानूनी कार्यवाही पूर्व ब्यूरोक्रेट ईएएस सरमा की तरफ से दायर एक याचिका के जवाब में हो रही है। याचिका में आरोप है कि ग्रुप की कंपनियों ने अलग-अलग बैंकों के साथ मिलकर 40,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का लोन फ्रॉड किया है।

आज गृहमंत्री शाम करेंगे वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम 2 की शुरुआत

नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार को असम में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम 2 लॉन्च करेंगे। यह प्रोग्राम सीमांत गांवों को मज़बूत बनाने और सीमावर्ती क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के प्रयासों में एक अहम पड़ाव होगा। वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-2 एक केन्द्रीय योजना है, जिसका व्यय वित्त वर्ष 2028-29 तक 6,839 करोड़ है। वीवीपी-2 को 15 राज्यों और 2 केंद्रशासित प्रदेशों में लागू किया जाएगा।

फ्रीबीज पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी, कहा-

देश का आर्थिक विकास रुकेगा, कहां से आएगा विकास के लिए पैसा?

नई दिल्ली/ए.। मुफ्त सुविधाओं के वादों (फ्रीबीज) पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है। अदालत ने कहा कि सरकारों को सिर्फ मुफ्त चीजें बांटने के बजाय रोजगार पैदा करने पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। इस तरह से फ्रीबीज बांटने पर देश का आर्थिक विकास रुकेगा। फ्रीबीज के मामले में सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने सुनवाई की। सीजेआई ने बढ़ते रेवेन्यू घाटे के बावजूद राज्यों की ओर से मुफ्त योजनाएं चलाए जाने पर सवाल उठाया। सीजेआई ने कहा कि कई राज्य पहले से ही घाटे में हैं, फिर भी वे नई-नई कल्याण योजनाएं शुरू कर रहे हैं।

घाटे के बावजूद मुफ्त योजनाएं बांट रही सरकारें

मुख्य न्यायाधीश ने कहा, कई राज्य सरकारें भारी कर्ज और घाटे के बावजूद मुफ्त योजनाएं बांट रही हैं। अगर सरकारें मुफ्त पैसे, बिजली या दूसरी सुविधाएं देती रहेंगी, तो आखिर इनका खर्च कौन उठाएगा? अगर सरकारें मुफ्त खाना, साइकिल और बिजली जैसी सुविधाएं देती रहेंगी।

गरमा-गरम

अभियान

फोर्स के टारगेट में देवजी, पापाराव, सोढ़ी समेत 100 बड़े नक्सली

नक्सल मुक्ति डेडलाइन के अब 40 दिन शेष, फाइनल आपरेशन की तैयारी तेज

- नई सूची में देशभर में अब केवल 6 जिले ही नक्सल प्रभावित, इनमें 4 जिले छत्तीसगढ़ के

रायपुर/जगदलपुर/नवप्रदेश। केंद्र सरकार द्वारा जारी की नई सूची में देशभर में अब केवल 6 जिले ही नक्सल प्रभावित हैं। इनमें चार जिले छत्तीसगढ़ के हैं। सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर के साथ गरियाबंद जिला भी इस सूची में शामिल है। वहीं बस्तर व कोण्डागांव को नक्सलमुक्त की श्रेणी में रखा गया है। इस लिस्ट में इसके अलावा झारखण्ड का वेस्ट सिंहभूम व ओडिशा का कंधमाल जिला शामिल है। बस्तर के इन पांच जिलों में तीन जिले सुकमा, बीजापुर व नारायणपुर में फोर्स विशेष अभियान चला रही है जहां वर्दीधारी नक्सलियों की तादात अधिक है। इन तीन जिले में हाई अलर्ट जारी कर सुरक्षा एजेंसियों ने फाइनल आपरेशन की तैयारी तेज कर दी है मुठभेड़ों में लगातार टॉप मोस्ट नक्सलियों के मारे जाने के बाद वर्तमान में बचे हुए शीर्ष नक्सलियों समेत लगभग सौ नक्सलियों की पहचान कर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर में रणनीतिक आपरेशन

बस्तर आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम ने बताया कि, मार्च 2026 तक नक्सल मुक्त बस्तर के संकल्प की प्राप्ति करने सातों जिलों में समन्वित और बहुस्तरीय कार्ययोजना लागू की गई है जिसके अंतर्गत विशेष रूप से सुकमा, बीजापुर एवं नारायणपुर जिलों में लक्षित रणनीतिक अभियान संचालित किए जा रहे हैं। जनता के सहयोग, सुरक्षा बलों के अदम्य साहस और प्रशासन की दृढ़ प्रतिबद्धता के बल पर बस्तर शीघ्र ही पूर्ण शांति, सुरक्षा और सतत विकास का सशक्त उदाहरण बनकर उभरेगा।

पिछले डेढ़ वर्ष में फोर्स ने नक्सलियों की तोड़ी रीढ़

बस्तर में तैनात सुरक्षाबलों ने बीते डेढ़ वर्ष में नक्सलियों की कमर तोड़कर रख दी। सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के कोर इलाकों में आपरेशन कर एक तरह से नक्सलियों को चुनौती देते हुए अभियान संचालित किया। फोर्स ने पिछले डेढ़ वर्ष में 4 सौ से अधिक हार्डकोर नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया इन नक्सलियों में 23 करोड़ 68 लाख रूपए का ईनाम केवल छग में घोषित था।

अब शिकायतों में देरी नहीं चलेगी

21 दिन में निपटारा जरूरी, अफसरों को चेतावनी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के विभागों में लगातार बढ़ती जनशिकायतों और उनके समयबद्ध निराकरण को लेकर राज्य सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। नगरीय प्रशासन विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जन शिकायतों का 21 दिन के भीतर अनिवार्य रूप से निराकरण किया जाए और की गई कार्रवाई को संबंधित पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज किया जाए। इस संबंध में नगरीय प्रशासन ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नक्सल इलाकों में विधायक मंडावी ने लगाई चौपाल, सुन रहे लोगों की समस्याएं

■ दे रहे निराकरण का आश्वाशन

बीजापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में इन दोनों विधायक विक्रम मंडावी का धुआंधार दौरा चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों का कहना है कि विधायक विक्रम मांडवी के नक्सल प्रभावित इलाकों के दौरों से भाजपा बैक फुट पर आ गई है। क्योंकि पिछले दो वर्षों में प्रदेश में काबिज भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने नक्सलवाद के खात्मे के संकल्प के साथ उन तमाम इलाकों में सड़कों और कैंपों के साथ मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया है। जिन इलाकों में कभी प्रवेश करने तक के लिए नक्सलियों से अनुमति लेनी पड़ती थी। तेज गति से हो रहे विकास के बीच पिछले दो सालों में अब तक उन इलाकों में बीजेपी का एक कार्यकर्ता भी नहीं पहुंच सका जहां पर खुद की सरकार ने विकास कार्यों को गति प्रदान की है।

विक्रम हर रोज उन इलाकों का दौरा कर लोगों से मुलाकात कर रहे हैं, जिन इलाकों में आज तक कोई भी जनप्रतिनिधि नहीं पहुंच पाया है। वहां जाकर

विधायक लोगों से चौपाल के माध्यम से समस्याएं सुन रहे हैं और उन समस्याओं के निराकरण के लिए सरकार से बात भी कर रहे हैं। पिछले कुछ ही दिनों में विधायक विक्रम मंडली अबूझमाड़ और नेशनल पार्क के उन इलाकों का दौरा कर लौट चुके हैं। जहां नक्सलियों की तूती बोलती थी और उन्ही इलाको को नक्सली अपना सबसे सुरक्षित ठिकाना मानते थे साथ ही अपने ट्रेनिंग कैम्प चलाते थे। एक सप्ताह पहले ही विधायक विक्रम मांडवी भोपालपटनम से होते हुए नेशनल पार्क का दौरा कर फरसेगढ़ लौटे थे, जो उनका गृहग्राम है।

कांग्रेस ने बीजेपी पर साधा था निशाना

अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान विधायक नेशनल पार्क में के लगभग आधा दर्जन से ज्यादा गांवों का दौरा कर लौटे थे। उसके ठीक 2 दिन बाद बीजापुर और दंतेवाड़ा की सीमा पर बसे दुमिरपालनार भी पहुंचे थे। जहां पर उन्होंने लाल पानी के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। हालांकि नेशनल पार्क दौरे से पहले बीजापुर एसपी ने विधायक को नक्सली गतिविधियों का हवाला देकर दौरे की अनुमति प्रदान नहीं किया था। कांग्रेसियों ने इसे मुद्दा भी बनाया था और कहा था कि जब नक्सलवाद खात्मे की ओर है तो क्यों विधायक और प्रतिनिधियों को खास उस इलाके का दौरा करने से रोका जा रहा है। हालांकि, उसके बाद विधायक नेशनल पार्क का दौरा कर लौट चुके हैं।

लोगों की सेवाओं के 24 घंटे रहूंगा तत्पर

लोगों का कहना है कि भाजपा की सरकार प्रदेश में कहां कैसा काम कर रही है यह तो नहीं पता। बीजापुर में पूरी तरीके से बैक फुट पर है क्योंकि लोगों का छोटा-मोटा काम भी नहीं हो पा रहा है। इसके पीछे बड़ी वजह यह है कि भाजपा के चुने हुए जन प्रतिनिधि और कद्दावर नेता सिर्फठेकेदार और पेटी में काम बांटने में व्यस्त है। जिसके चलते बीजापुर के लोग अपने छोटे-मोटे कामों के लिए भाजपा नेताओं के पास जाने से कतरने लगे हैं। विधायक विक्रम मंडावी का कहना है कि बीजापुर की जनता ने मुझ पर विश्वास जताते हुए दो बार विजयी बनाया है। इसलिए मैं 24 घंटे उनकी सेवा के लिए तत्पर हूँ। लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए मैं जिले के उस अंतिम गांव तक पहुंचने का प्रयास करूंगा जहां लोगों को मेरी जरूरत है और मैं उनके लिए लड़ूंगा।

बीजापुर में चर्चा का विषय है कि अपने ही सरकार में हो रहे विकास कार्यों के बीच भाजपा का कोई भी नेता उन इलाकों तक नहीं पहुंच पा रहा है। जहां पर विधायक विक्रम मांडवी बेधड़क पहुंच रहे हैं।

संक्षिप्त खबर

जिले के 7 होनहार छात्र जेईई एडवांस्ड के लिए हुए क्वालीफाई

नारायणपुर/नवप्रदेश। जिले के सुदूर क्षेत्रों के प्रतिभावान छात्रों के सपनों को अब नई उड़ान मिल रही है। कलेक्टर नम्रता जैन के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा संचालित परियना जेईई एवं नीट आवासीय कोचिंग सेंटर एजुकेशन हब, गरांजी के छात्रों ने सत्र 2025-26 की JEE Mains परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।संस्था में अध्ययनरत गणित संकाय के कुल 28 विद्यार्थियों में से 7 छात्रों ने पिछले वर्ष के कट-ऑफ अंकों के आधार पर JEE Advanced के लिए क्वालीफाई कर लिया है।क्वालीफाई करने वाले छात्रों में मुख्य रूप से लुकेश आर्य 55.23, मोहनीश बघेल 77.62, अविनाश 64.39, राकेश 62.26, निखिल रावटे 62.07, सुखदर सलाम 54.94 और रविशंकर ने 58.85 प्रतिशत हासिल कर जिले का नाम रोशन किया।इस गौरवपूर्ण सफलता पर कलेक्टर नम्रता जैन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकांक्षा शिक्षा खलखो, जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पटेल एवं नोडल अधिकारी ने सभी सफल छात्र-छात्राओं और उनके शिक्षकों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। अधिकारियों ने कहा कि नारायणपुर के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है, बस उन्हें सही मार्गदर्शन और मंच की आवश्यकता है, जो 'परियना कोचिंग' के माध्यम से सफल सिद्ध हो रहा है।

चारामा पुलिस ने सट्टा खाईवाल को किया गिरफ्तार

कांकेर / नवप्रदेश। चारामा पुलिस ने किया जुआ सटटा खिलाने वाले खाईवाल को किया गिरफ्तार किया हैआरोपी के कब्जे से एक नग मोबाईल फोन एवं नकदी रकम एवं सटटा पटटी जप्त किया है।निखिल राखेचा (भापुसे.) पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में योगेश साहू अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कांकेर के मार्गदर्शन में मोहसिन खान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर के पर्यवेक्षण में थाना चारामा में 18 फरवरी 2026 को पुलिस बल द्वारा जुर्म जरायम पता साजी एंव पेट्रोलिंग डियूटी पर रवाना हुआ था, ग्राम लखनपुरी के पास सूचना मिला कि लखनपुरी औधोगिक क्षेत्र में कमलकिशोर साहू नाम का व्यक्ति विभिन्न अंको पर रूपये पैसों का दांव लगाने का सट्टा पट्टी पर्ची लिख रहा है कि सूचना पर मुखबीर के बताये स्थान ग्राम लखनपुरी औधोगिक क्षेत्र में जाकर गवाह एवं स्टाफ के साथ सूचना तस्दीक किया। एक व्यक्ति लखनपुरी औधोगिक क्षेत्र में सट्टा पट्टी पर्ची लिखकर विभिन्न अंको में रूपये पैसे का दांव लगाकर जुआ खेलवाते मिला जिसे नाम पता पुछताछ करने पर अपना नाम कमलकिशोर साहू पिता धनंजय साहू उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम लखनपुरी थाना चारामा जिला कांकेर छ0ग0 का होना बताया ।जिसका तलाशी लेने उसके कब्जे से 01 नग पेन, 01 नग सट्टा पट्टी पर्ची एवं एक नग रेडमी मोबाईल फोन व नगदी रकम एवं मोबाईल फोन में हजारो रूप्ये का सटटा पर्ची लिखा हुआ को जप्त किया गया ।? आरोपी का कृत्य अपराध धारा 6 छ0ग0 जुआ प्रतिषेध अधि0 2022 एव धारा 112(2) बीएनएस का घटित करना पाये जाने से अपराध क्रमांक 31/26 कायम किया जाकर आरोपी को 18फ़रवरी 2026 को गिर.कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया ।

8 साल से शादी का झांसा देकर अस्मत लूटने वाला प्रोफेसर पहुंचा हवालात

कांकेर / नवप्रदेश। शादी का झांसा देकर 08 वर्षो तक शारीरिक शोषण करने वाला आरोपी प्रोफेसर सतीष कुमार गोटा पिता मानसिंह गोटा उम्र 34 वर्ष जाति गोड़ ग्राम बोगर नदीपारा थाना को गिरफ्तार किया गया है।कोड़ेकुर्स पुलिस ने बताया कि 17 फरवरी 2026 को पीड़िता के द्वारा थाना कोड़ेकुर्से उपस्थित आकर लिखित आवेदन पेश किया कि उसके दूर के रिश्तेदार सतीष कुमार गोटा ग्राम बोगर भानुप्रतापपुर का रहने वाला है ,जो पीड़िता के घर में रहकर मलेरिया वर्कर का कार्य करता था।

ऑनलाइन सट्टा का चांवल व्यापारी मनीष आसरानी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

■ सिविल लाइन पुलिस थाना की कार्यवाही

■ कांकेर पुलिस को नहीं मिली सफलता

कांकेर / नवप्रदेश। टी 20 वर्ल्ड कप का सुपर लीग 08 शुरू होगा।इस वर्ल्ड कप में ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वाले भी पुलिस की आंखों में धूल झोंककर आईडी बांटकर लाखों करोड़ों रुपए का ऑनलाइन सट्टा संचालित करने में कामयाब होते दिख रहे हैं।

दैनिक नवप्रदेश ने टी 20 वर्ल्ड कप ऑनलाइन सट्टा के खिलाफ लगातार खबर प्रकाशित कर पुलिस प्रशासन को सट्टा के खिलाफ अवगत कराया गया। लेकिन नवप्रदेश समाचार पत्र की खबर का असर रायपुर पुलिस को सफलता मिली है।दैनिक नवप्रदेश समाचार पत्र ने ने 19 जनवरी 03 फरवरी 05 फ़रवरी 08 फ़रवरी को ऑनलाइन सट्टा संचालित आईपीएल मैच के खिलाफ खबर प्रकाशित किया था।इस खबर के बाद ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वाले कांकेर जिले से लेकर पड़ोसी जिला धमतरी तक में हड़कंप मच गया है। नवप्रदेश की खबर का असर कांकेर में तो नहीं दिखा लेकिन रायपुर सिविल लाइन पुलिस थाना ने एक ऑनलाइन सट्टा आईडी सहित एक आरोपी की गिरफ्तारी किया गया।गिरफ्तार आरोपी ने ऑनलाइन सट्टा किंग मनीष आसरानी मांझापारा चांवल व्यापारी का नाम बताया है सिविल लाइन पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा मामले में मनीष आसरानी के खिलाफ एफ़आईआर दर्ज़ कर जांच में जुटी हुई है।नवप्रदेश समाचार पत्र की खबर का असर एक बार फिर हुआ है नवप्रदेश की खबर से एक बार फिर ऑनलाइन सट्टा किंग को बेनकाब करने में अहम भूमिका निभाई है। बता दे कि 19 फरवरी को थाना सिविल लाइन रायपुर अपराध क्रमांक 71/26 धारा 7.8 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के आरोपी मनीष असरानी पिता सुंदर दास असरानी उम्र 42 साल पता माझा पारा थाना जिला कांकेर हाल पता न्यू राजेंद्र नगर स्वेता विद्या मंदिर के पास थाना न्यू राजेंद्र नगर जेल भेजा गया।

कांकेर पुलिस को खबर के माध्यम से मनीष आसरानी की आईडी बाकायदा कांकेर के कई रसूखदार परिवार से लेकर सत्तारूढ़ पार्टी से जुड़े नेता इस काम में शामिल है।

ऑनलाइन सट्टा में चावल व्यापारी के खिलाफ रायपुर सिविल लाइन थाना में दर्ज हुआ केस

अब ऑनलाइन सट्टा किंग निक्की की बारी....!!

नव प्रदेश खबर का असर

कांकेर पुलिस इन ऑनलाइन सट्टा वालो पर कब करेगी कार्यवाही..

बता दे कि कांकेर और धमतरी जिले के दो ऑनलाइन सट्टा किंग निक्की और मनीष के खिलाफकांकेर पुलिस ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं किया है। जबकि कांकेर में खबर के बाद भी ड्ढद्गह्ल श्ड्ढद्य4 777 आईडी जो मनीष आसरानी संचालित करता है।19 फरवरी को सिविल लाइन थाना में मनीष आसरानी ऑनलाइन सट्टा किंग को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया गया है।

लाख पालन से वनांचल के किसान बन रहे आत्मनिर्भर

■ प्रशिक्षण तकनीकी मार्गदर्शन और सरकारी सहयोग से लाख पालक किसानों की आय में हुई वृद्धि

कांकेर / नवप्रदेश। कभी माओवाद प्रभाव के कारण विकास से दूर रहा वनांचल आज सकारात्मक परिवर्तन की मिसाल बन रहा है। पहले यहां के किसान मुख्यतः धान की खेती पर निर्भर थे, लेकिन अब शासन की पहल और वन विभाग के मार्गदर्शन से किसान लाख उत्पादन को अपनाकर अतिरिक्त आय अर्जित कर रहे हैं। वनमंडल पश्चिम भानुप्रतापपुर द्वारा कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के किसानों को लाख पालन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, इसके लिए जिला खनिज न्यास निधि अंतर्गत आदर्श लाख पालन परियोजना की स्वीकृति मिली है। इस महत्वांकांक्षी परियोजना का क्रियान्वयन कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के 06 क्लस्टर में किया जा रहा है, इनमें वन परिक्षेत्र कोयलीबेड़ा के 05 क्लस्टर क्रमशः कोयलीबेड़ा, कोतुल, चारगांव, मन्हाकाल एवं पानीडोबीर तथा पश्चिम परलकोट के 01 क्लस्टर छोटेबेठिया को शामिल किया गया है। इन सभी 06 क्लस्टरों के 621 किसानों के खेतों एवं भाठा जमीन में लगभग 4559 कुसुम के वृक्ष मौजूद हैं, इसके अलावा बेर एवं पलाश के पौधे भी हैं, जिसमें लाख पालन कार्य किया जा सकता है। वर्तमान में कुसुम वृक्षों में ब्लेजिंग, मार्किंग एवं शाखा कटाई-छंटाई का कार्य जारी है। लाख पालन के लिए किसानों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, इसके लिए कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के सुदूर वनांचल के ग्राम पंचायत छोटेबोदेली के आश्रित ग्राम मन्हाकाल में कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

पुलिस और आमजनता के बीच संवाद के लिए 154 गाँवो में बीट प्रणाली लागू

कांकेर / नवप्रदेश। मोर मितान कांकेर पुलिस अभियान के अंतर्गत जिले में सुदृढ़ बीट प्रणाली होगी लागू ।154 ग्रामों में कांकेर पुलिस के बीट प्रभारी कार्यरत गांवों में शांति व्यवस्था भंग करने वाले एवं अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों पर पुलिस की होगी कड़ी नजर जनता का मित्र बन कर समस्या की जानकारी प्राप्त करना और त्वरित सहायता प्रदाय करना होगा मुख्य उद्देश्य। निखिल अशोक राखेचा पुलिस अधीक्षक कांकेर के निर्देशन में जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने एवं आम जनता के बीच विश्वास और संवाद को मजबूत करने के उद्देश्य से मोर मितान कांकेर पुलिस अभियान के अंतर्गत जिले के थानो से 154 ग्रामों में बीट प्रणाली लागू की गई।प्रत्येक बीट प्रभारी एवं आरक्षक को बीट बुक दी जाएगी।बीट बुक में क्षेत्र के पुलिस सहयोगियों,संस्थाओं की जानकारी निगरानी/गुंडा बदमाश व संदिग्ध व्यक्तियों का रिकॉर्ड, मकान मालिक किराएदार कबाड़ी व बाहरी मुसाफिरों की जानकारी,इसके साथ ही क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों का विवरण, शस्त्र लाइसेंसियों की जांच, पेंशनधारक व शासकीय सेवकों की जानकारी तथा ग्राम में आयोजित मड़ई, मेला ,त्योहारों व बाजारों का विवरण भी संधारित किया जाएगा ।

ट्रायल में चल रहा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल

ओपीडी में तीन दिन में 100 मरीजों का पंजीयन, नि :शुल्क होगा उपचार

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर डिमरापाल में नवनिर्मित सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का हैदराबाद को कॉन्टिनेंटल ग्रुप संचालन कर रहा है। लगभग 240 करोड़ रूपए की लागत से बना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल 16 फरवरी से ट्रायल में चल रहा है।

तीन दिनों में हॉस्पिटल के ओपीडी में लगभग 100 से अधिक मरीजों का पंजीयन किया गया और 52 मरीजों का एमआरआई, सीटी स्कैन किया गया है। दो मरीजों के एमआरआई का शुल्क लिया गया। शेष 50 मरीजों का आयुष्मान कार्ड एवं बीपीएल से निःशुल्क किया गया, साथ ही पंजीयन भी फ्री में किया गया। बताया जा रहा है कि, सितंबर माह में कॉन्टिनेंटल ग्रुप ने शासन के साथ एमओयू किया है। छह माह में इसे अस्पताल का संचालन शुरू कर मरीजों को सेवाएं देनी थी, पर अब तक नहीं हो सका।

ओपीडी को निः शुल्क और अन्य व्यवस्थाएं सरकारी दरों पर कैशलेस करने की बात कही जा रही हैं।

औपचारिकताएं पूरी करने की प्रक्रिया

सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के एचओडी प्रभारी इंद्रजीत साहा ने बताया कि, 240 बिस्तरों वाले सुपर स्पेशियलिटी ने नए बिल्डिंग में कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी, गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी जैसे विशेषज्ञ विभाग बनवाने एवं इनके विशेषज्ञों की नियुक्ति प्रक्रियाधीन बताया है। सभी के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी करने जो औपचारिकताएं होंगी, उसे पूरा किया जाएगा। ओपीडी, आईसीयू, इमरजेंसी और डायग्नोस्टिक सेवा की तकनीकी सुविधाएं बहाल की जाएंगी।

एक अप्रैल से शुरू करने की संभावना

मेकाज के डीन डॉ. प्रदीप बेक एवं सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. टीकू सिन्हा ने इस संबंध में बताया कि, हॉस्पिटल के गठित टीम की बैठक होने के बाद एक अप्रैल से हॉस्पिटल को शुरू करने की संभावना है। डीन ने बताया कि सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में कॉन्टिनेंटल ग्रुप ने डॉक्टरों, नर्स आदि की जानकारी अब तक नहीं दी है।

'भारत माता की जय', 'जय श्री राम' और 'जय-जय जूदेव' के नारों से गूंज उठा कोतबा

रक्त तिलक और फलों से तौलकर भाजयुमो जिलाध्यक्ष का ऐतिहासिक स्वागत

जशपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में जिला जशपुर के कोतबा ने रविवार को एक अभूतपूर्व दृश्य देखा, जब भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त जशपुर जिलाध्यक्ष विजय आदित्य सिंह जूदेव पहली बार नगर पहुंचे। उनका स्वागत इतना ऐतिहासिक रहा कि पूरा कोतबा 'भारत माता की जय', 'जय श्री राम' और 'जय-जय जूदेव' के नारों से गूंज उठा। युवाओं का उत्साह इस कदर था कि कारगिल चौक पर उन्होंने अपने रक्त से तिलक कर विजयादित्य का अभिनंदन किया।

मैं नेता नहीं, आपका बेटा और भाई हूँ- विजय आदित्य सिंह जूदेव-मुख्य अतिथि विजय आदित्य सिंह जूदेव ने अपने ओजस्वी सम्बोधन से युवाओं में नई ऊर्जा भर दी। उन्होंने अपने आदर्श स्व. कुमार दिलीप सिंह जूदेव को याद करते हुए कहा कि वे आज भी जशपुर के कण-कण में जीवित हैं। भावुक होकर उन्होंने कहा कि, 'मैं यहाँ नेता बनकर नहीं, आपका बेटा, भाई और भतीजा बनकर आया हूँ। आधी रात को भी यदि परिवार के किसी सदस्य को जरूरत होगी, मैं साथ खड़ा रहूंगा।' उन्होंने कोतबा को धर्मभूमि बताते हुए कहा कि यहाँ का प्रेम और सम्मान जीवनभर उनका संबल रहेगा।

वरिष्ठ नेताओं और युवाओं की विराट उपस्थिति-कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष जगेश्वर यादव, जिला उपाध्यक्ष आनंद शर्मा, अजय गुप्ता, श्याम साहू, धर्मसेवक बंजारा, सुनील शर्मा, कन्हाई यादव, कौशल्या नारंग, भदर साय सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा, किसान मोर्चा, युवा कार्यकर्ता और वरिष्ठ नागरिक शामिल हुए।

पूरे कार्यक्रम में उत्साह, अनुशासन और पारंपरिक सम्मान की झलक स्पष्ट दिखी।

संगठन के प्रति आभार और युवा शक्ति पर भरोसा

मीडिया से बातचीत में विजयादित्य ने भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जशपुर मुख्यमंत्री का गृह जिला होने के कारण जिम्मेदारी और बढ़ जाती है, लेकिन उन्हें विश्वास है कि उनकी युवा टीम हर चुनौती को अवसर में बदलेगी।

धर्मनगरी कोतबा में स्वागत का ऐतिहासिक नज़ारा

भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता के नेतृत्व में स्वागत विशाल रूप में शुरू हुआ। नगर सीमा से प्रवेश के साथ ही अघरिया पारा, गौण पारा, परशुराम चौक, बस स्टैंड होते हुए रायगढ़िया चौक तक हजारों युवाओं ने बाइक रैली निकाली। जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई और पूरा नगर उत्साह से सराबोर रहा। विजय आदित्य सिंह जूदेव सबसे पहले बूढ़ा महादेव मंदिर पहुंचे, जहाँ उन्होंने श्रीफल अर्पित कर दिव्य आशीष लिया। इसके बाद कर्मा पार्टी की धुन पर पैदल नगर भ्रमण करते हुए उन्होंने परिवार की तरह नगरवासियों का अभिवादन स्वीकार किया।

विरासत के प्रहरी हैं विजय आदित्य- आनंद

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष आनंद शर्मा ने युवा मोर्चा अध्यक्ष अजय गुप्ता और पूरी टीम को आयोजन की सफलता के लिए बधाई दी। उन्होंने स्व. कुमार दिलीप सिंह जूदेव की राजनीतिक विरासत को याद करते हुए बताया कि कैसे उनके अदम्य साहस ने जशपुर को गौरव प्रदान किया। उन्होंने कहा कि उसी विरासत को आज विजय आदित्य आगे बढ़ा रहे हैं और युवाओं में जोश भर रहे हैं।

आपात स्थिति से निपटने 2 दिवसीय मॉक ड्रील प्रशिक्षण

कांकेर / नवप्रदेश। जिले के कांकेर अनुविभाग के सभी थाना/चौकी /रक्षित केन्द्र, डीआरजी/ बस्तर फाईटर्स बल को सम्मिलित कर प्रशिक्षण सह मॉक ड्रील कराया गया।निखिल आशोक कुमार राखेचा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे दिनेश सिन्हा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व मे तथा योगेश साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, श्री गिरिजा शंकर साव (नक्सल आप्स) एवं अविनाश ठाकुर डीआरजी गोविन्द वर्मा व दीपक साव रक्षित निरीक्षक की उपस्थिति मे रक्षित केन्द्र कांकेर मे 16फरवरी 2025 एवं 17फरवरी 2025को कांकेर अनुविभाग के सभी थाना/चौकी /रक्षित केन्द्र कांकेर/यातायात बल/डीआरजी बल/बस्तर फाईटर्स महिला बल के कुल 280 अधिकारी/कर्मचारियों को कानून व्यवस्था एवं आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशिक्षण/ कार्यशाला आयोजित कर रक्षित केन्द्र परेड ग्राउण्ड में मॉक ड्रील (पूर्वाभ्यास) कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान पूर्व में घटित घटनाओं एवं परिस्थितियों का अनुभव साझा करते हुए उपस्थित पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा आगामी समय में कानून व्यवस्था ड्यूटी को बेहतर रूप से संपादित करने हेतु सार्थक इंटरएक्टिव सेशन रखा गया।

दैनिक नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

बिलासपुर, शुक्रवार, 20 फरवरी 2026 | शुक्ल पक्ष-तृतीया, | विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 302 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

छत्तीसगढ़ को देश की ऊर्जाधानी बनाने की दिशा में प्रयास: डॉ. रोहित यादव

- प्रदेश में ऊर्जा विस्तार की व्यापक रूपरेखा और आगामी कार्ययोजना पर साझा की जानकारी

रायपुर/नवप्रदेश। ऊर्जा विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव ने आज नया रायपुर स्थित छत्तीसगढ संवाद के ऑडिटोरियम में पत्रकारों के साथ ऊर्जा विभाग की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं पर विस्तार से अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि प्रदेश में ऊर्जा उत्पादन, पारेषण और वितरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है तथा आने वाले वर्षों के लिए एक व्यापक कार्ययोजना पर तेजी से काम किया जा रहा है।

प्रदेश में विद्युत क्षमता 30 हजार 671.7 मेगावाट

डॉ. यादव ने जानकारी दी कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी, एनटीपीसी तथा निजी उत्पादकों को मिलाकर प्रदेश की कुल स्थापित विद्युत क्षमता 30 हजार 671.7 मेगावाट है। इसमें 28 हजार 824 मेगावाट ताप विद्युत, 220 मेगावाट जल विद्युत तथा सोलर, बायोमास आदि स्रोतों से 2,047 मेगावाट क्षमता शामिल है। ताप विद्युत क्षेत्र में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी की 2,840 मेगावाट, एनटीपीसी व निजी स्वामित्व के बिजलीघरों की 20 हजार 299 मेगावाट तथा कैप्टिव पॉवर प्लांट्स की 5 हजार 266 मेगावाट क्षमता है।

फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार, डीपीआर निर्माणाधीन

राज्य शासन द्वारा पंप स्टोरेज आधारित जल विद्युत परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए नीति 2023 लागू की गई है। इसके तहत छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी द्वारा 8,300 मेगावाट क्षमता के छह स्थलों का चिन्हांकन किया गया है, जिनमें से पांच के फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार हो चुकी है और डीपीआर निर्माणाधीन है। निजी क्षेत्र में भी लगभग 5,000 मेगावाट क्षमता की परियोजनाओं पर कार्य जारी है।

500 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा क्षमता विकसित करने का लक्ष्य

डॉ. यादव ने कहा कि भारत सरकार का फोकस ताप विद्युत पर निर्भरता कम कर कार्बन उत्सर्जन घटाने पर है। नेट जीरो कार्बन लक्ष्य के तहत वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा क्षमता विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे देश की 50 प्रतिशत ऊर्जा आवश्यकता नवीकरणीय स्रोतों से पूरी की जा सके। इस दिशा में जल विद्युत एवं पंप स्टोरेज परियोजनाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो ग्रिड संतुलन बनाए रखने में सहायक होंगी।

3.4 लाख करोड़ के निवेश प्रशस्त

ऊर्जा सचिव डॉ. यादव ने बताया कि नवीकरणीय ऊर्जा विस्तार के तहत एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड एवं राज्य उत्पादन कंपनी के संयुक्त उपक्रम द्वारा लगभग 2 हजार मेगावाट क्षमता की परियोजनाएं विकसित की जा रही हैं। इनमें अटल बिहारी ताप विद्युत गृह के जलाशय में 6 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर, कोरबा पूर्व के बंद राखड़ बांध पर 32 मेगावाट सौर संयंत्र ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ट्रैफिक पुलिस ने युवक को जड़ा थप्पड़

अंबिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में ट्रैफिक पुलिस और एक युवक के बीच हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया है। घटना शहर के व्यस्त महामाया चौक पर हुई, जहां चाभी छीनने को लेकर शुरू हुआ विवाद हाथापाई तक पहुंच गया। दोनों पक्षों के आरोप-प्रत्यारोप के बीच अब पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं।

किसी बात को लेकर हुआ विवाद: मिली जानकारी के मुताबिक, अंबिकापुर के महामाया चौक पर ड्यूटी में तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मी और एक युवक के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि, चाभी लूटने को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने युवक की पिटाई कर दी। वहीं, युवक ने भी गुस्से में आकर पुलिस जवान पर हाथ उठा दिया। इस पूरी घटना का वीडियो मौके पर मौजूद लोगों ने बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

बिलासपुर में कारोबारी को लूटकर भागे थे, मिर्जापुर में चारों बदमाश गिरफ्तार

लुटेरों का यूपी में शॉर्ट एनकाउंटर

- बिलासपुर में सराफा व्यापारी को हथियार दिखाकर की थी लूट

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में सराफा व्यापारी से हुई हथियारबंद लूट के आरोपियों का यूपी के मिर्ज़ापुर जिले में पुलिस ने शॉर्ट एनकाउंटर किया। जिसमें दो आरोपियों के पैर में गोली लगी है। वहीं पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी बिलासपुर से अंबिकापुर होते हुए उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर की ओर भाग निकले थे। मिली जानकारी के अनुसार, यूपी पुलिस के साथ छत्तीसगढ़ पुलिस भी आरोपियों की पहचान कर उन्हें ट्रेस कर रही थी। इस भागम-भाग में बदमाश यूपी पुलिस के हाथ लग गए और धरपकड़ करते समय लुटेरे भाग रहे थे। जिसके बाद पुलिस ने फायरिंग शुरू कर दी। भागते समय बदमाश विजय लाम्बा और उसके साथी के पैर में गोली लगी है, जिससे वो घायल हो गए। वहीं आरोपियों के कब्जे से सफेद रंग की स्कॉर्पियो वाहन समेत लूटे गए सोना-चांदी के जेवरात और नगदी बरामद कर ली गई है। बताया जा रहा है कि, लुटेरों ने वारदात के दौरान व्यापारी को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। गौरतलब है कि, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

रेनॉल्ट कार लूटकर फरार हो गए थे आरोपी

उल्लेखनीय है कि, बिलासपुर के राजकिशोर नगर स्थित टेलीफोन एक्सचेंज रोड पर मंगलवार रात करीब 9 बजे सनसनीखेज वारदात हुई थी। अज्ञात बदमाशों ने सराफा कारोबारी संतोष तिवारी को रास्ते में रोककर बेरहमी से मारपीट की। सिर पर हथौड़ी से वार किया और उनकी रेनॉल्ट कार लूटकर फरार हो गए थे। घायल कारोबारी को प्रथम हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। पुलिस मौके और आसपास का सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। साथ ही जिले के आसपास और पूरे क्षेत्र में नाकेबंदी कर दी गई है। वारदात के सीसीटीवी फुटेज में कैद होने की भी जानकारी मिल रही है जिसके आधार पर पुलिस जांच कर रही है।

दो गाड़ियों में आकर बदमाशों ने रोका था रास्ता

सरकंडा पुलिस के मुताबिक, राजकिशोर नगर स्थित तुलसी आवास निवासी संतोष तिवारी की राजकिशोर नगर चौक पर ही महामाया ज्वेलर्स नाम से सराफा दुकान है। मंगलवार की रात करीब 9 बजे वह दुकान बंद कर अपनी रेनाल्ट कार (क्रमांक सीजी 10 एएच 7707) से घर की ओर से जा रहे थे। राजकिशोर नगर स्थित टेलीफोन एक्सचेंज रोड के पास दो गाड़ियों में अज्ञात लोगों ने उनका रास्ता रोका। इससे पहले की श्री तिवारी कुछ समझ पाते अज्ञात लोगों ने कार का दरवाजा खोला और पिस्टल के बट और हथौड़ी से श्री तिवारी के सिर पर वार कर दिया।

सराफा एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी ने जताया अभार

17 फरवरी को सरकंडा थाना क्षेत्र के राजकिशोर नगर में बिलासपुर के इतिहास की सबसे बड़ी सराफा व्यापारी से लूट की घटना घटी थी , इस घटना में संलिप्त अपराधियों को 24 घंटे में बिलासपुर पुलिस ने अपनी गिरफ्त में ले लिया इसके लिए सराफा एसोसिएशन आभार व्यक्त करता है। 24 घंटे के अंदर अपने सतर्कता सूझबूझ से बिलासपुर पुलिस ने जिस तरीके से दूसरे प्रदेश से अंतर जाति गिरोह को गिरफ्तार किया है यह प्रशंसनीय है। सराफा एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी ने आईजी राम गोपाल गर्ग का धन्यवाद देते हुए कहा कि घटना वाले दिन से लेकर अभी तक बिलासपुर आईजी, एसपी रजनेश सिंह छुट्टी में होने के बावजूद घटना को लेकर सक्रिय रहे, इसके साथ ही ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मुख्यमंत्री ने नव चयनित खनि निरीक्षकों को प्रदान किए नियुक्ति पत्र

खनिज संपदा से समृद्ध छत्तीसगढ़ के विकास में निभाएं अहम भूमिका: साय

- ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करने का दिया संदेश

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज अपने निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित नव नियुक्त खनि निरीक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज संपदा की दृष्टि से देश के सबसे समृद्ध राज्यों में से एक है और खनिज प्रशासन के प्रभावी संचालन में मैदानी अमले की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने नव चयनित खनि निरीक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवाओं पर ही देश और प्रदेश का भविष्य ■ शेष पृष्ठ 8 पर

खनिज राजस्व वृद्धि में सक्रिय योगदान

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती लौह अयस्क, कोयला, बॉक्साइट, लाइमस्टोन, टिन, डायमंड, गोल्ड और लिथियम सहित विभिन्न खनिज संपदाओं से परिपूर्ण है। खनिज राज्य के राजस्व का प्रमुख स्रोत भी हैं और सरकार खनिज राजस्व में वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने नवनियुक्त अधिकारियों को खनिज राजस्व वृद्धि में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

30 खनि निरीक्षकों को सीएम ने दिया नियुक्ति पत्र

मुख्यमंत्री ने कहा कि खनि निरीक्षक के रूप में आप सभी के ऊपर बड़ी जिम्मेदारी है। पारदर्शिता, ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करते हुए राज्य के संसाधनों के संरक्षण और सुव्यवस्थित उपयोग में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा 15 अक्टूबर 2025 को 33 खनि निरीक्षकों की चयन सूची जारी की गई थी। खनिज साधन विभाग द्वारा 19 फरवरी 2026 को कुल 32 खनि निरीक्षकों की नियुक्ति आदेश जारी किए ■ शेष पृष्ठ 8 पर

शारीरिक शोषण के आरोप में डिप्टी कलेक्टर दिलीप उइके निलंबित

बालोद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर दिलीप उइके को महिला आरक्षक द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों के बाद निलंबित कर दिया गया है। मामला कुछ माह पूर्व बालोद जिले के डौंडी थाना में दर्ज किया गया था। महिला आरक्षक ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने, जबरन गर्भपात कराने और आर्थिक शोषण जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायतकर्ता महिला आरक्षक ने छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव को 12 बिंदुओं में विस्तृत शिकायत भी सौंपी है। इसमें आरोप लगाया गया है कि बीजापुर जिला प्रशासन द्वारा संबंधित अधिकारी को संरक्षण देते हुए फर्जी प्रमाण पत्र जारी किए गए और नियम विरुद्ध अवकाश स्वीकृत किया गया।

900 कट्टें धान से भरी ट्रक चोरी का खुलासा, 4 आरोपी हुए गिरफ्तार

बालोद/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक बालोद श्री योगेश कुमार पटेल (भा.पु.से.) के निर्देशन में बालोद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मालीघोरी से 900 कट्टा धान से भरी ट्रक चोरी कर दमकसा में छोड़कर 280 कट्टा शासकीय धान चोरी करने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों के कब्जे से 179 कट्टा धान, घटना में प्रयुक्त ट्रक और मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 16 जनवरी 2026 को 900 कट्टा धान से भरा ट्रक क्रमांक सीजी 08 एवी 1711 ग्राम मालीघोरी से अज्ञात व्यक्ति द्वारा ले जाकर दमकसा बड़भूम में छोड़ दिया गया था। ट्रक से 280 कट्टा धान चोरी कर लिया गया था। इस संबंध में थाना बालोद में अपराध क्रमांक 28/2026 धारा 316(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

होली पर सूतक का साया, 3 को ग्रहण

- दहन 2 मार्च को लेकिन खेली जाएगी 4 को, क्योंकि 3 को चंद्रग्रहण

रायपुर/नवप्रदेश। इस बार होलिका दहन के अगले दिन होली नहीं खेली जाएगी, बल्कि उसके एक दिन बाद रंगोत्सव होगा। यह स्थिति चंद्रग्रहण के कारण निर्मित हो रही है। फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि अर्थात 2 मार्च को होलिका दहन किया जाएगा। इसके अगले दिन रंग खेलने की परंपरा है, लेकिन चंद्रग्रहण होने के कारण लोग इस दिन रंग नहीं खेल सकेंगे। 3 मार्च को भारतीय समयानुसार चंद्रग्रहण दोपहर 3.20 बजे से लेकर शाम 6.47 बजे तक रहेगा। चूंकि यह चंद्रग्रहण भारत में दिखाई देगा, इसलिए इसका सूतक भारत में मान्य रहेगा।

3 मार्च को ग्रहण : ज्योतिषियों के अनुसार, 3 मार्च को ग्रहण का प्रारंभ दोपहर 3:20 बजे से लेकर शाम 6:47 बजे तक रहेगा।

9 घंटे पूर्व सूतक प्रारंभ

महामाया मंदिर पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि, ऐसे में शास्त्रों के अनुसार, ग्रहण और सूतक काल के दौरान किसी भी प्रकार के मांगलिक कार्य, उत्सव या रंग खेलना वर्जित माना गया है। ऐसे में 3 मार्च के अगले दिन यानी 4 मार्च को रंगोत्सव मनाया जाएगा। ग्रहण प्रारंभ होने के 9 घंटे पूर्व सूतक प्रारंभ हो जाता है।

एसडीओ 25 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में गुरूवार को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जनपद पंचायत पलारी में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान जनपद पंचायत के एसडीओ गोपाल कृष्ण शर्मा को 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। इस घटना से पंचायत महकमे में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार, एसडीओ गोपाल कृष्ण शर्मा ने एक ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गरमा-गरम

एआई इम्पैक्ट समिट | देश के पहले एआई डाटा सेंटर पार्क से डिजिटल नवाचार और उच्च तकनीकी निवेश को मिलेगी नई गति : मुख्यमंत्री साय

भारत मंडपम में छत्तीसगढ़ का स्टॉल बना आकर्षण का केंद्र

- देश के पहले एआई डाटा सेंटर पार्क की दी जा रही जानकारी

रायपुर /नवप्रदेश। भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में छत्तीसगढ़ द्वारा स्थापित स्टॉल देश-विदेश से आए निवेशकों, तकनीकी विशेषज्ञों, उद्योग प्रतिनिधियों और आगंतुकों के लिए प्रमुख आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। छत्तीसगढ़ ड्रिवन बाय इंटेलिजेंस थीम पर आधारित इस स्टॉल में राज्य की उभरती कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) क्षमता, अत्याधुनिक डिजिटल अधोसंरचना और निवेश संभावनाओं को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया जा रहा है। स्टॉल में डिजिटल प्रस्तुति, सूचना पैनल और इंटरैक्टिव माध्यमों के जरिए छत्तीसगढ़ को उभरते टेक्नोलॉजी हब के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जिससे निवेशकों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

विदेशी निवेशकों और तकनीक के लिए आकर्षण बना स्टॉल

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर कहा कि एआई इम्पैक्ट समिट में छत्तीसगढ़ का स्टॉल देश-विदेश के निवेशकों और तकनीकी विशेषज्ञों के लिए आकर्षण का केंद्र बनना प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि नवा रायपुर में देश के पहले एआई डाटा सेंटर पार्क के माध्यम से राज्य को डिजिटल नवाचार, उच्च तकनीकी निवेश और भविष्य की अर्थव्यवस्था का अग्रणी केंद्र बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ा जा रहा है।

नवा रायपुर में बनेगा देश का पहला एआई डाटा सेंटर पार्क

स्टॉल में विशेष रूप से नवा रायपुर में स्थापित किए जा रहे देश के पहले एआई डाटा सेंटर पार्क की जानकारी प्रमुखता से दी जा रही है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना में लगभग 1000 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है तथा इसमें एक लाख तक ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) स्थापित किए जाने की क्षमता विकसित की जाएगी। यह परियोजना देश में एआई आधारित सेवाओं, उच्च क्षमता डाटा प्रोसेसिंग और डिजिटल नवाचार को नई गति प्रदान करते हुए छत्तीसगढ़ को भविष्य की अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में स्थापित करने में सहायक होगी।

रायगढ़ जिले के उत्खनन प्रभावित वनांचल क्षेत्रों की बदलेगी तस्वीर

■ मुख्यमंत्री की मंशानुरूप डीएमएफ मद से आधारभूत संरचनाओं का सुदृढ़ीकरण, कलेक्टर ने किया स्थलीय निरीक्षण

32 करोड़ 12 लाख 21 हजार रुपए की लागत से 14 सड़क निर्माण कार्य प्रगतिरत

रायगढ़/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिला के उत्खनन प्रभावित वनांचल क्षेत्र घरघोड़ा, तमनार, लैलूंगा और धरमजयगढ़ विकासखंड की तस्वीर अब तेजी से बदलने जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप सुदूर एवं आदिवासी बहुल ग्रामों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। सुदूर एवं आदिवासी बहुल ग्रामों को अब मजबूत और टिकाऊ सड़कों से संपर्क जोड़ने जा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप ग्रामीण अंचलों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) मद से 32 करोड़ 12 लाख 21 हजार रुपए की लागत से 14 सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्य प्रगतिरत हैं।

इन परियोजनाओं का लक्ष्य केवल सड़क निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि सुदूर वनांचल क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक विकास को नई गति प्रदान करना है। लंबे समय से कच्चे, उबड़-खाबड़ और बरसात में बाधित होने वाले मार्गों के कारण ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बाजार तक पहुंचने में गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता था। अब इन सड़कों के निर्माण से बारहमासी आवागमन सुनिश्चित हो सकेगा और ग्रामीण जीवन में व्यापक सकारात्मक बदलाव आएगा।

धरमजयगढ़ विकासखंड में सेमीपाली से कोंध्रा, ससकोबा मेन रोड से पाराघाटी, ससकोबा पाराघाटी रोड से बैगापारा तथा ग्राम पंचायत पुसल्दा से चितापाली तक सड़क एवं रिटर्निंग वॉल निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। तमनार विकासखंड में पतरापाली से बरकसपाली, अमलीढोढ़ा पीएमजीएसवाई रोड से समकेरा गौरबहरी, पालीघाट तमनार से जोबरो, टी-10 बरकसपाली से रेगालबहरी तथा कांटाझरिया से सलिहारी तक मार्ग निर्माण कार्य संचालित हैं।

घरघोड़ा क्षेत्र में तुमीडीह से छर्राटांगर, कुडुमकेला से पुरी तथा घरघोड़ा-लैलूंगा मुख्य मार्ग से कुरुंजखोल तक सड़क निर्माण कार्य जारी है। लैलूंगा विकासखंड में गहनाझरिया - सुकवासुपारा से लभनीपारा और खरसिया विकासखंड में खड़गांव से गोड़पार बस्ती तक सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है। इन मार्गों के तैयार होने से दर्जनों गांवों का सीधा संपर्क मुख्य सड़कों से स्थापित होगा और आंतरिक ग्रामीण संपर्क मार्गों को स्थायी मजबूती मिलेगी।

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने पिछले दिनों जिलें के सुदूर वनांचल क्षेत्र तमनार विकासखंड अंतर्गत डीएमएफ मद से स्वीकृत पतरापाली से बरकसपाली मार्ग का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए निर्माण कार्य तकनीकी मानकों के अनुरूप कराने के सख्त निर्देश दिए। सामग्री की गुणवत्ता की नियमित जांच करने तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने कहा कि सड़कों का यह नेटवर्क आदिवासी एवं दूरस्थ ग्रामों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ेगा। विद्यार्थियों को विद्यालय और महाविद्यालय तक पहुंचने में सुविधा होगी, मरीजों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी।

संक्षिप्त खबरें

आईएमए रायगढ़ ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल को दी 100 बेडशीट

रायगढ़ /नवप्रदेश। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आई.एम.ए.) रायगढ़ द्वारा सामाजिक सहयोग कार्यक्रम के अंतर्गत आज स्व.श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, संबद्ध संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ में 100 चादर (बेडशीट) प्रदान की गई।यह सहयोग मरीजों की सुविधा और अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। कार्यक्रम के दौरान मेडिकल कॉलेज रायगढ़ के अधिष्ठाता डॉ.संतोष कुमार ने आई.एम.ए. रायगढ़ की इस सराहनीय पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सामाजिक सहयोग से मरीजों को बेहतर उपचार वातावरण उपलब्ध कराने में सहायता मिलती है। इस अवसर पर आई.एम.ए.रायगढ़ के अध्यक्ष डॉ. प्रभात पटेल, सचिव डॉ. राज कुमार गुप्ता, डॉ.टी.के. साहू, डॉ.एल.सोनी, डॉ.अनिल हरिप्रिया, डॉ.सविता अहिरवाल, डॉ.दिनेश पटेल, डॉ.प्रवीण जांगड़े, डॉ.अखिलेश बेहरा सहित अन्य चिकित्सकगण उपस्थित रहे। आई.एम.ए. रायगढ़ के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था भविष्य में भी समाजहित के ऐसे कार्यों को निरंतर जारी रखेगी, जिससे जरूरतमंद मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

कुरमापाली में पीडीएस दुकान संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित

रायगढ़ / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश के तहत रायगढ़ अनुविभाग अंतर्गत ग्राम पंचायत कुरमापाली में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन के लिए नई एजेंसी नियुक्त की जाएगी।इस संबंध में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रायगढ़ द्वारा इच्छुक सहकारी समितियों, महिला स्व-सहायता समूहों, ग्राम पंचायतों एवं अन्य पात्र उपभोक्ता संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक 10 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय में अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायगढ़ के कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं आवश्यक शर्तों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए आवेदक कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

भुईयां व्हाट्सऐप चैटबॉट से ले सकेंगे घर बैठे राजस्व सेवाओं का लाभ

रायगढ़ / नवप्रदेश। राज्य में डिजिटल गवर्नेंस को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक अभिनव पहल करते हुए भुईयां व्हाट्सऐप चैटबॉट सेवा प्रारंभ की गई है। इस सुविधा का उद्देश्य आम नागरिकों को राजस्व संबंधी सेवाएं सरल, पारदर्शी और त्वरित रूप से उपलब्ध कराना है। अब जमीन से जुड़े कार्यों के लिए नागरिकों को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, बल्कि वे घर बैठे अपने मोबाइल फोन के माध्यम से विभिन्न सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। चैटबॉट सेवा के जरिए नागरिकों को जमीन संबंधी जानकारी, राजस्व न्यायालय से संबंधित विवरण, मोबाइल नंबर जोड़ने की सुविधा, आधार नंबर जोड़ने हेतु ऑनलाइन आवेदन, किसान किताब के लिए आवेदन तथा नामांतरण से जुड़ी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह डिजिटल व्यवस्था पारंपरिक प्रक्रियाओं को सरल बनाते हुए समय और श्रम दोनों की बचत सुनिश्चित करेगी। आम जनता इन सेवाओं का लाभ लेने के लिए व्हाट्सऐप नंबर 72890-56060 पर संदेश भेज सकते हैं। संदेश भेजते ही चैटबॉट स्वचालित रूप से आवश्यक विकल्प उपलब्ध कराएगा और चरणबद्ध तरीके से मार्गदर्शन प्रदान करेगा। नागरिक उन विकल्पों को चुनकर राजस्व संबंधी सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। यह पहल राजस्व प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देगी।

कलेक्ट्रेट परिसर में नई पार्किंग व्यवस्था लागू, छह जोन निर्धारित

रायगढ़ / नवप्रदेश। कलेक्ट्रेट परिसर रायगढ़ में वाहनों की सुव्यवस्थित आवाजाही और आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने नई पार्किंग व्यवस्था लागू की है। अपर कलेक्टर द्वारा जारी आवश्यक सूचना के अनुसार अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दोपहिया और चारपहिया वाहनों के लिए अलग-अलग छह पार्किंग जोन निर्धारित किए गए हैं।जारी निर्देशानुसार सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करें। यदि कोई वाहन निर्धारित स्थान के अतिरिक्त कहीं और खड़ा पाया जाता है तो संबंधित व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा। साथ ही पार्किंग ठेकेदार को भी यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि परिसर में आने वाले सभी वाहन निर्धारित स्थानों पर ही व्यवस्थित रूप से खड़े कराए जाएं। नई व्यवस्था के तहत जिला कोषालय के पीछे पार्किंग 01 में कोषालय, खाद्य, नजरात, एनआईसी, खनिज, सांख्यिकी शाखा के कर्मचारी अपना वाहन रखेंगे। इसी जिला कोषालय के सामने बाउण्ड्री बॉल के पास पार्किंग 02 में शिकायत, राहत-आपदा, डीएमएफ, लोक सेवा केंद्र एवं जनदर्शन शाखा के शासकीय दोपहिया वाहन खड़े किए जाएंगे। पार्किंग निर्मित शेड को पार्किंग 03 के रूप में चिन्हित किया गया है, जहां वित्त शाखा, अधीक्षक, स्टेनो कक्ष, कलेक्टर न्यायालय, अपर कलेक्टर न्यायालय, कैंप कोर्ट तथा कक्ष क्रमांक 26, 27 एवं 28 से संबंधित वाहनों की पार्किंग होगी।

खूंखार तेंदुए का आतंक, झाड़ियों में छिपे तेंदुए अचानक किया हमला

घर में घुसकर तीन बकरियों को बनाया शिकार, रसेला-बेलडीह में दहशत की रातें

छुरा /नवप्रदेश। विकासखंड छुरा के ग्राम रसेला बेलडीह में सोमवार तड़के मौत दबे पांव गांव में घुस आई। एक खूंखार तेंदुए ने रिहायशी बस्ती में प्रवेश कर घर के आंगन में बंधी तीन बकरियों को बेरहमी से मार डाला। घटना के बाद गांव में ऐसा खौफपसरा है कि लोग रात होते ही दरवाजे बंद कर घरों में कैद होने को मजबूर हैं।जानकारी के मुताबिक ग्राम रसेला बेलडीह निवासी रूपसिंह पिता रामलाल भुजिया की तीन बकरियां घर के पास बाड़ी में बंधी थीं।

अंधेरे और सन्नाटे का फायदा उठाकर झाड़ियों में छिपे तेंदुए ने अचानक हमला बोल दिया। ग्रामीणों के अनुसार हमला इतना तेज और खतरनाक था कि बकरियों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। चीख-पुकार सुनकर लोग दौड़े, लेकिन तब तक तेंदुआ अपना शिकार कर जंगल की ओर भाग चुका था।

गांव में पसरा खौफ, बच्चों पर मंडरा रहा खतरा

घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि अब डर सिर्फमवेशियों तक सीमित नहीं है–कहीं अगला निशाना इंसान न बन जाए। शाम ढलते ही गलियां सुनसान हो जा रही हैं। माता-पिता बच्चों को घर से बाहर नहीं निकलने दे रहे।

वन विभाग की कार्रवाई पर सवाल

सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और औपचारिक पंचनामा कार्रवाई शुरू की। विभाग ने नियमानुसार मुआवजा देने की बात कही है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि सिर्फकागजी कार्रवाई से जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होती। यदि तेंदुआ दोबारा गांव में घुस आया तो जिम्मेदारी किसकी होगी?

पिंजरा लगाने और सख्त निगरानी की मांग

ग्रामीणों ने तत्काल पिंजरा लगाने, रात में गश्त बढ़ाने और तेंदुए की निगरानी के लिए विशेष टीम तैनात करने की मांग की है। उनका कहना है कि लगातार बढ़ती वन्य प्राणियों की गतिविधि के बावजूद विभाग की सुस्ती गांववासियों की जान जोखिम में डाल रही है।रसेला बेलडीह की यह घटना सिर्फ तीन बकरियों के शिकार की नहीं, बल्कि गांव की सुरक्षा पर मंडराते गंभीर खतरे की चेतावनी है। यदि समय रहते ठोस और सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो यह आतंक किसी बड़े हादसे में बदल सकता है।

छात्रों को तनाव से मुक्त करने शिक्षकों ने की कार्यशाला

बलौदाबाजार/ नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में उत्पन्न तनाव प्रबंधन पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन जिले के शिक्षकों हेतु किया गया। इसमें दो बैच में कुल 80 शिक्षक शामिल हुए जो आगे विद्यार्थियों को मार्गदर्शन करेंगे।

कार्यशाला में जिला मानसिक रोग शाखा से उपस्थित विशेषज्ञों ने बताया कि परीक्षा के समय बच्चों में तनाव, डर, घबराहट और बेचैनी होना सामान्य बात है,लेकिन सही जानकारी और सही सहयोग से इसे आसानी से संभाला जा सकता है और किसी ख़तरे से बचा जा सकता है। माता -पिता की उम्मीदें, समय प्रबंधन में कमी, पढ़ाई का बोझ, प्रतियोगिता का भय,नींद की कमी, सोशल मीडिया और मोबाइल का ज्यादा उपयोग ये कुछ ऐसे कारण है जिससे छात्रों में परीक्षा के समय तनाव पैदा होता है। अगर छात्र मानसिक तनाव में हैं तो उनमें घबराहट ,सिर दर्द, थकान, नींद न लगना के साथ-साथ, निराशा, उदासी, अकेलापन, चिड़चिड़ापन, पढ़ाई में मन न लगना जैसे लक्षण प्रकट होते हैं। ऐसी स्थिति में विद्यालय के शिक्षकों सहित माता-पिता की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती हैं। ऐसे में शिक्षक बच्चों को प्रेरित करें,डर का माहौल न बनाएं पर खुलकर बात करे। आवश्यकता पड़ने पर मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों की मदद लें।

प्रकाश मोदी दिगंबर जैन धर्म संरक्षण के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर के वस्त्र व्यवसाई राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग एडवाइजरी पैनल के सदस्य, पारस टीवी चैनल के संचालक, प्रकाश मोदी को श्री दिगंबर जैन धर्म संरक्षण महासभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है,उनकी यह नियुक्ति गजराज गंगवाल राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा की गई।इस नियुक्ति के पश्चात प्रकाश मोदी समस्त भारतवर्ष की जैन समाज के तीर्थ क्षेत्र धार्मिक आयोजनों में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे एवं साधु संतों की सेवा का कार्यभार संभालेंगे।

2047 तक भारत बनेगा हर्बल ग्रोथ का इंजन: विकास मरकाम

नगरी/नवप्रदेश। राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड, औषधीय पौधों के संरक्षण, संवर्धन, खेती, विपणन और अनुसंधान के लिए की गई थी। यह बोर्ड गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री सुनिश्चित करने, किसानों के लिए सब्सिडी और औषधीय क्षेत्र के विकास के लिए नीतियां लागू करता है। छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम ने कल जिला धमतरी में बोर्ड के सहयोग से संचालित विभिन्न

योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। अध्यक्ष मरकाम ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप और वन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ शासन के विजन 2047 के अंतर्गत राज्य को भारत का हर्बल ग्रोथ इंजन बनाने के लिए बोर्ड मिशन मोड में कार्य कर रहा है। औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष मरकाम ने निरीक्षण के दौरान नदियों के किनारे खस की खेती, लेमनग्रास और ब्राम्ही की खेती, बाड़ी योजना के अंतर्गत लगाए गए सिंदूरी पौधारोपण सहित अन्य गतिविधियों की समीक्षा की।

कांग्रेस की पहली बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा

धरसीवां / कूंरा/नवप्रदेश। दोंदे मंडल की प्रथम बैठक दोंदेखुर्द पर स्थित महिला भवन में दोंदे मंडल कांग्रेस कमेटी की प्रथम बैठक उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम में पप्पू राजेन्द बंजारे (जिला रायपुर ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष) प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि

संगठन की एकजुटता ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने जोर दिया कि जमीनी स्तर पर सक्रिय रहकर आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाना ही संगठन का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष आशीष वर्मा ने संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी देते हुए मंडल स्तर पर बूथ सशक्तिकरण एवं जनसंपर्क अभियान को और तेज करने का आह्वान किया। दोंदे मंडल अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए आगामी रणनीति प्रस्तुत की और मंडल को सक्रिय एवं मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया।

संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियां होगी आयोजित

महासमुंद/नवप्रदेश। संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत जिले में 30 जनवरी से 14 अप्रैल 2026 तक विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधियां आयोजित किया जा रहा है। इस संपूर्ण अभियान के लिए संबंधित विभाग प्रमुख नोडल अधिकारी होंगे। अभियान के तहत 30 जनवरी को सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा आयोजित कर स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं स्वच्छता संबंधी प्रमुख संकेतकों की पूर्ण जानकारी दी गई। इसी तरह 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कैंसर जांच, टीबी, मलेरिया, एवं एनीमिया जांच, स्वास्थ्य परामर्श एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 11 फरवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सभी स्कूलों में बालिकाओं के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मनरेगा कानून में बदलाव से छग में फिर से पलायन का दौर शुरू हो जाएगा: विधायक उमेश पटेल

मनरेगा बचाओ संग्राम: कांग्रेसियों ने धक्का-मुक्की कर तोड़े बैरिकेडिंग

भीड़ में कुचले जाने से बाल- बाल बचे दो सिपाही

महासमुंद/नवप्रदेश। मनरेगा बचाओ संग्राम तहत आज जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कलेक्टर घेरा किया गया। इस दौरान कांग्रेसियों ने चार सुरक्षा घेरे में से एक लेयर को तोड़ने में कामयाब हुए। इस दौरान एक मानवीय पहलू भी देखने को मिला। भीड़ द्वारा बैरिकेडिंग तोड़ने के दौरान धक्का-मुक्की में दो सिपाही गिर गए और युकां अध्यक्ष ने दोनों सिपाही को कुचलें जाने से बचा लिया। इसके बाद नेताओं ने संशोधित मनरेगा कानून को फिर से बहाल करने की

मांग करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस राजीव भवन में मनरेगा बचाओ संग्राम और कलेक्टर घेराव कार्यक्रम आयोजित किया। कांग्रेस भवन में आयोजित आमसभा में मनरेगा बचाओ संग्राम के राज्य प्रभारी खरसिया विधायक उमेश पटेल, सह राज्य प्रभारी विजय जांगिड़, कांग्रेस जिलाध्यक्ष व विधायक द्वारिकाधीश यादव, सरायपाली विधायक चातुरी नंद, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, बागबाहरा जनपद अध्यक्ष केशव चंद्राकर, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, पूर्व जिलाध्यक्ष रश्मि चंद्राकर, जीव-जंतु उपाध्यक्ष आलोक चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष मोहित ध्रुव मंच पर मौजूद रहे। इस दौरान

विधायक उमेश पटेल ने मंच से कहा कि गरीब मजदूरों के लिए यूपीए के मनमोहन सिंह सरकार में मनरेगा कानून बनाया गया, जिसमें 101 दिन की रोजगार की गारंटी दिया गया था। लेकिन जब से केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार आई है मनरेगा के खिलाफबोलता रहा है। यही नही लगातार 11 साल से मनरेगा के विरोध में हैं। उन्होंने कहा मोदी की सरकार किसान विरोधी सरकार है। यह वही सरकार है जिसने किसानों के लिए तीन काला कानून लाई थी। इस देश की किसानों की एक जुटता के कारण ही तीनों काला कानून को वापस लेने पर मजबूर किया था। पहले मनरेगा के कानून में रोजगार की गारंटी है लेकिन अभी लाया गया कानून में गारंटी को खत्म कर दिया गया।

बैरिकेडिंग तोड़ने के दौरान हंगामा

बैरिकेडिंग तोड़ने और धक्का-मुक्की के दौरान बड़ा हादसा होने से टल गया। कार्यकर्ताओं द्वारा बैरिकेडिंग तोड़ने के दौरान दो सिपाही नीचे गिर गए। इस बीच युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष अध्यक्ष अमन चंद्राकर नीचे गिर पड़े सिपाही के सामने खड़े हो गए और भीड़ से कुचले जाने से बचा लिया। दोनों सिपाही को उठाया। नेताओं और कार्यकर्ता दूसरे सुरक्षा घेरे को तोड़ने की कोशिश करता रहा लेकिन कामयाब नही हुए।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 5000 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी किया जाएगा

■ छत्तीसगढ के हजारों युवाओं को मिलेगा सरकारी नौकरी में अवसर

रायपुर/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सहायक शिक्षक, शिक्षक, व्याख्याता एवं सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के कुल 5000 पदों पर भर्ती का विज्ञापन शीघ्र ही जारी किया जा रहा है। शासन ने परीक्षा आयोजन के लिये छत्तीसगढ़ व्यापम को अधिकृत किया है एवं विभाग द्वारा विज्ञापन जारी करने संबंधी सभी प्रक्रियाओं को पूर्ण कर आवश्यक प्रपत्र व्यापम को उपलब्ध करा दिया गया है। इसके साथ ही सीधी भर्ती 2023 की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है।

छत्तीसगढ़ सरकार स्कूल शिक्षा विभाग में 5,000 से अधिक पदों पर सीधी भर्ती की

प्रक्रिया फरवरी 2026 में शुरू करने जा रही है। इन पदों के लिए चयन व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद, यह भर्ती राज्य के विभिन्न स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए की जा रही है। शिक्षा विभाग के इस फैसले से राज्य भर के सरकारी स्कूलों में टीचरों की कमी को दूर करने में मदद मिलेगी । भर्ती प्रक्रिया के बारे में डिटेल्ड गाइडलाइंस आने वाले दिनों में जारी की जाएगी।

छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती के माध्यम से न केवल हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा, बल्कि शिक्षा व्यवस्था भी मजबूत होगी। खास बात यह है कि इसमें व्याख्याता, शिक्षक, सहायक शिक्षक और प्रयोगशाला सहायक जैसे कई पद शामिल किए जा रहे हैं, जिससे अलग-अलग योग्यता वाले उम्मीदवारों को अवसर मिलेगा।

ज्ञातव्य है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षक सीधी भर्ती 2023 अंतर्गत सहायक शिक्षक पद के पांचवें चरण की भर्ती प्रक्रिया में माननीय न्यायालय के निर्देशानुसार सेवा समाप्त किये गये 2621 बी.एड. अर्हताधारियों के स्थापन पर डी.एड. अर्हताधारियों अभ्यर्थियों को नियुक्ति का अवसर प्रदान किया गया है।

न्यूज गैलरी

घर-घर पहुँच रहा पानी, बदली ठरकपुर की कहानी

मुंगेली/नवप्रदेश। जल जीवन मिशन से मुंगेली जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर ग्राम ठरकपुर में हर घर नल, हर घर जल का सपना साकार हुआ है। मिशन के अंतर्गत ठरकपुर में पाइपलाइन बिछाकर प्रत्येक घर को नल

कनेक्शन प्रदान किया गया है। इसके बाद से गांव में न केवल पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है, बल्कि पानी की गुणवत्ता और नियमितता भी बेहतर हुई है। अब गांव के हर घर में स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। इसने ठरकपुर की कहानी बदल गई है। कभी पेयजल संकट से जूझने वाले ठरकपुर की तस्वीर आज पूरी तरह बदल चुकी है। एक समय था जब पानी के लिए हैंडपंपों पर लंबी कतारें, मटकों और बाल्टियों के साथ ग्रामीणों की भीड़ तथा गर्मी के दिनों में गांव में जल संकट होता था। पहले पूरा गांव पेयजल के लिए 8 हैंडपंपों के भरोसे था। गर्मियों में जलस्तर गिरने से ये हैंडपंप अक्सर जवाब दे जाते थे, जिससे ग्रामीणों विशेषकर महिलाओं को दूर-दराज के जल स्रोतों से पानी लाने मजबूर होना पड़ता था। ठरकपुर की श्रीमती गंगा यादव बताती हैं कि पहले छोटे बच्चों को घर पर छोड़कर दूर हैंडपंप से पानी लाना पड़ता था। गर्मी में बहुत परेशानी होती थी। अब घर में नल लग गया है, भरपूर पानी मिल रहा है और जीवन आसान हो गया है। नल जल योजना से महिलाओं की मेहनत और समय की बचत हो रही है, जिसे अब वे परिवार, बच्चों की देखभाल और अन्य रचनात्मक कार्यों में लगा पा रही हैं, इससे वहां की महिलाओं के चेहरे में मुस्कान आई है। ठरकपुर में जल जीवन मिशन केवल पानी की व्यवस्था नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, सुविधा और सम्मान का माध्यम बनकर आया है। स्वच्छ जल से बीमारियों में कमी आई है और ग्रामीणों का जीवन स्तर बेहतर हुआ है।

मुद्रा लोन से पिंकी बनी आत्मनिर्भर

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में जशपुर जिले के मनोरा विकासखंड की ग्राम पंचायत मनोरा की रहने वाली श्रीमती पिंकी सोनी बिहान योजना अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ी हुई हैं। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें शासन की योजनाओं

की जानकारी मिली और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाने का अवसर प्राप्त हुआ। पिंकी ने अपने किराना व्यवसाय को आगे बढ़ाने का सपना देखा। इस सपने को साकार करने के लिए उन्होंने पीएम मुद्रा लोन के तहत 70 हजार रुपये का स्वयंसिद्धा लोन लिया और अपनी दुकान का विस्तार किया। दुकान बड़ी होने से न केवल उनकी आय बढ़ी, बल्कि ग्राहकों का विश्वास और पहुँच भी मजबूत हुई। पिंकी सोनी कहती हैं –समूह से जुड़ने के बाद मेरे जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं की जानकारी मिली और आत्मनिर्भर बनने का आत्मविश्वास भी हासिल हुआ। आज पिंकी अपने परिवार की मजबूत आर्थिक सहारा बनी हैं। उनकी मेहनत और बिहान योजना से मिली मदद ने उन्हें आत्मनिर्भरता का मार्ग दिखाया है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद भी दिया हैं।

उच्च शिक्षा विभाग में प्रयोगशाला तकनीशियनों की नियुक्ति

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत प्रयोगशाला तकनीशियन के 260 पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करते हुए चयनित अभ्यर्थियों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। परीक्षा का आयोजन व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा किया गया था। दावा-आपत्ति के निराकरण के बाद उच्च शिक्षा संचालनालय, नवा रायपुर अटल नगर द्वारा अंतिम चयन एवं अनुपूरक सूची का प्रकाशन किया गया।जारी आदेश के अनुसार, अंतिम चयन सूची से पदस्थापना हेतु आयोजित काउंसिलिंग में अनुपस्थित रहने वाले 14 अभ्यर्थियों, लिखित रूप से त्यागपत्र देने वाले 4 अभ्यर्थियों तथा निर्धारित समय में कार्यभार ग्रहण नहीं करने वाले 10 अभ्यर्थियों के स्थान पर अनुपूरक सूची से 24 अभ्यर्थियों को अवसर प्रदान किया गया। वहीं 2 अभ्यर्थी काउंसिलिंग में अनुपस्थित रहे तथा भूतपूर्व सैनिक और दिव्यांग श्रेणी के 1-1 पद उपयुक्त अभ्यर्थी नहीं मिलने के कारण रिक्त रखे गए हैं। इन पदों में चयनित अभ्यर्थियों को मैट्रिक्स लेवल-6 (25300-80500) वेतनमान में अस्थायी रूप से नियुक्त किया गया है। उन्हें तीन वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर संबंधित शासकीय महाविद्यालयों में पदस्थ किया गया है। जारी आदेश के अनुसार धीरज प्रजापति को बेरला बेमेतरा,गितेश अग्रवाल को जशपुर,निकिता दुबे को किरंदुल दंतेवाड़ा,उमा शंकर पाण्डेय को रामानुजगंज बलरामपुर-रामानुजगंज, प्रह्लाद को छुरा गरियाबंद,अदिति सिंह को रामचंद्र बलरामपुर-रामानुजगंज अनिल साहू को गरियाबंद,सोमनाथ यादव को गंडई खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, लक्ष्मी साहू को चांदनी बिहारपुर सूरजपुर,सुधा यादव को छुरिया राजनांदगांव,प्रतिम सिंह को सनावल बलरामपुर-रामानुजगंज,सहदेव सिंह मरावी को मानपुर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, नरेश कुमार को तोकापाल बस्तर,बादल कुजुर को मैनपुर और नारायण लाल तारक को कोंटा सुकमा जिले के शासकीय महाविद्यालय में पदस्थापना की गई है।

गिधवा टैंक में पहली बार जलपक्षी मल्लार्ड बत्तख का हुआ आगमन

छत्तीसगढ़ की पारिस्थितिक महत्वता को करता है उजागर

मल्लार्ड का यह आगमन न केवल क्षेत्र की प्राकृतिक समृद्धि को दर्शाता है, बल्कि छत्तीसगढ़ की पारिस्थितिक महत्वता को भी उजागर करता है। यह कहानी बताती है कि जब संरक्षण और संवर्धन के प्रयास लगातार किए जाते हैं, तो प्रकृति भी सकारात्मक परिणाम देती है।

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध पक्षी विहार क्षेत्र गिधवा टैंक में इस वर्ष अक्टूबर 2025 में एक खास प्रवासी मेहमान ने दस्तक दी। यह मेहमान है सुंदर और आकर्षक जलपक्षी मल्लार्ड बत्तख, जिसने पहली बार यहां अपना आगमन दर्ज कराया।

लंबी प्रवासी यात्रा पूरी कर आई यह मल्लार्ड गिधवा टैंक के शांत और स्वच्छ वातावरण में सहज रूप से बस गई। यहां उपलब्ध सुरक्षित आवास, भरपूर जल और प्राकृतिक भोजन ने उसे रुकने के लिए अनुकूल माहौल दिया। धीरे-धीरे वह अन्य स्थानीय और प्रवासी पक्षियों के साथ घुल-मिल गई और क्षेत्र का हिस्सा बन गई।

गिधवा टैंक अपनी समृद्ध जैव-विविधता और पक्षी प्रेमियों के लिए विशेष पहचान रखता है। मल्लार्ड के आगमन से यह क्षेत्र और भी आकर्षण का केंद्र बन गया है। पक्षी प्रेमी और प्रकृति पर्यवेक्षक इस दुर्लभ अतिथि को देखने और उसके व्यवहार का अध्ययन करने के लिए उत्साहित हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि राज्य में जलाशयों के संरक्षण, स्वच्छता और पर्यावरण सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयास सफल हो रहे हैं। सुरक्षित और अनुकूल वातावरण मिलने पर प्रवासी पक्षी यहां रुकना पसंद कर रहे हैं। स्थानीय प्रशासन और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभागों द्वारा निरंतर संरक्षण कार्य, जनजागरूकता और प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर प्रबंधन के कारण गिधवा टैंक आज प्रवासी पक्षियों के लिए सुरक्षित आश्रय बन चुका है।

टसर कृमिपालन योजना ने बदली ध्रुव कुमार की तकदीर

पक्का घर, नई मोटरसायकल और बच्चों की बेहतर शिक्षा–कोसा कृमिपालन से आई खुशहाली

रायपुर/नवप्रदेश। सारंगढ-बिलाईगढ़ जिले के बरमकेला विकासखंड के ग्राम सण्डा के निवासी ध्रुव कुमार की कहानी आज ग्रामीण आत्मनिर्भरता की प्रेरक मिसाल बन गई है। कभी रोजगार के अभाव में गांव छोड़कर मजदूरी करने को मजबूर रहने वाले ध्रुव कुमार ने रेशम विभाग की टसर कृमिपालन योजना से जुड़कर अपनी जीवन दिशा ही बदल दी। पहले सीमित और अनिश्चित मजदूरी से परिवार का पालन-पोषण करना कठिन था। लेकिन परिस्थितियों के आगे हार मानने के बजाय ध्रुव कुमार ने अतिरिक्त आय के साधन की तलाश की और रेशम प्रभाग की टसर कृमिपालन योजना से जुड़ गए। टसर कोसाफल के उत्पादन और विक्रय से उन्हें नियमित और बेहतर आमदनी मिलने लगी। इसका परिणाम यह हुआ कि अब उनके परिवार के किसी भी सदस्य को मजदूरी के लिए गांव छोड़कर बाहर नहीं जाना पड़ता। पिछले तीन वर्षों में उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2022-23 में 1,19,340 रुपये, वर्ष 2023-24 में 1,27,731 रुपये, वर्ष 2024-25 में 3,21,058 रुपये तथा वर्ष 2025-26 में अब तक 1,73,320 रुपये की आय अर्जित कर चुके हैं। इस आय से उन्होंने अपना कच्चा मकान पक्का कराया और दैनिक उपयोग के लिए नई मोटरसायकल भी खरीदी। टसर कृमिपालन से प्राप्त आय को ध्रुव कुमार अपने कृषि कार्य में भी निवेश कर रहे हैं, जिससे उन्हें अतिरिक्त लाभ मिल रहा है। आज उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ है और वे अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करा पा रहे हैं। कम लागत में अधिक लाभ देने वाली टसर कृमिपालन योजना ने न केवल ध्रुव कुमार को आत्मनिर्भर बनाया है, बल्कि उन्हें पलायन से मुक्ति दिलाकर सम्मानजनक जीवन भी प्रदान किया है।

राज्यपाल ने शिवाजी की जयंती पर किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन किया। उन्होंने समस्त देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने आज रायपुर के तात्यापारा में शिवाजी की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन और माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। राज्यपाल डेका ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने सीमित संसाधनों के बावजूद अदम्य साहस, दूरदृष्टि और संगठन क्षमता के बल पर एक सुदृढ़ एवं लोककल्याणकारी राज्य की स्थापना की। उनका प्रशासनिक ढांचा न्याय, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व पर आधारित था।

तिलोकचंद बरड़िया दंपति ने परिवारजनों एवं कर्मचारियों संग मनाई 47वीं वैवाहिक वर्षगांठ

रायपुर/नवप्रदेश। आज दिनांक 19 फरवरी 2026 को प्रतिष्ठित उद्यमी, समाजसेवी एवं एटी ग्रुप के संस्थापक श्री तिलोकचंद बरड़िया एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मंजुलता बरड़िया ने अपनी 47वीं वैवाहिक वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई। यह विशेष अवसर परिवारजनों, एटी ज्वेलर्स के स्टाफ एवं कार्यालय के सभी सहयोगियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

19 फरवरी 1979 को विवाह सूत्र में बंधे इस दंपति ने दशकों की इस यात्रा में प्रेम, विश्वास और परस्पर सम्मान की मिसाल पेश की है। श्रीमती मंजुलता बरड़िया का स्नेहिल सहयोग और प्रेरणा श्री बरड़िया के जीवन में हर कदम पर सहायक सिद्ध हुआ है। इस अवसर पर श्री बरड़िया ने कहा, ÷परिवार ही जीवन की नींव है और पत्नी का साथ हर सफलता का आधार। इन 47 वर्षों में उनके स्नेह, त्याग और सहयोग ने मुझे हर मुश्किल को पार करने की शक्ति दी।

डीएड अभ्यर्थियों का 57वें दिन भी प्रदर्शन जारी

■ कई अभ्यर्थियों की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में सहायक शिक्षक के 2300 रिक्त पदों पर नियुक्ति पत्र जारी करने की मांग को लेकर डीएड अभ्यर्थियों का धरना लगातार 57वें दिन भी जारी है। अभ्यर्थी 24 दिसंबर 2025 से तूता धरना स्थल पर आमरण अनशन पर बैठे हैं। लंबे समय से जारी प्रदर्शन के कारण कई अभ्यर्थियों की तबीयत बिगड़ गई है। कुछ को उपचार के लिए

अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सहायक शिक्षक भर्ती 2023 की प्रक्रिया पूर्ण होने के बावजूद अब तक नियुक्ति पत्र जारी नहीं किए गए हैं। अपनी मांग को लेकर अभ्यर्थी नया रायपुर स्थित स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के बंगले का घेराव भी कर चुके हैं। इससे पहले भी वे इसी तरह विरोध जता चुके हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि लगभग 2300 पद खाली पड़े हैं।

सरकार पर आदेश की अवहेलना का आरोप

अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया है कि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय और भारत का सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं की जा रही है। उनका कहना है कि उच्च न्यायालय ने रिक्त पदों को दो माह के भीतर भरने के निर्देश दिए थे, लेकिन अब तक अमल नहीं हुआ।

केलो परियोजना की वितरक नहरों के लिए 6.04 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा रायगढ़ जिले के विकासखण्ड पुसौर के अंतर्गत केलो परियोजना की दो वितरक नहरों के कार्यों के लिए 6 करोड़ 4 लाख 45 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। स्वीकृत कार्यों के टेंगापाली वितरक नहर के आर.डी. 600 मीटर से 1200 मीटर तक सीमेंट कांक्रीट लाईनिंग कार्य के लिए 3 करोड़ 67 लाख 87 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के प्रस्तावित कार्यों के पूरा हो जाने पर रूपांकित सिंचाई क्षेत्र 885 हेक्टेयर में 261 हेक्टेयर की हो रही कमी की पूर्ति सहित पूर्ण रूपांकित क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। केलो परियोजना की शारदा वितरक नहर के आर.डी. 5000 मीटर से 8340 मीटर तक सीमेंट कांक्रीट लाईनिंग कार्य हेतु दो करोड़ 36 लाख 58 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के अंतर्गत रूपांकित सिंचाई क्षेत्र 1267 हेक्टेयर में किसानों को सिंचाई सुविधा मिलेगी।

खरीफविपणन वर्ष 2025-26: बैंक खातों में एकमुश्त मिलने से किसानों के चेहरे पर आएगी रौनक

होली से पहले प्रदेश के किसानों को मिलेगी अंतर राशि

■ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के किसान हितैषी निर्णय से किसानों में उत्साह

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से अंतर राशि का भुगतान होली पर्व से पूर्व एकमुश्त किए जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। मंत्रिपरिषद की बैठक में लिए गए इस निर्णय से प्रदेश भर के किसानों में उत्साह और हर्ष व्याप्त है।

किसानों को मिलेगी बड़ी आर्थिक राहत

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के इस किसान हितैषी निर्णय का स्वागत करते हुए सरगुजा जिले के लखनपुर विकासखंड के ग्राम कोसंगा के किसान पहरूराम ने हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष उन्होंने लगभग 72 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर बेचा है, जिसकी राशि उन्हें प्राप्त हो चुकी है। अब अंतर की राशि होली से पहले मिलने की घोषणा से वे अत्यंत खुश हैं। उन्होंने कहा कि होली के बाद विवाह-शादी का सीजन प्रारंभ हो जाएगा, ऐसे में यह राशि पारिवारिक आवश्यकताओं और सामाजिक दायित्वों के कार्य में सहायक होगी। श्री पहरूराम ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय किसानों के हित में अत्यंत सराहनीय है और इससे किसानों में उत्साह का माहौल है।

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत, प्रदेश भर में किसानों को इस निर्णय का सीधा लाभ मिलेगा। सरगुजा जिले में 52,553 किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया है, उन्हें अब अंतर की राशि उनके बैंक खातों में एकमुश्त प्राप्त होने से किसानों के चेहरे पर खुशी एवं रौनक आयेगी।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के किसान हितैषी निर्णय से अन्नदाताओं को उनके पसीने की पूरी कीमत मिलेगी और उनके जीवन स्तर में सुधार होगा। होली से पहले अंतर राशि का भुगतान होने से न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, साथ ही स्थानीय बाजारों में रौनक बढ़ेगी।

न्यूट्रिशन फ्लो तकनीक को बढ़ावा देने विशेष बैठक आयोजित

रायपुर/नवप्रदेश। वन मंत्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम द्वारा न्यूट्रिशन फ्लो तकनीक के प्रभावी उपयोग और भविष्य की रणनीति तय करने के लिए एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य नर्सरियों में पौधों के उत्पादन, प्रबंधन और वन रोपण कार्यों में आधुनिक तकनीक अपनाकर गुणवत्ता और उत्पादकता बढ़ाना था। बैठक में विशेषज्ञों ने बताया कि न्यूट्रिशन फ्लो तकनीक के माध्यम से पौधों को संतुलित पोषक तत्व नियंत्रित तरीके से दिए जा सकते हैं।

सुविचार

बचपन में गांव से शहर जाने में खुशी मिलती थी अब शहर से गांव जाने में खुशी मिलती है - अज्ञात

एआई समिट एक बड़ी उपलब्धि

देश की राजधानी नई दिल्ली में दुनिया के पहले एआई समिट का सफल आयोजनन भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इस समिट को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ठीक ही कहा है कि एआई की कमांड हमें अपने हाथों में रखनी होगी और इसे सही दिशा देनी होगी। वास्तव में एआई एक नई टैक्नोलॉजी है जिसका मानव कल्याण के हित में सदुउपयोग करके इसे विकास का नया मॉडल बनाया जा सकता है और कृषि क्षेत्र के अलावा कौशल विकास के क्षेत्र में भी विकास के नये आयाम स्थापित किये जा सकते हैं। इससे आम नागरिकों की रोजमर्रा की जरूरतों को भी और बेहतर ढंग से पूरा किया जा सकता है। भारतीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उम्मीद जाहिर की है कि आगामी दो वर्षों में भारत के एआई क्षेत्र में दो सौ अरब डॉलर से भी अधिक का निवेश हो सकता है और इसके जरिए रोजगार के नए अवसर खुल सकते हैं। भारत अभी भी दुनिया के तीन सबसे बड़े एआई देशों में एक है और इसके सर्वोच्च स्थान पर पहुंचने की असीम संभावनाएं हैं। भारत दुनिया का सबसे युवा आबादी वाला देश है और हमारे युवाओं में कुछ नया करने की प्रतिभा तथा क्षमता है। बस उसे समुचित अवसर उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। भारत में आयोजित एआई समिट से आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स के क्षेत्र में युवाओं को नया अवसर मिलेगा और उनकी प्रतिभा का सही उपयोग हो पाएगा। इसी एआई समिट में गलगोटिया युनिर्वसीटी में चीनी रोबो डॉग को अपनी युनिर्वसीटी का इजाद बताते हुए भारत को जगहसाई का पात्र बना दिया जिसकी वजह से एआई समिट के उजले दामन पर दाग लग गया। गलगोटिया युनिर्वसीटी में हालांकि बाद में यह सफाई दी है कि उसने चायनिज रोबो डॉग को अपनी यूनिवर्सीटी की इजाद नहीं बताया था लेकिन तब तक सांप निकल चुका था और बाद में लकीर पिटने का कोई फायदा नहीं हुआ। सरकार ने भी गलगोटिया यूनिवर्सीटी को तत्काल प्रभाव से एआई समिट से खदेड़ दिया लेकिन उसने जो कृत्य किया है उसके लिए कायदे से तो उस यूनिवर्सीटी की मान्यता ही रद्द की जानी चाहिए। गौरतलब है कि देश में गलगोटिया यूनिवर्सीटी की तरह ही और भी कई नीजि विश्वविद्यालय कुकुरमुत्तों की तरह उगते जा रहे हैं। जहां सिर्फ छात्रों को उज्जवल भविष्य के सपने दिखाकर उन्हें दोनों हाथों से लूटा जाता है। यही नहीं बल्कि वे सरकार से भी मनमाना ग्रांट हासिल कर लेते हैं ऐसी तमाम संदिग्ध यूनिवर्सीटियों के कामकाज की समीक्षा की जानी चाहिए ताकि भविष्य में गलगोटिया यूनिवर्सीटी की तरह कोई अन्य यूनिवर्सीटीइस तरह का फर्जीवाडा करने का दुहसाहस न करे। यदि हम भारत को विश्व गुरू बनाना चाहते हैं तो यह निहायत जरूरी है कि बच्चों को उच्च शिक्षा देने वाले संस्थान उत्कृष्ट हों। आज तो स्थिति यह है कि जेएनयू और डीयू जैसे सरकारी शिक्षण संस्थान भी राजनीतिक का अखाड़ा बन गये हैं जब तक इनमें सुधार नहीं होगा तब तक उच्च शिक्षा की गुणवत्ता भी बेहतर नहीं हो पाएगी।

हेट स्पीच पर सुप्रीम कोर्ट की नसीहत

देश केबड़बोले नेताओं के विवादास्पद भाषणों को लेकर एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी की है और हेट स्पीच को लेकर ऐसे नेताओं को नसीहत दी है गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की गई थी। जिसमें नेताओं और मीडिया के लिए गाइडलाइन बनाने की मांग की गई थी और कहा गया था कि कुछ नेताओं के विवादास्पद भाषण आपसी भाईचारे को तथा संवैधानिक मूल्यों को प्रभातिव करते हैं। इन याचिकाकर्ताओं की ओर से कपिल सिब्बल ने अपनी बात रखी थी और उन्होंने दलील दी थी कि देश में महौल जहरीला होता जा रहा है इस पर सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को सलाह दी है कि वे नई याचिका दाखिल करें। मौजूदा याचिका तो एक खास राजनीतिक दल के कुछ चुनिंदा नेताओं के खिलाफ ही लगती है इसलिए इसे खारिज किया जाता है। यदि याचिकाकर्ता निष्पक्ष याचिका दाखिल करेंगे तो उस पर सुप्रीम कोर्ट सुनपवाई जरूर करेगा। गौरतलब है कि इसके पहले भी कई बार सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच को लेकर संबंधित लोगों को कड़ी फटकार लगाई थी लेकिन बयानवीर नेता बोलवचन करने से बाज नहीं आते और जब तब विवादास्पद बयानबाजी करते ही रहते हैं। खासतौर पर जब कहीं भी चुनाव होने वाले होते हैं तब ऐसे बयानवीर नेता विवादास्पद बयानबाजी शुरू कर देते हैं। इस पर सभी राजनीतिक पार्टियों में ऐसे बड़बोले नेताओं की कमी नहीं है। इनकी जुबान पर रोक लगना जरूरी है।

साहित्य-पत्रकारिता जगत के छत्रपति पद्मश्री पं. श्याम लाल चतुर्वेदी

विजय मिश्रा

कलम- किला और कलाओं का गढ़ है छत्तीसगढ़। छत्तीसगढ़ की इस विशेष पहचान को आदि से अनादी अक्षुण्ण बनाए रखने में साहित्यकारों ,पत्रकारों, और कलाकारों की भूमिका सर्वोपरि - सर्वश्रेष्ठ है। इस वर्ग विशेष के भीतर निहित कुछ खास करने की ज़िद्द ने ही छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय- अंतरराष्ट्रीय क्षितिज पर गौरवान्वित किया है। ऐसे ही महान शख्सियत में से एक हैं पंडित श्याम लाल चतुर्वेदी। साहित्य- समाज और पत्रकारिता के महानायक चतुर्वेदी बाबूजी को छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग के प्रथम अध्यक्ष होने का, छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से दे साहित्य जगत का सर्वोच्च अलंकरण पं सुंदरलाल शर्मा सम्मान तथा भारत सरकार के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्मश्री से अलंकृत होने का गौरव प्राप्त हुआ। इसके बावजूद उनके भीतर कभी भी अहम- अहंकार को लेश मात्र जगह नहीं मिली।

वे बहुमुखी प्रतिभा की खान रहे हैं। फर्श से अर्श तक तक पहुंचने का एकमात्र जरिया सतत परिश्रम और अटूट संकल्प को उन्होंने अपने जीवन में बखूबी प्रदर्शित किया। ऐसी विभूतियों के लिए ही जन जन के मन में प्रस्फुटित होती है मजरूह सुल्तानपुरी जी की ए पंक्तियां ÷रहें न रहें हम महका करेंगे, बाग-ए- वफा में "। अपने सुकर्मो के बूते वे छत्तीसगढ़ की धरा पर अजर -अमर बने रहेंगे।

प्रगति पथ पर अंकित उनके अमिट पदचिन्ह नवागत पीढ़ियों को अनवरत आगे बढ़ने के लिए मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे। इतिहास साक्षी है कि ऐसे लोग ज्यादातर सामान्य परिवारों में,बेहद सामान्य परिस्थितियों में जन्म लेते हैं, किंतु अपनी प्रतिभा- परिश्रम के बलबूते आम से खास बन जाते हैं। बाबूजी आज अगर होते तो शतायु पूरी कर रहे होते, लेकिन उनकी लिखी हुई कविताएं, उनकी कही हुई बातें, उनका दिया हुआ आशीर्वाद छत्तीसगढ़ियों के लिए बहुमूल्य धरोहर है।

परम श्रद्धेय बाबूजी जी से मेरी पहली मुलाकात दुर्ग जिला के निकट स्थित ग्राम बघेरा में दाऊ रामचंद्र देशमुख जी के निवास पर हुई थी।एक लोकरंग कर्मी होने के नाते कला ऋषि देशमुख जी की निकटता का सुख मुझे प्राप्त था। उनके द्वारा सृजित लोकनाट्य कारी में सरपंच और सूत्रधार की भूमिका का निर्वहन मैं किया करता था।साथ ही उनके मार्गदर्शन में निर्मित लोक सांस्कृतिक मंच 'अनुराग धारा' में उद्घोषक बतौर सम्बद्ध रहा हूं। अतः उनके यहां मैं प्रायः आता जाता था।एक दिन (1983-84) पं श्यामलाल जी बघेरा आए हुए थे। तभी दाऊ जी ने मेरा परिचय उनसे यह कहते हुए करवाया- ए विजय हैं । कारी नाटक के संरपच हैं। उस दिन की पहली ही मुलाकात में वे मुझे भा गए थे। मैं उन्हें भा गया गया था। चरण वंदन करने पर बाबूजी ने कहा- विजय बाबू ,विजयी भव। उस पल मेरे चेहरे की उदासी की लकीर को वे पढ़ लिए थे। तब उन्होंने कहा- युवा रंगकर्मी के चेहरे पर उदासी का रंग अच्छा नहीं लगता। तब दाऊ जी ने उन्हें बताया कि वर्तमान में बेरोजगारी का दंश विजय झेल रहा है। इसलिए वह चिंतित दिखाई देता है।

इस पर बाबूजी श्यामलाल चतुर्वेदी जी ने मेरे कंधे पर हाथ रखते हुए कहा - विजय बाबू,मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।मन ल पोठ करके जीबे त दुनिया ल आज नहीं त कालि जीत लेबे। मोर आत्मा ले अवाज आवत हे कि तोर काम अउ नाम के डंका खच्चित बाजही। इतना कहने के बाद वे खिलखिला कर हंस पड़े।उनके साथ मैं भी हंस पड़ा था। बदलते हुए वक्त के साथ ही उनकी कही हुई बातें मेरी जिंदगी में खरी उतरती चली गईं। उनकी प्रेरणास्पद बाते ÷जो चाहते हो अपने हाथों से लिख लो ÷ को जेहन में रखे हुए बिना टूटे, बिना झुके मैं कुछ कर गुजरने की चाहत में आगे बढ़ता चला गया। पहले मुझे शिक्षक के पद पर और फिर आगे मध्य प्रदेश विद्युत मंडल जबलपुर में जनसंपर्क अधिकारी के शीर्ष पद पर नियुक्ति मिली। उन दिनों को याद करते हुए मुझे लगता है कि लॉटरी सिर्फ पैसा इनाम मिले तभी नहीं लगती बल्कि किसी अच्छे इंसान का सानिध्य मिल जाना ,एक बेरोजगार को मनपसंद नौकरी का मिल जाना भी लॉटरी से कम नहीं ।

मुझे स्मरण है बिलासपुर के स्टेडियम में लोकनाट्य कारी का मंचन होना था। तब नाटक के ब्रोशर हेतु साहित्य सामग्रियां लेकर बाबूजी के घर तिलकनगर पहली बार गया था। उस वक्त मैंने देखा कि घर आए आगंतुक की आवभगत सादगीपूर्ण,रहन सहन माहौल में कैसे आत्मीयता से की जाती है। घर में सुख- शांति सहित नवसृजन के गुड़ मंत्रों की सीख भी मुझे मिली थी।बाबूजी की एक बड़ी खासियत से मैं बेहद प्रभावित रहा वे दिल- दिमाग और जुबान पर एक ही बात, एक ही विचार रखते थे। चापलूसी ,छल- कपट, भेदभाव से कोसों दूर बाबूजी की सादगी- सत्यता उन्हें हर जगह मान- सम्मान दिलाती रही है। हालांकि आज भी लगता है कि वे जितने काबिल थे उसकी तुलना में छत्तीसगढ़ ने उन्हें कम ही दिया है।

संस्मरण- 20 फरवरी जन्म दिवस विशेष

चतुर्वेदी जी की जिंदगी की मजेदार बातें

- पांचवी से लेकर एम ए तक की पढ़ाई उन्होंने प्राइवेट परीक्षार्थी के रूप में पुरी की।
- 50 वर्ष की उम्र में जब वे एय ए की परीक्षा दे रहे थे, तो रवि शंकर विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में शामिल खुद की रचना पर परीक्षा में पूछे गए सवाल का उत्तर लिखे थे।
- 1955 में उनकी गिनती बड़े-बड़े पत्रकारों में होती थी, जबकि वे केवल पांचवी पास थे।कर्मवीर, नवभारत टाइम्स, जनसत्ता,हिंदुस्तान समाचार एजेंसी के संवाददाता रहे।
- 1967 में अपनी जन्म भूमि ग्राम कोटमी सोनार के वे निर्विरोध सरपंच बने।तब मध्य प्रदेश सरकार की ओर से आदर्श गांव का पुरस्कार कोटमी सोनार को मिला था।

अंत में उनकी जीवन शैली को नमन करते हुए मेरी कलम कहती है- नमक चाटने से हड्डियां गल जाती हैं, तलवे चाटने से जमीर। तलवे चाटते नहीं, तलवे घिसते हैं।कलम घिसते हैं।वे ही बनते हैं कबीर।

भारत- फ्रांस संबंधों का नया अध्याय

रवि कुमार माँझी

फरवरी 2026 में भारत और फ्राँस ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को 'विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी' तक पहुँचाकर यह स्पष्ट कर दिया कि बदलती अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में दोनों देश दीर्घकालिक सामरिक सहयोग के लिये तैयार हैं। यह उन्नयन केवल एक औपचारिक घोषणा नहीं, बल्कि रक्षा, उन्नत प्रौद्योगिकी, स्वच्छ ऊर्जा, समुद्री सुरक्षा और वैश्विक शासन में साझा दृष्टि का परिणाम है। 25 वर्षों से विकसित विश्वास अब 'होराइज़न 2047' के तहत संस्थागत रूप ले रहा है। राफेल-मरीन लड़ाकू विमानों के अनुबंध को अंतिम रूप मिलना इस यात्रा की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि रही। इसके साथ ही भारत में हेलीकॉप्टर असेंबली लाइन की स्थापना यह संकेत देती है कि सहयोग अब खरीदार-विक्रेता संबंध से आगे बढ़कर सह-उत्पादन की दिशा में है।

फरवरी 2026 में भारत और फ्राँस ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को 'विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी' तक पहुँचाकर यह स्पष्ट कर दिया कि बदलती अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में दोनों देश दीर्घकालिक सामरिक सहयोग के लिये तैयार हैं। यह उन्नयन केवल एक औपचारिक घोषणा नहीं, बल्कि रक्षा, उन्नत प्रौद्योगिकी, स्वच्छ ऊर्जा, समुद्री सुरक्षा और वैश्विक शासन में साझा दृष्टि का परिणाम है। 25 वर्षों से विकसित विश्वास अब 'होराइज़न 2047' के तहत संस्थागत रूप ले रहा है।

रक्षा सहयोग: भरोसे से सह-निर्माण तक

राफेल-मरीन लड़ाकू विमानों के अनुबंध को अंतिम रूप मिलना इस यात्रा की सबसे महत्त्वपूर्ण उपलब्धि रही। इसके साथ ही भारत में हेलीकॉप्टर असेंबली लाइन की स्थापना यह संकेत देती है कि सहयोग अब खरीदार-विक्रेता संबंध से आगे बढ़कर सह-उत्पादन की दिशा में है। फ्राँस उन चुनिंदा देशों में है जो भारत के साथ संवेदनशील रक्षा प्रौद्योगिकी साझा करने को तैयार रहते हैं। इससे न केवल भारत की आत्मनिर्भरता को बल मिलेगा, बल्कि दीर्घकालिक औद्योगिक क्षमता भी विकसित होगी।

परमाणु ऊर्जा और स्वच्छ विकास

जैतापुर परियोजना और छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों पर सहयोग भारत की ऊर्जा सुरक्षा और जलवायु प्रतिबद्धताओं दोनों के लिये महत्त्वपूर्ण है। यदि यह सहयोग समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ता है, तो भारत के स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण में परमाणु ऊर्जा की भूमिका बढ़ेगी और उच्च प्रौद्योगिकी विनिर्माण को भी गति मिलेगी।

अंतरिक्ष और कृत्रिम बुद्धिमत्ता: भविष्य की साझेदारी

अंतरिक्ष अनुसंधान में संयुक्त उपग्रह मिशन और रणनीतिक संवाद दोनों देशों के वैज्ञानिक सहयोग को नई दिशा दे रहे हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल विज्ञान और उन्नत सामग्री पर स्थापित नए संस्थागत ढाँचे इस बात का संकेत हैं कि साझेदारी अब भविष्य की अर्थव्यवस्था के क्षेत्रों में केंद्रित है। भारतीय स्टार्टअप्स का फ्राँसीसी नवाचार पारिस्थितिकी से जुड़ना ज्ञान-आधारित सहयोग को व्यावहारिक रूप देता है।

स्वास्थ्य, शिक्षा और जन-स्तरीय संबंध

स्वास्थ्य क्षेत्र में AI आधारित अनुसंधान, चिकित्सा संस्थानों के बीच सहयोग और छात्रों की संख्या बढ़ाने का लक्ष्य यह दर्शाता है कि संबंध केवल सामरिक स्तर तक सीमित नहीं हैं। लोगों के बीच संपर्क किसी भी साझेदारी की स्थायित्व का आधार होता है और इस दिशा में दोनों देश स्पष्ट रूप से निवेश कर रहे हैं।

हिंद-प्रशांत में सामरिक सामंजस्य

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा, आपूर्ति श्रृंखला और नियम-आधारित व्यवस्था को लेकर दोनों देशों के दृष्टिकोण में व्यापक समानता है। त्रिपक्षीय प्रारूपों के माध्यम से सहयोग इस क्षेत्र में संतुलन की राजनीति को नई दिशा दे सकता है। यह सहयोग केवल क्षेत्रीय नहीं, बल्कि वैश्विक समुद्री शासन से भी जुड़ा हुआ है।

बहुपक्षीय मंचों पर समर्थन

फ्राँस का संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता के लिये समर्थन और वैश्विक मंचों पर भारत की भूमिका को स्वीकार करना इस संबंध के राजनीतिक आयाम को दर्शाता है। यह यूरोप में भारत के लिये एक विश्वसनीय साझेदार के रूप में फ्राँस की स्थिति को मजबूत करता है।

आर्थिक संबंध: संभावनाएँ और चुनौतियाँ

द्विपक्षीय व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और मुक्त व्यापार समझौते से इसके और विस्तार की संभावना है। फिर भी बाज़ार पहुँच, मानकीकरण, वीज़ा प्रतिबंध और रक्षा परियोजनाओं में देरी जैसी समस्याएँ बनी हुई हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डेटा संरक्षण के नियमों में अंतर भी सहयोग को प्रभावित कर सकता है।

रणनीतिक मतभेदों का प्रबंधन

रूसङ्कयूक्रेन संघर्ष जैसे मुद्दों पर दोनों देशों की प्राथमिकताएँ अलग रही हैं, परंतु संवाद की निरंतरता यह दर्शाती है कि मतभेदों के बावजूद सहयोग की दिशा कायम है। यही परिपक्व रणनीतिक साझेदारी की पहचान होती है।

यदि दोनों देश संयुक्त अनुसंधान, सह-निर्माण, स्वच्छ ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन और उच्च प्रौद्योगिकी में निवेश को तेज करते हैं तथा व्यापारिक बाधाओं को कम करते हैं, तो यह संबंध आने वाले दशकों में और गहरा होगा। शिक्षा, संस्कृति और कौशल-गतिशीलता के क्षेत्र में विस्तार इसे जन-आधारित समर्थन देगा।

निष्कर्ष

भारतङ्कफ्राँस की 'विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी' रक्षा सौदों तक सीमित नहीं है; यह तकनीक, ऊर्जा, समुद्री सुरक्षा और वैश्विक शासन की बहुआयामी संरचना बन चुकी है। यह सहयोग भारत की रणनीतिक स्वायत्तता को सुदृढ़ करता है और यूरोप में एक विश्वसनीय साझेदार प्रदान करता है। निरंतर संवाद, समयबद्ध क्रियान्वयन और साझा निवेश इस संबंध को 21वीं सदी की निर्णायक सामरिक धुरी बना सकते हैं।

सद्गुरू बोधामृतम्



सदगुरू ऋतेश्वर

◆ किसी चीज के लिए प्राणों से, आत्मा से, पूर्ण हृदय से चष्टा करते हो तो सारी प्रकृति, सारी कायनात आपके साथ खड़ी होती है उसके प्राप्ति के लिए।

◆ आज का ये दिन कल बन जाएगा। कल को तुम पीछे मुड़ के देख प्यारे !! आगे बढ़ते चलकृ आगे बढ़ते चल।

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 1835: कलकत्ता मेडिकल कॉलेज आधिकारिक तौर पर खुला। 1846 : अंग्रेजों ने लाहौर पर कब्जा कर लिया। 1847 : रॉयल कलकत्ता टर्फ क्लब की स्थापना। 1848 : अमृत बाजार पत्रिका ने बांग्ला भाषा में अपना पहला साप्ताहिक पत्र प्रकाशित किया। 1935 : कैरोलाइन मिकेल्सन ने अंटार्कटिका पर कदम रखा। पृथ्वी के उस दुर्गम छोर पर पहुंचने वाली वह पहली महिला बनीं। 1947 : ब्रिटिश प्रधानमंत्री क्लीमेंट एटली ने भारत को आजादी देने का ऐतिहासिक ऐलान किया। उनका कहना था कि ब्रिटेन 30 जून, 1948 से पहले भारत को मुक्त कर देगा। 1950 : देश के महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस के बड़े भाई और राष्ट्रवादी नेता शरत चंद्र बोस का निधन। 1987 : मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश को भारतीय संघ का क्रमशः 23वां और 24वां राज्य घोषित किया गया। 2009 : संयुक्त राष्ट्र ने 20 फरवरी को विश्व सामाजिक न्याय दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत की।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

बिदेसिया कइसे मनावौं मैं तिहार तोर बिन जिनगी लागथे पहार.. सावन बीतगे भादो निकलगे माघ-पूस के दिन घलो पुरगे एदे माते हे फागुन मतवार... लिख-लिख पतिया भेजेंव तोला सोर घलो नइ दिए रे तैं मोला अब लागत हे डोंगा मजधार... गुन के रोथे माथा के टिकली पंड़री परगे ये लाली रे फुंदरी आंसू ढरकाथे सब सिंगार... देखत रद्दा दूनों आंखी भरगे ठाढ़े-ठाढ़ मोर चिता बरगे सरपिन कस होगे हे निस्तार...

- सुशील भोले

सूरज तो फकत रोशनी की वजह हैं सफर की शुरुआत ही असली सुबह हैं। 1-अकेले में समय बिताओ 2-पानी एक औषधि हैं। 3-सूर्य एक ऊर्जा हैं। 4-संगीत और किताबें मानसिक ग्रोथ हैं। 5-व्यायाम और योग चिर यौवन हैं।

- हेमा पांडेय

कड़वाहट सबमें भरी, बाकी कहां मिठास। कहां बचा किसके लिए,समय किसी के पास।। जब मतलब होता तभी,आते हैं सब पास । मतलब का ही प्रेम है,मतलब भरी मिठास।। माता की तो डांट में, रहती सदा मिठास। बच्चो से माँ बाप का, रिश्ता होता खास।। - शालिनी शर्मा

दौलत जहां की मुझको मेरे यार ना मिले । मुझको किसी के हाथ से उपहार ना मिले ।। इतना मिले मुझे प्रभू खाऊँ खिला सकू, साधू कोई भूखा मेरे घर द्वार ना मिले ।।

- कवि आशीष तिवारी जुगनू

इश्क़ में गर नशा नहीं होता, मजनूँ भी बावरा नहीं होता। अब पहाड़ों में बसना होगा मुझे, तेरी धरती में क्या नहीँ होता। मेरी बातों से था गुरेज़ तो मैं, तुमसे कुछ भी कहा नहीँ होता। शहरी जो धन कमाने में खुश हैं उन्हें, गांव से वास्ता नहीं होता। मेरा मंझधार ही खुदा यारों, साहिलों पे खुदा नहीं होता। पद का इतना घमंड अच्छा नहीं, कोई छोटा बड़ा नहीं होता। खोजी उस ओर चलते हैं दानी, जिस तरफ़ रास्ता नहीं होता। - **डॉ संजय दानी**

सुख जब ज्यादा बढ़ जाता है तो वही सुख दुख में परिवर्तित होने लग जाता है सुख और दुख एक ही सिक्के के दो पहलू हैं जो इन्हें अलग करके देखते हैं वह कभी इसका मर्म समझ नहीं पाते हैं इसलिए सुख के समय हमेशा इस एस्पेक्ट को याद रखें कि कभी भी दुख आ सकता है और दुख के समय इतना विश्वास रखें की सुख नजदीक ही है।

- सीमा नागर तुली

उम्र सिर्फ शरीर पर असर करती है, सपनों पर नहीं। हर स्त्री के जीवन में एक ऐसा पड़ाव आता है जहाँ वो दूसरों के लिए नहीं, खुद के लिए जीना शुरू करती है। यह अंत नहीं यह उसका पुनर्जन्म है। अगर आप भी उस पड़ाव पर हैं- तो याद रखिए, सांझ भी एक नई सुबह की शुरुआत होती है।

- रेनु सिंघल

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष राशि: आज आपको लोगों का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। आय के नए स्रोत बनेंगे। ऑफिस का काम रोज की तुलना में बेहतर तरीके से होगा।

वृष राशि:आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपकी इच्छाओं की पूर्ति होगी। बिजनेस के सिलसिले में आपको विदेश यात्रा करनी पड़ सकती है, जो आपके लिए काफ़ी लाभदायक रहेगी।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज अपने काम करने के तरीकों में बदलाव करेंगे।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करें।

सिंह राशि: आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में कर्मचारियों के साथ दोस्ताना व्यवहार रखने से उनकी काम करने की क्षमता बेहतर होगी, आज आपका काम समय से पहले पूरा हो सकता है।

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज प्रैक्टिकल सोच रखेंगे तो आपके संतुलित रवैया से फायदा मिलेगा। आज थोड़ा समय एकांत में या किसी धार्मिक स्थान पर बिताएंगे। आज शाम माता जी से आप भविष्य को लेकर विचार-विमर्श करेंगे।

तुला राशि: आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लाया है। आप दोस्तों के साथ बाहर घूमने का प्लान बनायेंगे। आप दूसरों पर अपना प्रभाव बनाने में सफल होंगे, आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखने की जरूरत है।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज ऑफिस के सहकर्मी आपके कामों में सहयोग करेंगे, आपका काम जल्दी पूरा हो जायेगा।

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। आज पैसों से जुड़ी समस्याओं को सुलझाने की कोशिश करेंगे। फिलहाल हर एक बात पर ध्यान देकर स्थिति को सुधारने कोशिश करें।

मकर राशि: आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। पारिवारिक कामों को करने में घर के सदस्यों का सहयोग मिलेगा। अपने दोस्तों से निजी समस्याओं को शेयर करने से बचना चाहिए।

कुम्भ राशि: आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी करीबी व्यक्ति से चल रही अनबन दूर होगी। जिन बातों में आपकी ज्यादा रुचि है, उन पर ध्यान देंगे आपको खुशी होगी।

मीन राशि:आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) असम के करीमगंज जिले का नया नाम क्या है जिसे हाल ही में राज्य मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी है?

2) किस संस्थान ने दर्द रहित इंजेक्शन के लिए सुई रहित शॉक सिरिंज विकसित की है?

3) टेली-मैनस पहल किस क्षेत्र से संबंधित है?

4) कौन 6वीं शताब्दी के संस्कृत काव्य किरातार्जुनीयम् के लेखक हैं?

5) हाल ही में दिवंगत के. एस. मणिलाल किस क्षेत्र से संबंधित थे?

उत्तरमाला- (1) श्रीभूमि जिला (2) आईआईटी बॉम्बे (3) मानसिक स्वास्थ्य (4) भारवि (5) वानिकी

पहेली

शब्द सामर्थ्य -321

देवबलौदा मेले में धर्म पूछने के मामले में विवाद, मुस्लिम समाज ने सौंपा ज्ञापन

भिलाई/नवप्रदेश। देवबलौदा-चरोदा में महाशिवरात्रि मेले के दौरान मुस्लिम दुकानदारों के साथ हुए विवाद के बाद मुस्लिम समाज ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। भविष्य में इस तरह की स्थिति दोबारा न बनने देने की मांग भी की गई है। मुस्लिम समाज, भीम आर्मी, भिलाई नगर जामा मस्जिद ट्रस्ट और राजनांदगांव मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि दुर्ग कलेक्टोरेट पहुंचे। उन्होंने राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए निष्पक्ष जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। मुस्लिम समाज ने आरोप लगाया कि मेले में मुस्लिम दुकानदारों से नाम पूछे गए।

आधार कार्ड मांगे गए। गाली-गलौज करते हुए धक्का-मुक्की भी की गई। दुकानदारों का कहना है कि निगम से नियमानुसार रसीद लेकर दुकानें लगाने के बावजूद व्यापार करने से रोका गया और अपमानित किया गया। मुस्लिम समाज के नजरूल खान, भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट के अध्यक्ष मिर्जा आसिम बेग ने कहा कि देश को जाति-धर्म के नाम पर बांटने वालों पर दंगा की धाराएं लगानी चाहिए। मुस्लिम समाज और भीम आर्मी के पदाधिकारी इन लोगों की गिरफ्तारी की मांग करने आए हैं। उन्होंने ज्योति शर्मा समेत सभी समर्थकों के ऊपर कार्रवाई की मांग की। किसी को भी उन्माद फैलाने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। समाज ने राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच, गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की है। सीएसपी भिलाई नगर सत्यप्रकाश तिवारी ने कहा कि दो दिन पूर्व देवबलौदा महाशिवरात्रि मेला में कुछ घटना हुई थी। तथ्यों के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

दोषियों पर सख्त कार्रवाई करें

मुस्लिम समाज और भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश में लगातार आपसी भाईचारे और सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। कभी इसाई समाज, कभी मुस्लिम समाज तो कभी दलित समाज के खिलाफ इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिये।

प्रमोद बने प्रदेश आईटी सेल सहसंयोजक

भिलाई। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन द्वारा प्रदेश आईटी सेल कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। जिसमें भिलाई जिले से प्रमोद सिंह को प्रदेश आईटी सेल सहसंयोजक नियुक्त किया गया है। प्रमोद सिंह पिछले 15 वर्षों से आईटी सेल में विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते आ रहे हैं। संगठन ने इस बार उन्हें प्रदेश सहसंयोजक का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। प्रमोद सिंह ने कहा कि पार्टी ने जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी और विश्वास मुझ पर व्यक्त किया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेगे और संगठन के निर्देशानुसार पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने में योगदान देगे। नियुक्ति पर प्रमोद सिंह ने प्रदेश संगठन, जिला संगठन, प्रदेश आईटी सेल संयोजक सुनील पिल्लै एवं सांसद विजय बघेल के प्रति आभार व्यक्त किया।

जोन आयुक्त ने निर्माण कार्यों में तेजी लाने दिए निर्देश

भिलाई/नवप्रदेश। निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय के निर्देश पर जनसुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए जोन-3 आयुक्त कुलदीप गुप्ता ने मदर टेरेसा नगर अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सार्वजनिक सुलभ शौचालयों, निर्माणाधीन नालियों और साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। जोन आयुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी निर्माणाधीन कार्यों को समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए, ताकि आम नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं का त्वरित लाभ मिल सके। पावर हाउस रेलवे स्टेशन के पास स्थित सार्वजनिक शौचालय के निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अंदर और बाहर बेहतर सफाई व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। पावर हाउस सर्कुलर मार्केट में सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को सफाई कर्मचारियों की प्रतिदिन समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा। सर्कुलर मार्केट में निर्माणाधीन नए शौचालय और रविदास नगर सब्जी मंडी स्थित सुलभ इंटरनेशनल में चल रहे कार्य का अवलोकन किया गया। निर्माण एजेंसी को कार्य में गुणवत्ता बरतने और उसे जल्द से जल्द पूरा करने को कहा गया है।

समक्ष पब्लिक नोटरी श्री बलय राहा
तहसील-फरसगांव, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)
शपथ-पत्र

मैं सुकुमार विश्वास पिता मनोरंजन उम्र 35 वर्ष, जाति नमोशुद्र निवासी सरगीपालपारा कोंडागांव तहसील व जिला कोण्डागांव, छ.ग. शपथपूर्वक कथन करता हूं कि

1. यह कि मैं उपरोक्त वर्णित पते का निवासी हूं।
2. यह कि मेरे नाम से ग्राम चुरेगांवकैम्प **प.ह.नं. 13** रानिमं **फरसगांव** तहसील फरसगांव जिला कोंडागांव छ.ग. में भूमि खसरा नंबर 38/1/क/2,97/3 रकबा 0.5330 हेक्ट.भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है।
3. यह कि उक्त भूमि का पट्टा (ऋण पुस्तिका) की मूल प्रति दिनांक 20.11.2025 को फरसगांव में गुम हो गई है एवं भविष्य में मिलना संभव नहीं है।
4. यह कि यह शपथ पत्र उक्त भूमि का पट्टा (ऋण पुस्तिका) की द्वितीय प्रति प्राप्त करनें के समर्थन में प्रस्तुत कर रहा हूं।

सत्यापन - मैं सुकुमार विश्वास पिता मनोरंजन उम्र 35 वर्ष, जाति नमोशुद्र निवासी सरगीपालपारा कोंडागांव तहसील जिला कोण्डागांव,छ.ग सत्यनिष्ठापूर्वक व्यक्त करता हूं कि उपरोक्त शपथ पत्र की कंडिका 1 से 4 तक की अंर्तवस्तु मेरे स्वतः की जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही है आज दिनांक 24/12/2025 को स्थान फरसगांव में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूं।

सत्यापनकर्ता

न्यायालय तहसीलदार कांकेर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र./202601140100030/अ-21/2025-26
ग्राम कांकेर

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक सतीश कुमार नाग पिता रामनंदन निवासी ग्राम हाटकोंगेरा द्वारा ग्राम कांकेर स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नम्बर 230/56 रकबा 0.0250 हे. को पैसो की आवश्यकता होने से अनावेदिका सविता जैन पति सत्येन्द्र कुमार जैन निवासी हाटकोंगेरा को राशि 7,00,000 रू में विक्रय करने की अनुमति बाबत् कलेक्टर महोदय को प्रस्तुत आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कांकेर के माध्यम से जांच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा / आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या आम मुख्तियारनामें से दिनांक 27.2.2026 को अथवा उसके पूर्व पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार कांकेर**

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सीपत, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार//

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दर्शन सूर्यवंशी पिता पंचराम निवासी ग्राम पंधी प.ह.नं. 18 रा.नि.मं. सीपत तहसील मस्तूरी जिला-बिलासपुर ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक के भाभी (कैलाशाबाई) की मृत्यु दिनांक 06.12.2008 को हुआ है जो पंजीयन नहीं होने के कारण प्रमाण पत्र प्रदाय नहीं किया गया है। आवेदक अपने भाभी नाम कैलाशा बाई पति-सुरीवराम का मृत्यु का प्रमाण पत्र की मांग किया है। अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति का कोई दावा या आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 21.02.2026 को अपना द्वावा आपत्ति उप तहसील सीपत में प्रस्तुत कर सकते हैं म्याद वाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10.02.2026 को न्यायालय की पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया ।

सील — **तहसीलदार**
सीपत
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

क्र. 897/निर्माण/2026 — दिनांक 09.02.2026

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है-

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु.लाख में)	निविदा डालने की अंतिम तिथि
1	वार्ड क्र. 66 अंतर्गत सुराकछार बस्ती में पिताम्बर तंवर घर से पास से बलगी खदान मार्ग तक सड़क डामरीकरण कार्य (अधोसंरचना मद) (प्रथम निविदा)	21.19	02.03.2026 (T.No.185326)

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छत्तीसगढ़)

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित)
56-57, इन्स्टीट्युशनल एरिया, जनकपुरी, नई दिल्ली - 110058

आयुर्वेद गुरुकुलम् की संबद्धता हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रण

आयुर्वेद गुरुकुलम् के अंतर्गत दो वर्षीय प्री-आयुर्वेद कार्यक्रम के साथ बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी (BAMS) हेतु कुल साढ़े सात वर्ष की अवधि के शैक्षणिक कार्यक्रम के लिए केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा आयुर्वेद गुरुकुलों को सम्बद्धता प्रदान की जा रही है। तदनुसार केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, भारत सरकार के भारतीय चिकित्सा पद्धत राष्ट्रीय आयोग (NCISM) द्वारा राजपत्र में अधिसूचित विनियमों के अंतर्गत आयुर्वेद गुरुकुलों की सम्बद्धता हेतु योग्य संस्थानों से आवेदन आमंत्रित करता है। आयुर्वेद गुरुकुलों का उद्देश्य सक्षम अधिकारी द्वारा निर्धारित प्री-आयुर्वेद कार्यक्रम एवं BAMS पाठ्यक्रम के अनुरूप आयुर्वेद में पारम्परिक गुरुकुल-आधारित शिक्षा प्रदान करना है।

आयुर्वेद गुरुकुलों में प्रवेश कक्षा 10वीं अथवा समकक्ष उत्तीर्ण छात्रों अखिल भारतीय स्तर पर प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रदान किया जाएगा।

इच्छुक संस्थान केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से आयुर्वेद गुरुकुलों की सम्बद्धता हेतु आवेदन कर सकते हैं -_https://www.sanskrit.nic.in/ayurveda_gurukulam.php विस्तृत दिशा-निर्देश, पात्रता मानदंड एवं आवेदन प्रक्रिया हेतु कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट देखें: www.sanskrit.nic.in

दिनांक - 09.02.2026 — **हस्ता/-**
cbc 21212/12/0005/2526 — **कुलसचिव**

न्यायालय तहसीलदार, तहसील सुकमा, जिला-सुकमा (छ.ग.)

रा. प्र.क्र.- 202508190100002
विषयः- अ-20(3), सन-2025-2026

//ईश्तहार//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम पंचायत गोंगला / नगर पालिका परिषद् सुकमा के आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद सुकमा को ग्राम गोंगला, प.ह.न. 25/ गोंगला, तहसील सुकमा, जिला सुकमा (छ.ग.) में स्थित शासकीय भूमि खसरा नम्बर 194/1 रकबा 8.8830 हेक्टेयर में से रकबा 0.405 हेक्टेयर/1.00 एकड़ भूमि को नगर पालिका परिषद सुकमा में नालंदा परिसर शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत् नगरीय निकाय क्षेत्रान्तर्गत 250 सीटर नालंदा परिसर का निर्माण हेतु भूमि चयनित कर प्रस्तावित है। प्रकरण माननीय न्यायालय कलेक्टर महोदय, जिला सुकमा (छ.ग.) से चयनित एवं आबंटन हेतु छत्तीसगढ़ राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 4-1 की कण्डिका-26 में दिये गये बिन्दुओं तथा शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देश का पालन कर, विस्तृत जॉच प्रतिवेदन सहित प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सुकमा के माध्यम से अंतिम आदेश हेतु प्रस्तुत करने इस न्यायालय को प्राप्त हुई है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

तत्संबंधत में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो वह अपना दावा-आपत्ति, स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 03.03.2026 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सील से जारी ।

मुहर — **तहसीलदार**
सुकमा, जिला-सुकमा

न्यायालय तहसीलदार तहसील सीपत, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार//

कमांक / / वा. / तह. / 2026
सीपत, दिनांक

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजय कुमार सूर्यवंशी पिता देवन सूर्यवंशी निवासी पंधी, तहसील सीपत, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम पंधी म.नं. 02 प.ह.नं. 18, तहसील सीपत, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 281, 480/1 रकबा 0.0450, 0.1940 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर शामिलात खाते में दर्ज है। उक्त भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कहीं गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्राप्त किये जाने हेतु थाना प्रथम सूचना रिपोर्ट, चालान, शपथपत्र, नो-ड्यूज प्रमाण पत्र, खसरा बी. 1, तलवाना सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा/ आपत्ति आर्मत्रित किया जाता है ।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 22.02.26 के पूर्व अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.02.26 मुद्रा द्वारा ईश्तहार जारी किया गया। को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील — **तहसीलदार**
सीपत
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक 10540/ लो.क.वि/न.पा.नि./2026 — रायगढ़ दिनांक 18/02/26

।। द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना।।

नगर पालिक निगम, रायगढ़ क्षेत्रांतर्गत अधोसंरचना मद से निम्नलिखित कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र 'अ' में पी.डब्लू.डी. एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015 प्रचलित से दिनांक 09.03.26 तक अपरान्ह 04:00 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 09.03.26 को अपरान्ह 04:30 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी। विस्तृत जानकारी नगर पालिक निगम, रायगढ़ कार्यालय एवं वेबसाईट www.nagarnigamraigarh.com /uad.cg.gov.in से अवलोकन व डाउनलोड कर सकते हैं।

क्र.	कार्य का नाम	कार्य की लागत / अमानत राशि
1	वार्ड क्र. 13 दीनु यादव घर से पप्पु घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य।	07.96/6,000.00
2	वार्ड क्र.13 पुलिस लाईन कालोनी में धनगुन घर से बापुनगर नाला तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य।	07.23/5,500.00
3	वार्ड क्र.04 में उर्मिला भगत घर से कपिल तिग्गा घर से होते हुए मदन रामभगत घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	09.36/7,100.00
4	वार्ड क्र.09 में रियापारा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य।	08.28/6,300.00
5	वार्ड क्र.09 में सुनील पप्पी घर से होते हुए ब्रेड फेक्ट्री से दुर्गा किराना स्टोर से गुलफाम घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	09.99/7,500.00
6	वार्ड क्र.10 में दिलचंद सोनी घर से मेन रोड तक नाली निर्माण कार्य।	08.16/6,200.00
7	वार्ड क्र.12 में सुरेश अग्रवाल के घर से आंगनबाड़ी (नाईपारा) तक नाली निर्माण कार्य।	07.69/5,800.00
8	वार्ड क्र.20 में लालपरी के पास से कल्याण आश्रम से श्रंगार फैंसी स्टोर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	03.22/3,300.00
9	वार्ड क्र.10 में अविनाश उपाध्याय घर से देवेन्द्र सिंग घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	04.52/4,600.00

कार्यपालन अभियंता
न.पा.नि., रायगढ़

कार्यालय नगरपालिका परिषद् किरन्दुल जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

क्रमांक /1673/लो.नि.वि./न.पा.प. / 2026 — किरन्दुल, दिनांक - 18/02/2026

// मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पालिका परिषद् किरंदुल क्षेत्र अंतर्गत निकाय / मरम्मत संधारण / अद्योसंरचना / 14 वा वित्त आयोग/ SDMF मद के तहत आर.सी.सी. नाली/रोड/भवन/मरम्मत निर्माण कार्य एवं फलेक्सी-बैनर / सबमर्सिबल पम्प एवं इलेक्ट्रीकल पार्टस मरम्मत हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों एवं अन्य कार्य हेतु प्रिंटिंग प्रेसकर्ता फर्म, सबमर्सिबल एवं इलेक्ट्रीकल सामग्री मरम्मत फर्म से मुहर बंद निविदाएँ तीन लिफाफे पद्धति में केवल स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक के माध्यम से निविदा दिनांक 10.03.2026 तक आमंत्रित की जाती है, निविदा संबंधित विवरण निम्न अनुसार है -

क्र.	कार्य का विवरण	अनु. ला. (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (लाख में)	अमानत राशि (लाख में)	समयावधि
1	वार्षिक मरम्मत कार्य सी.सी. सड़क/बी.टी. सड़क / पेवर ब्लॉक पी.डब्लयू डी. एस.ओ.आर. 01.01.2025 (एक कार्य का अनु. लागत. 1.50 लाख तक) (द्वितीय निविदा)	9.90	750/-	7500/-	12 माह
2	वार्षिक मरम्मत कार्य आर.सी.सी. नाली पी.डब्लयू डी. एस.ओ. आर. 01.01.2015 एवं 01.01.2025 (एक कार्य का अनु. लागत. 1.50 लाख तक) (द्वितीय निविदा)	9.90	750/-	7500/-	12 माह
3	वार्षिक भवन मरम्मत कार्य पी.डब्लयू डी. भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015 (एक कार्य का अनु. लागत. 1.50 लाख तक) (द्वितीय निविदा)	9.90	750/-	7500/-	12 माह
4	वार्षिक बैनर / फलेक्स एवं अन्य प्रिंटिंग कार्य (द्वितीय निविदा)	8.00	750/-	10000/-	12 माह
5	निकाय क्षेत्रांतर्गत सबमर्सिबल पम्प एवं अन्य इलेक्ट्रीकल संबंधित सामग्री मरम्मत कार्य (द्वितीय निविदा)	5.00	750/-	5000/-	12 माह
6	वार्ड क्र. 01 में चर्च से मुख्य पुलिया तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य पी. डब्लयू डी. एस.ओ.आर. 01.01.2015 (द्वितीय निविदा) (अधोसंरचना मद)	5.28	750/-	4000/-	02 माह
7	वार्ड क्र. 18 में मेन रोड से कर्मचारी आवास तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य पी.डब्लयू डी. एस.ओ.आर. 01.01.2015 (प्रथम निविदा) (14 वा वित्त आयोग)	7.38	750/-	5700/-	02 माह
8	वार्ड क्र. 01 में लक्ष्मी घर के पास रिटेनिंग वॉल नाली निर्माण कार्य आर.सी.सी. नाली पी.डब्लयू डी. एस.ओ.आर. 01.01.2015 (प्रथम निविदा) (SDMF मद)	9.59	750/-	7200/-	03 माह

उपरोक्त निर्माण / विकास कार्यो हेतु निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है अथवा कार्यालयीन समय में लोक निर्माण विभाग से प्राप्त की जा सकती है ।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद किरन्दुल

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क./202602140400030/अ-6/2025-26
(उद्घोषणा)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण रघुवीर प्रसाद पोटाई पिता रामप्रसाद पोटाई निवासी बाजारपारा ग्राम कुरुभाट, तह. चारामा व अन्य 03 के द्वारा मोहल्ला मांझापारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 13 ए, प्लाट नं. 9/3, क्षेत्रफल 113.11 व.मी., पक्का दुकान, वार्षिक भू भाटक 836.68 रु. रघुवीर प्रसाद पोटाई, सुरजू प्रसाद पोटाई, अर्जुन सिंह पोटाई पि. राम प्रसाद पोटाई, रामिन पोटाई पति स्व. यशवंत पोटाई, आयुष, रुद्राक्ष पि. यशवंत पोटाई नि. कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को पट्टेदारों द्वारा हक त्याग-पत्र (गैर परिवारिक रिश्तेदारों के मध्य) दिनांक 29.09.2025 को जिला पंजीयक कार्यालय कांकेर में पंजीयन कराने का उल्लेख करते हुये हक त्यागकर्तागण का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर हक प्राप्तकर्तागण का नाम यथावत् रखे जाने पंजीकृत हक त्याग पत्र की छायाप्रति के साथ छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत् इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर/मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई नही की जावेगी ।

आज दिनांक 18/2/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — **नजूल अधिकारी**
उत्तर बस्तर कांकेर

न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)
-:: ईश्तहार ::-

क्रमांक क/वा/नजूल / 2026
मुंगेली, दिनांक 10.02.2026

श्री नीतेश जायसवाल पिता स्व.श्री शिवकुमार जायसवाल, निवासी मोहल्ला सरदार पटेल वार्ड मुंगेली, तहसील मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)
....................................आवेदक

बनाम

छ.ग. शासन ....अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक **श्री नीतेश जायसवाल पिता स्व.श्री शिवकुमार जायसवाल,** निवासी मोहल्ला सरदार पटेल वार्ड मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा नगर मुंगेली मोहल्ला पुराना बस स्टैण्ड मुंगेली नजूल भूमि शीट नंबर 38-सी, प्लाट नं. 38/1, 37, क्षेत्रफल क्रमशः 110, 41 वर्गमीटर नजूल भूमि को **बैंक ऑफ बड़ौदा मुंगेली, शाखा मुंगेली (छ.ग.)** में बंधक रखे जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालो को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 03/03/26 को दिन के 11:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार / अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नही होगा।

आज दिनांक **10.02.2026** को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — **नजूल अधिकारी,**
मुंगेली (छ.ग.)

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION

e-Procurement Tender Notice
Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

NIT NO 58/PWD/Zone-1/2026 — **RAIPUR DATED: 11.02.2026**

Online bids are invited for the following works of works up to **06.03.2026 at 17:30 hours.**

S. No.	System Tender No.	Name of work / Description of work	Probable Amount of contract (In Rupees)	Invite
1	**185746**	संत कबीर दास वार्ड क्रमांक 03 अंतर्गत गोगॉव पुरानी बस्ती सतनामीपारा में रंगमंच एवं ड्रेसिंग रूम निर्माण कार्य	10,00,000.00	प्रथम आमंत्रण
2	**185747**	बाल गंगाधर तिलक वार्ड क्रमांक 18 अंतर्गत तिलक नगर बालाजी मंदिर के पास सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य	25,00,000.00	प्रथम आमंत्रण

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in on from **12.02.2026, 17.30 Hours.** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

NOTE: - 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**
3. For More Details please download NIT details.

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

ZONE COMMISSIONER
ZONE NO.- 1
MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR (C.G.)

कार्यालय नगर पालिका परिषद् सुकमा
जिला-सुकमा (छत्तीसगढ़)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना (2nd Call)

क्रमांक/2446/लो.नि.वि./2025-26 — सुकमा दिनांक 13.02.26

नगर पालिका परिषद् सुकमा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन व्यवस्था-ई रजिस्ट्रेशन में 'डी' एवं ऊपर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिषत दर पर निविदा 'अ' में निम्नांकित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है ।

क्र. की	S.T. No.	कार्य का विवरण	निविदा राशि (लाख में)	ऑन लाईन निविदा प्रस्तुत करने अंतिम तिथि
01	185608	वार्ड क्र. 02 में हडमा इंडोर स्टेडियम सुकमा में छत निर्माण कार्य (2nd Call)	45.95	03.03.2026

निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण ऑनलाइन वेबसाईट (Main Protal: http://eproc.cgstate.gov.in) पर दिनांक 13.02.2026 को सायं 5.30 से दिनांक 03.03.2026 सांय 5.30 बजे तक देखी/निविदा भरी जा सकती हैं।

क्र.	S.T. No.	कार्य का विवरण	निविदा राशि (लाख में)	ऑन लाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि
01	185661	आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण कार्य 02 नग (2nd Call)	23.38	04.03.2026

निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण ऑनलाइन वेबसाईट (Main Protal: http://eproc.cgstate.gov.in) पर दिनांक 16.02.2026 को प्रातः 11.00 से दिनांक 04.03.2026 सायं 5.30 बजे तक देखी/निविदा भरी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् सुकमा
जिला सुकमा छ.ग

कार्यालय नगर पालिका परिषद् सुकमा जिला - सुकमा (छत्तीसगढ़)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना (1st call)

क्रमांक/2663/लो.नि.वि./2025-26 — **सुकमा दिनांक 16.2.2026**

नगर पालिका परिषद् सुकमा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन व्यवस्था-ई रजिस्ट्रेशन में "डी" एवं ऊपर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिषत दर पर निविदा "अ" में निम्नांकित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	S.T. No.	कार्य का विवरण	निविदा राशि (लाख में)	ऑन लाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि
1	185671	आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य मेन रोड एन.एच. 30 से पुलिया तक वार्ड क्र. 05	17.33	09.03.2026
2	185672	सी.सी. सड़क निर्माण कार्य मेन रोड एन.एच. 30 से पुलिया तक वार्ड क्र. 05	14.37	09.03.2026
3	185673	बाउन्ड्रीवॉल निर्माण कार्य सामुदायिक भवन वार्ड क्र. 05	12.53	09.03.2026

निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण ऑनलाइन वेबसाईट (Main Protal: http://eproc.cgstate.gov.in) पर दिनांक 16.02.2026 को प्रातः 11.00 से दिनांक 09.03.2026 सायं 5.30 बजे तक देखी/निविदा भरी जा सकती हैं।

मैनुअल पद्धति निविदा सूचना (1st call)

क्र.	कार्य का विवरण	निविदा राशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि
01	सामुदायिक भवन के समीप शेड निर्माण कार्य वार्ड क्र. 05	9.92	09.03.2026
02	सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य वार्ड क्र. 05	7.50	09.03.2026

उपरोक्त कार्यो से संबंधित नियम शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति एवं आवश्यक निविदा दस्तावेज कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् सुकमा
जिला - सुकमा छ.ग.

सीडीएस परीक्षा में ऑल इंडिया चौथी रैंक प्राप्त करने पर सीएम साय ने सुप्रिया को किया सम्मानित

मुंगेली/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन स्थित अपने कार्यालय में सीडीएस परीक्षा में ऑल इंडिया चौथा रैंक प्राप्त करने वाली मुंगेली की सुश्री सुप्रिया को सम्मानित किया। उन्होंने सुप्रिया और उनके परिजनों को पुष्पगुच्छ भेंटकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी और मुँह मीठा कराया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सुप्रिया की सफलता यह संदेश देती है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और प्रयास ईमानदार हों, तो साधारण पृष्ठभूमि से आने वाला युवा भी असाधारण उपलब्धि हासिल कर सकता है। उन्होंने कहा कि सुप्रिया का अनुशासन, परिश्रम और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण राज्य के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के युवाओं को सुप्रिया से प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य पाने की दिशा में आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर मुंगेली कलेक्टर कुन्दन कुमार भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि जिले के ग्राम

टेढ़ाधौरा की 23 वर्षीय सुप्रिया ठाकुर ने सीडीएस परीक्षा में ऑल इंडिया चौथी रैंक प्राप्त कर मुंगेली जिला सहित राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। अपनी प्रतिभा, अनुशासन और देशसेवा के अटूट संकल्प के बल पर वे भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित हुई हैं। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर उन्हें मुख्यमंत्री ने शुभकामनाएं दी है। ग्राम टेढ़ाधौरा निवासी सुप्रिया सिंह श्रीनेत एक किसान परिवार से आती हैं। उनकी माता श्रीमती संतोषी सिंह श्रीनेत और पिता वैदेही शरण सिंह, जो पेशे से किसान हैं, ने सदैव उन्हें शिक्षा और संस्कारों का मजबूत आधार दिया। परिवार के स्नेहिल और अनुशासित वातावरण में पली-बढ़ी सुप्रिया ने प्रारंभिक शिक्षा सेंट जोसेफ हायर

कठोर परिश्रम कर हासिल की सफलता

कठोर परिश्रम, नियमित अभ्यास और आत्मविश्वास के बल पर उन्होंने शॉर्ट सर्विस कमिशन के अंतर्गत आयोजित एसएसबी साक्षात्कार में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया चौथी रैंक हासिल की। उनकी यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि ग्रामीण अंचल की बेटियों के लिए नई संभावनाओं का द्वार खोलने वाली प्रेरक कहानी है। शैक्षणिक और सैन्य उपलब्धियों के साथ-साथ सुप्रिया सांस्कृतिक गतिविधियों में भी सक्रिय रही हैं। नृत्य उनकी प्रमुख रुचि है, जो उनके व्यक्तित्व को ऊर्जा और आत्मविश्वास प्रदान करता है। सुप्रिया सिंह श्रीनेत की यह सफलता न केवल मुंगेली, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है।

न्यूज गैलरी

ग्रामीण क्षेत्रों में पशु चिकित्सा सेवाओं का विस्तार

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले में पशुपालकों को बेहतर और सुलभ पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर राजेंद्र कटारा के मार्गदर्शन में पशु चिकित्सा विभाग द्वारा नियमित रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर पशुओं का उपचार किया जा रहा है। जिसके माध्यम से दूरस्थ और ग्रामीण अंचलों में पशुपालकों को समय पर उपचार और विभागीय योजनाओं की जानकारी मिल रही है, ताकि पशुधन स्वस्थ रहे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त हो सके। इसी कड़ी में विकासखण्ड रामचन्द्रपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत देवीगंज, पिपरोल एवं जामवंतपुर, विकासखण्ड बलरामपुर के पुटसुरा, जरहाड़ीह, महाराजगंज, विकासखण्ड कुसमी के बाटा, जलजली, पोखर में पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने भ्रमण कर पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया। इस दौरान पशुओं में पाए गए सामान्य एवं मौसमी रोगों की जांच कर आवश्यक दवाइयां दी गईं तथा पशुपालकों को रोगों की रोकथाम और संतुलित आहार के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही पशुपालकों को समय पर टीकाकरण कराने और पशुओं के रख-रखाव में स्वच्छता बनाए रखने की सलाह दी गई। भ्रमण के दौरान पशु चिकित्सा दल ने घर-घर जाकर पशुओं की स्थिति का अवलोकन किया। जिन पशुओं में बीमारी के लक्षण पाए गए, उनका तत्काल उपचार किया गया। इस दौरान पशुपालकों को किसान क्रेडिट कार्ड योजना की जानकारी देकर बताया गया कि पशुपालन के लिए भी केसीसी के माध्यम से ऋण सुविधा प्राप्त की जा सकती है, जिससे पशुपालक अपने व्यवसाय का विस्तार कर सकते हैं। ग्रामीणों को केसीसी आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज एवं पात्रता की जानकारी विस्तार से समझाई। साथ ही विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया गया ताकि कोई भी पशुपालक जानकारी के अभाव में योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए बताया कि पहले छोटी-मोटी बीमारियों के लिए भी पशुओं को दूर ले जाना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती थी। अब गांव में ही चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध होने से उन्हें राहत मिली है।

अशोक जिला मिशन समन्वयक पद पर पदस्थ

मुंगेली/नवप्रदेश। व्याख्याता ई संवर्ग के अशोक सोनी को शासन द्वारा प्रतिनियुक्ति पर जिला मिशन समन्वयक पद पर पदस्थ किया गया है। उन्होंने विधिवत पदभार ग्रहण कर कार्यभार संभाल लिया। पदभार ग्रहण अवसर पर विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। इससे पूर्व वे कलेक्टोरेट में अधीक्षक के रूप में सेवाएं दे चुके हैं और दायित्वों का सफल निर्वहन किया है। अशोक सोनी ने कहा कि वे वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे तथा जिला स्तर पर बेहतर समन्वय स्थापित करने का प्रयास करेंगे।

शा. पूर्व मा.वि. भटगांव में वार्षिक उत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भटगांव में वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में सरपंच चोवाराम ओगरे एवं अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती का पूजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सरपंच चोवाराम ओगरे ने कहा कि इस संस्कृति कार्यक्रम के आयोजन से बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा बाहर आती है। वार्षिक उत्सव में स्कूली बच्चो के द्वारा पंथी नृत्य, राउत नाचा, करमा नृत्य सोलो डांस की मनोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम उपरांत बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अमित सोनी एवं शिव कौशिक एवं आभार प्रदर्शन प्रधान पाठक महेंद्र सिंह ठाकुर के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण स्कूली बच्चे एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें।

व्यवसायी विमल का हृदयाघात से मृत्यु

मुंगेली/नवप्रदेश। शहर के व्यवसायी विमल यादव का गुरुवार 19 फरवरी 2026 की सुबह लगभग 6:00 बजे हृदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 60 वर्ष के थे। बताया जा रहा है कि घर में स्नान के दौरान उन्हें अचानक हार्ट अटैक आया, जिसके बाद परिजन उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार में उनके दो पुत्र हैं जलेश यादव, संजय यादव। उनके बड़े भाई संतोष यादव नगर पालिका में कार्यरत हैं।

सट्टा गिरोह के मुख्य आरोपी गिरफ्तार

- **चिरमिरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, मोबाइल से खुलेगा नेटवर्क का राज**

चिरमिरी/मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर/नवप्रदेश। जिले में अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस ने अपना शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में चिरमिरी पुलिस को सट्टेबाजी के खिलाफ एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने सट्टा गिरोह के एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर क्षेत्र में चल रहे अवैध जुआ-सट्टा नेटवर्क पर कड़ा प्रहार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, लंबे समय से क्षेत्र में सट्टे का जाल फैलने की खबरें आ रही थीं। अभियान के तहत मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर शिव राम पनिका नामक आरोपी को धर दबोचा। बताया जा रहा है कि आरोपी काफी समय से सक्रिय था और सट्टे के कारोबार का संचालन कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन जब्त किया है। जब पुलिस ने तकनीकी जांच की, तो मोबाइल में सट्टे के कारोबार से जुड़े बड़े वित्तीय लेन-देन और नेटवर्क के पुख्ता डिजिटल साक्ष्य मिले हैं। इन रिकॉर्ड्स से यह स्पष्ट हो गया है कि यह गिरोह शहर के अन्य हिस्सों में भी अपनी जड़ें जमाए हुए था। चिरमिरी थाना प्रभारी विजय सिंह ने कार्रवाई के संबंध में यह स्पष्ट किया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अवैध कारोबार, विशेषकर जुआ और सट्टे जैसे अवैध कारोबार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा आरोपी की गिरफ्तारी से इस नेटवर्क से जुड़े अन्य प्रमुख नामों के खुलासे होने की संभावना है। मोबाइल रिकॉर्ड के आधार पर सट्टे के इस खेल में शामिल अन्य संदिग्धों की तलाश की जा रही है।

नेटवर्क खंगालने में जुटी पुलिस

फिलहाल पुलिस आरोपी के कॉल रिकॉर्ड और मैसेज हिस्ट्री को खंगाल रही है ताकि इस अवैध धंधे में शामिल 'व्हाइट कॉलर' लोगों और अन्य सहयोगियों तक पहुँचा जा सके। पुलिस की इस कार्रवाई से सटोरियों में हड़कंप मच गया है।

सड़क निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण शुरू

मेंड्राडोल, परसगढ़ी और चैनपुर में ग्रामसभा व जनसुनवाई आज से

एमसीबी/नवप्रदेश। मनेंद्रगढ़ (चैनपुर) से चिरमिरी (साजा पहाड़) तक प्रस्तावित सड़क निर्माण, चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज हो गई है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं सक्षम प्राधिकारी भू-अर्जन मनेंद्रगढ़ द्वारा इस संबंध में विस्तृत कार्यक्रम जारी किया गया है। 17.40 किलोमीटर लंबी इस सड़क परियोजना के लिए तीन ग्रामों की भूमि अधिग्रहित की जानी है, जिसके लिए सामाजिक समाघात निर्धारण दल का गठन कर जनसुनवाई की तिथियां घोषित कर दी गई हैं।

इन ग्रामों में आयोजित होगी जनसुनवाई

प्रशासन द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार, अधिग्रहण की कार्यवाही के लिए ग्रामसभा के माध्यम से जनसुनवाई निम्नानुसार होगी: ग्राम मेंड्राडोल: 20 फरवरी (प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक)। यहाँ कुल 14 खसरों की भूमि प्रभावित है। ग्राम परसगढ़ी: 20 फरवरी (दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक)। यहाँ 7 खसरों की भूमि प्रस्तावित है। ग्राम चैनपुर: 21 फरवरी (प्रातः 11 बजे से)। यहाँ सर्वाधिक 23 खसरों की भूमि प्रभावित बताई गई है। इस परियोजना के अंतर्गत कुल 44 खसरों की भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। राजस्व विभाग ने प्रभावित भूमि स्वामियों, सह-स्वामियों और कृषकों से अपील की है कि वे जनसुनवाई में अपने भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज लेकर अनिवार्य रूप से उपस्थित हों। आवश्यक दस्तावेजों में शामिल हैं खसरा, बी-1 और ऋण पुस्तिका। विक्रय पत्र , नामांतरण और डायवर्सन के कागजात। यदि कोई प्रकरण न्यायालय में लंबित हो, तो उसकी जानकारी। एसडीएम कार्यालय द्वारा स्पष्ट किया गया है कि यदि कोई भूमि स्वामी जनसुनवाई या सर्वेक्षण के दौरान अनुपस्थित रहता है या जानकारी उपलब्ध नहीं कराता है, तो भविष्य में किसी भी वाद-विवाद की स्थिति में उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी।

फाइलेरिया बचाव के लिए दवा का कराया सेवन

मुंगेली/नवप्रदेश। देश को 2030 तक फाइलेरिया (हाथी पांव) जैसी गंभीर बीमारी मुक्त बनाने के उद्देश्य से 25 फरवरी तक सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन अभियान अंतर्गत 02 वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी नागरिकों को डी.ई.सी., एल्बेंडाजोल एवं आईवरमेक्टिन दवा का संयुक्त रूप से सेवन कराया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बताया कि जिले में अब तक 06 लाख 62

हजार 480 से अधिक लोगों को दवा सेवन कराया जा चुका है, जो जिले के लक्ष्य का 77 प्रतिशत है। डीपीएम गिरीश कुर्रे ने बताया कि मुंगेली विकासखण्ड में 660 बूथ, लोरमी विकासखण्ड में 560 बूथ और पथरिया विकासखण्ड में 400 बूथ सहित कुल 01 हजार 620 बूथ बनाए गए हैं। जिले में 01 हजार 790 दल के 03 हजार 580 से अधिक सदस्यों द्वारा दवा सेवन कराया जा रहा है। जिले में 08 लाख 51 हजार 895 से अधिक लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

बीज जब्त, महामाया कोल्ड स्टोरेज को नोटिस

अंबिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं उप संचालक कृषि के निर्देशन में बीज निरीक्षक सोहन लाल भगत एवं टीम के द्वारा मंगलवार को दरिमा मोड़ स्थित मां महामाया कोल्ड स्टोरेज में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कोल्ड स्टोरेज में विभिन्न कंपनियों के मक्का, धान एवं सरसों बीज अवैध रूप से भंडारित पाए गए। कोल्ड स्टोरेज के संचालक द्वारा बताया गया कि उक्त बीज कंपनियों एवं दुकानदारों द्वारा भण्डारण किया गया है। भंडारित बीजों में कुछ

बीज एक्सपायरी पाए गए थे, जिनका आगामी खरीफ में कृषकों को वितरण ना हो इसलिए अवैध रूप से भंडारित समस्त बीज को जब्त कर अभीरक्षा हेतु संबंधित कोल्ड स्टोरेज के संचालक रुपेश अग्रवाल के सुपुर्द किया गया। कोल्ड स्टोरेज के संचालक को नोटिस जारी कर भण्डारित बीज किस कंपनी एवं किस व्यवसायी का है इसकी जानकारी मांगी गई है।

ब्राउन शुगर सहित 5 आरोपी गिरफ्तार, 70 हजार जब्त

मुंगेली/नवप्रदेश। ब्राउन शुगर सहित 5 आरोपियों को पकड़ने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान ''नशा मुक्त भारत पखवाड़ा'' के तहत ब्राउन शुगर ब्रिकी करने वाले के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की गई। 5 आरोपियों से मादक पदार्थ ब्राउन शुगर वजन 14.57 ग्राम कीमती 65000 रूपये व 03 नग मोबाइल कीमती 70000 रूपये एवं तस्करी मे प्रयुक्त वाहन 01 मोटरसायकल कीमती 65000 कुल कीमती 2,00,000 रूपये जप्त किये गये। थाना सिटी कोतवाली मे आरोपीगण के विरूद्ध धारा 21 (ख) एन.डी.पी.एस.एक्ट पंजीबद्ध किया गया।

भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान ''नशा मुक्त भारत पखवाड़ा'' के तहत नशे के अवैध कार्य करने वालों के विरूद्ध प्रभावी

कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन मे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल द्वारा चलाये जा रहे अभियान ''ऑपरेशन बाज'' के तहत सुखा नशा जैसे ब्राउन शुगर, चरस, अफीम के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने निर्देशित किया गया व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुंगेली नवनीत कौर छाबड़ा व अति.पुलिस अधीक्षक मयंक तिवारी के पर्यवेक्षण में 17 फरवरी को जरिये मुखबीर सूचना प्राप्त हुआ कि 03 व्यक्ति बी.आर.साव मुंगेली स्कुल मैदान मे अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर ब्रिकी करने के लिये ग्राहक तलाश कर रहे है।

कि सूचना पर जिले की साइबर सेल एवं थाना सिटी कोतवाली मुंगेली पुलिस द्वारा संयुक्त टीम गठित कर विधिसम्मत कार्यवाही हेतू रवाना किया गया। सूचना तस्दीकी हेतु बी.आर.साव स्कूल मैदान मे घेराबंदी कर रेड कार्यवाही कर मुखबीर के बताये हुलिया अनुरूप 3 व्यक्तियों को हिरासत मे लेकर पुछताछ किया

प्रथम पेज का शेष

सीजी वीएसके एपः ...

तकनीकी खराबी होने पर सुधार कराए जा रहे हैं। मामले की जानकारी राज्य शिक्षा कार्यालय को भेजी गई है। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर सभी टीचर अपने निजी मोबाइल में एप स्टाल किये हैं।

1 जनवरी से हाजिरी...

ब्लॉक सोनहत के नेटवर्क विहीन एरिया में कार्यरत लगभग 20 फीसदी शिक्षक हलाकान हैं। उनका ऐप में पंजीयन तक नहीं हुआ है। मामले में राज्य कार्यालय को मोबाइल नेटवर्क नहीं होने की जानकारी उपलब्ध कराई गई है।

सीजी वीएसके एपः कोरिया

पीएम बोले- डीपफेक...

और भरोसेमंद नहीं होगा, तो एआई का आउटपुट भी खतरनाक हो सकता है। इसलिए उन्होंने डेटा संप्रभुता का सम्मान करने और एक वैश्विक स्तर पर विश्वसनीय डेटा फ्रेमवर्क बनाने का सुझाव दिया।

प्रधानमंत्री के भाषण ...

दिमाग उसे बेहतर और सुरक्षित बना पाएंगे।

ह्यूमन-सेंट्रिक अप्रोच और नौकरियां:

पीएम ने कहा कि एआई नौकरियां खत्म नहीं करेगा बल्कि नए अवसर पैदा करेगा। उन्होंने कहा कि हम ऐसे युग में हैं जहां इंसान और मशीन मिलकर क्रिएट करेंगे। उन्होंने स्किलिंग और रिस्किलिंग को एक 'मास मूवमेंट' बनाने पर जोर दिया।

एआई की दुनिया में ...

को सफलतापूर्वक पार करते हुए शीर्ष स्थान हासिल करना उनकी असाधारण प्रतिभा, परिश्रम और नवाचार क्षमता का प्रमाण है।

बिना अनुमति देश छोड़कर...

(वचन) को अपना लिया है, जो उनकी ओर से सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने 4 फरवरी को कोर्ट में पेश की थी। तब रोहतगी ने अदालत को मौखिक रूप से आश्वस्त किया था कि अंबानी देश छोड़कर नहीं जाएंगे। अब लिखित हलफनामा दाखिल होने के बाद यह कानूनी रूप से जरूरी हो गया है।

बैंक अधिकारियों की भूमिका की भी होगी जांच

सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच एजेंसियों को कड़े निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा है कि एजेंसियां इस बात की भी तुरंत जांच करें कि क्या बैंक अधिकारियों की इस धोखाधड़ी में कोई मिलीभगत थी।

नक्सल मुक्ति डेडलाइन के अब...

उन्हें समर्पण करने लगातार अपील की जा रही है।

अब शिकायतों में ...

संचालनालय से सभी निगम आयुक्तों, क्षेत्रीय संयुक्त संचालकों तथा नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों के सीएमओ को पत्र जारी किया गया है, जिसमें कहा गया है कि लोक अर्जियों और शिकायतों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन समय पर समाधान न होने से उनकी उपयोगिता और जनता का भरोसा दोनों प्रभावित हो रहे हैं।

साप्ताहिक समीक्षा और नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारी

जारी निर्देशों के तहत सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिवों को निर्देशित किया गया है कि वे जनशिकायतों की साप्ताहिक समीक्षा सुनिश्चित करें।

पेज तीन का शेष

3.4 लाख करोड़...

तथा 500 मेगावाट-ऑवर बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम की स्थापना प्रस्तावित है। ऊर्जा सचिव ने बताया कि प्रदेश को देश की ऊर्जा राजधानी बनाने की दिशा में 32 हजार 100 मेगावाट क्षमता की नई परियोजनाओं हेतु विभिन्न संस्थाओं के साथ एमओयू किए गए हैं। इन परियोजनाओं में 12 हजार 100 मेगावाट ताप विद्युत, 4 हजार 200 मेगावाट न्यूक्लियर, 2 हजार 500 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर तथा 13 हजार 300 मेगावाट पंप स्टोरेज क्षमता शामिल है। इन सभी परियोजनाओं के माध्यम से लगभग 3.4 लाख करोड़ रुपये के निवेश का मार्ग प्रशस्त हुआ है, जिसमें कई प्रमुख संस्थाएं भागीदार हैं।

लुटेरों का यूपी में ...

मंगलवार की रात शहर के राजकिशोर नगर में सराफा व्यापारी से लूटी गई कार शहर से लगते उरतुम गांव के पास से पुलिस ने बरामद कर ली है। कार को छोड़कर लुटेरे फरार हो गए थे। कार में रखा ज्वेलरी से भरा बैग लुटेरे अपने साथ ले भागे थर। कार में रखा था करीब ढाई किलो सोना और साढ़े तीन लाख की नगदी।

सराफा एसोसिएशन के प्रदेश...

जिले के एडिशनल एसपी ,सीएसपी,पूरी टीम सहित दूसरे जिले के पुलिस प्रशासन ने जिस तरह आपसी समन्वय से लूट करने वाले गिरोह का खुलासा इतने कम समय में किया है उसके लिए धन्यवाद है। बिलासपुर के जनता का पुलिस पर भरोसा और भी मजबूत हो चुका है। ऐसी पुलिस व्यवस्था को सलाम है।

खनिज संपदा से समृद्ध...

निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि खनिज विभाग में नई नियुक्तियों से विभागीय कार्यबल मजबूत होगा तथा खनिज अन्वेषण और खनन गतिविधियों को और गति मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवनियुक्त खनि निरीक्षक अपने दायित्वों का समुचित निर्वहन करते हुए खनिज प्रशासन से जुड़े कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

30 खनि निरीक्षकों को ...

गए, जिनमें से 30 नव चयनित खनि निरीक्षकों को आज मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष श्री सौरभ सिंह, सचिव खनिज साधन विभाग श्री पी. दयानंद, संचालक भौमिकी एवं खनिकर्म श्री रजत बंसल सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

एसडीओ 25 हजार ...

उप सरपंच से कथित रूप से 1 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी। आरोप है कि, किसी कार्य को आगे बढ़ाने के एवज में यह राशि मांगी गई थी। उप सरपंच ने इसकी शिकायत एसीबी से की, जिसके बाद टीम ने योजना बनाकर कार्रवाई की।

लोक अदालत में समन शुल्क व समझौता योग्य लंबित प्रकरणों की सुनवाई व निराकरण 14 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के पर्यवेक्षण में यातायात नियमों का उल्लंघन व उपेक्षा करने वाले वाहन चालकों पर यातायात पुलिस बिलासपुर के द्वारा नियमित रूप से सख्त एवं प्रभावी कार्यवाही की जा रही है साथ ही जिले में स्थापित इंटेलिजेंट ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम (आई टी एम एस) के माध्यम से ऑनलाइन माध्यम से भी यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर

सीधे मोबाइल नंबर के माध्यम से चालान की एसएमएस की जा रही है। वहीं पोस्ट ऑफिस के माध्यम से चालान की कॉपी सीधे उनके रजिस्टर्ड उनके पते पर घर प्रेषित की जा रही है।

विदित हो कि 14 मार्च 2026 को लोक अदालत के तहत मोटर व्हीकल एक्ट के तहत की गई कार्यवाहियों का भी निराकरण किया जाना है इस हेतु यातायात पुलिस बिलासपुर के द्वारा लगातार 14 मार्च 2026 से 3 माह पूर्व के सभी प्रकरण का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है जिन्हें लोक अदालत हेतु प्रेषित की जाएगी। अतः ऐसे समस्त वाहन चालक जिनके पास यातायात नियमों के उल्लंघन के परिणाम स्वरूप बिलासपुर पुलिस के द्वारा चालान की गई है वह अविलंब यातायात पुलिस कार्यालय आकर रजिस्ट्रेशन करवा ले ताकि ऐसे प्रकरणों की शीघ्रतापूर्वक निराकरण हो सके।

ई चालान मामले का होगा निराकरण

ज्ञातव्य हो कि ऐसे वाहन चालक जिन लोगों ने अब तक अपनी ई चालान का भुगतान नहीं किया है और जिनके प्रकरण न्यायालय में ट्रांसफर हो चुके हैं उनके मामलों का निराकरण 14 मार्च को आयोजित होने वाली लोक अदालत में किया जाएगा। इस हेतु उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर के मोबाइल नंबर पर लगातार मैसेज भी किया जा रहे हैं ताकि उन्हें लोक अदालत के तिथि एवं दिनांक के संबंध में पर्याप्त जानकारी सुनिश्चित हो सके एवं रजिस्ट्रेशन की प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी प्राप्त हो सके। यातायात नियमों का उल्लंघन कर्ता वाहन चालकों को यह स्पष्ट हो कि यदि लोक अदालत में भी लंबित प्रकरणों का निराकरण करने हेतु आरोपी वाहन चालकों के द्वारा प्रयास नहीं किए जाएंगे उस स्थिति में उनके विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई करते हुए लाइसेंस का निलंबन एवं निरस्तीकरण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाएगी।

लोक अदालत में निराकरण नहीं होने पर न्यायालय भेजा जाएगा

लोक अदालत में भी प्रकरणों का निराकरण नहीं कराने की स्थिति में पुलिस के द्वारा वाहनों की जप्ती कर उक्त वाहनों को न्यायालय में पेश किया जाएगा और ऐसे वाहनों से जुड़ी हुई सभी सेवाएं और कार्य को नियामानुसार बाधित की जा सकती है। ऐसे समस्त वाहन चालक जिन्हें यातायात नियमों की उल्लंघन पर चालानी कार्यवाही के तहत चालान प्राप्त हुए हैं उन सभी से यातायात पुलिस बिलासपुर के विशेष अपील है कि निर्धारित समय पर अपने प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करावे ताकि किसी भी प्रकार के विधि संगत कार्यवाहियों में उन्हें प्रक्रियाओं का सामना करना ना पड़े और उक्त वाहन से सम्बंधित सेवाओं पर विपरीत प्रभाव न हो।

वाहन प्रकरणों का निराकरण नहीं करने पर आरटीओ भेजा जाएगा

ऐसे वाहन चालकों द्वारा अपने प्रकरणों का निराकरण नहीं किए जाने की स्थिति में न्यायालय के द्वारा उक्त प्रकरण को आरटीओ कार्यालय हेतु भेजी जाएगी जहां पर उसके लाइसेंस का निलंबन एवं निरस्तीकरण का नियमानुसार प्रावधान के तहत कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही पुलिस के द्वारा ऐसे वाहन चालकों की वाहनों पर भी जप्ती सहित नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है।

न्यूज गैलरी

विश्व शान्ति और अर्थ क्रान्ति का आगाज

बिलासपुर/नवप्रदेश। कल्कि अवतार के बारे में जानकारी मिली है कि यह भगवान विष्णु का दसवां और अंतिम अवतार माना जाता है। यह अवतार कलियुग के अंत में होगा, जब पृथ्वी पर पाप और अधर्म अपनी चरम सीमा पर पहुँच जाएगा। कल्कि अवतार का उद्देश्य दुष्टों का संहार करना और धर्म की पुनर्स्थापना करना है। कल्कि अवतार के बारे में भविष्यवाणी की गई है कि उनका जन्म शम्भल नामक ग्राम में विष्णुयश नामक ब्राह्मण के घर होगा। वह देवदत्त नामक घोड़े पर सवार होकर तलवार से दुष्टों का संहार करेंगे। आपने जो समाचार प्राप्त किया है, उसके अनुसार कल्कि अवतार के अनुयायी 18 फरवरी से विश्व व्यापी स्तर पर दुर्दशा मुक्ति युग क्रान्ति आन्दोलन शुरू कर रहे हैं, जिसमें 75 लघु अभियान शामिल हैं। इन अभियानों का उद्देश्य विश्व शान्ति, अर्थ क्रान्ति और युग सर्वोदय को बढ़ावा देना है।

योग गुरु डा. मोनिका का नेशनल जज ट्रेनिंग प्रोग्राम पूरा

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर की योग प्रशिक्षक डॉक्टर मोनिका पाठक ने कुरुक्षेत्र में नेशनल जज ट्रेनिंग प्रोग्राम पूरा करके विशेष उपलब्धि हासिल की है। हाल ही में भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा कुरुक्षेत्र में राष्ट्रीय योग जज ट्रेनिंग प्रोग्राम संपन्न हुआ इस प्रशिक्षण शिविर में देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया तथा व्यवहारिक तकनीक के नियम एवं निरणायको की बारीकियां का गहन प्रशिक्षण लिया छत्तीसगढ़ राज्य से डॉक्टर मोनिका इस राष्ट्रीय प्रशिक्षण में शामिल हुई और डिफिकल्टी जज टाइम जज सहित विभिन्न जजिंग लेवल में विशेषज्ञ हासिल की। उल्लेखनीय है कि डॉ मोनिका पांच पुस्तके लिख चुकी ह और उनके 45 से भी ज्यादा पेपर पब्लिश हुए हैं। अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय में नौ वर्षों से योग अनुदेशक के रूप में कार्य कर रही मोनिका आईपीएस गुरुकुल गनियारी में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष और योग भारत के महासचिव डॉ जयदीप आर्य एवं योग ऋषि बाबा रामदेव उपस्थित थे। उत्तर प्रदेश खेल एसोसिएशन के सचिव रोहित कौशिक राम चावला युद्धवीर अभिजीत बोस एस मारकंडे एस सतीश पारुल शर्मा आशीष टंडन जयंत भारती शैलेंद्र एवं भोजेंद्र साहू की उपस्थिति में यह शिविर संपन्न हुआ।

गांजा सहित एक आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। अवैध रूप से गांजा रखने वाले आरोपी को तारबाहर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 10 किलो 594 ग्राम मादक पदार्थ गांजा एवं 01 नग मोबाईल जब्त किया है। आरोपी झारसुगुडा उडीसा से गांजा बिक्री हेतु बिलासपुर आया था। आरोपी को रेल्वे स्टेशन के पास अंग्रेजी स्कूल के सामने से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। जिले में अवैध गांजा बिक्री की शिकायत एवं इससे बढ़ते अपराध एवं चेतना अभियान के तहत रोकथाम एवं कड़ी कार्यवही हेतु पुलिस उप महानिरीक्षक व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

सीयू के जैव प्रौद्योगिकी विभाग में कार्यशाला आयोजित

सीयू में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से रोगों की पहचान करने किया जाएगा विचार: प्रो. दवे

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) नैक से ए++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय की अंतर विषयक शिक्षा एवं शोध विद्यापीठ के द्वारा मॉलीकूलर डायग्नोस्टिक्स (एमओडीआई 2026) विषय पर पांच दिवसीय (18-22 फरवरी, 2026) राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन कार्यक्रम 18 फरवरी को सुबह 10 बजे जैव प्रौद्योगिकी विभाग के स्मार्ट क्लास रूम में आयोजित किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि प्रो. नीलांबरी दवे, पूर्व कुलपति लपति सौराष्ट्र विश्वविद्यालय राजकोट गुजरात ने कहा कि कार्यशाला का विषय समीचीन है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से रोगों की पहचान के लिए किये जाने वाले परीक्षण को सर्वसुलभ बनाये जाने के विभिन्न माध्यमों पर कार्यशाला में विचार किया जाएगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रो. रमणेश मूर्ति, डीन, छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान बिलासपुर ने कहा कि इस कार्यशाला में आकर अभिभूत महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि युवाओं में मौजूद असीम क्षमता का विकास करना होगा ताकि वे विकसित भारत के निर्माण में सहयोगी बने। प्रो. मूर्ति ने जांच में एआई के प्रयोग, सटीकता और शीघ्रता के विषय पर भी विस्तार से अपनी बात

शोध के नए आयामों पर फोकस: सक्सेना

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रभारी कुलपति प्रो, अमित कुमार सक्सेना ने कार्यशाला के आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा कि इस कार्यशाला के दौरान शोध के नये आयामों पर विचार किया जाएगा। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर मां सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी एवं बाबा गुरु घासीदास जी के चित्र पर पुष्पअर्पित किये। तत्पश्चात नन्हें पौधे से मंचस्थ अतिथियों का स्वागत किया गया। अंतर विषयक शिक्षा एवं शोध विद्यापीठ की अधिष्ठाता प्रो. रेणु भट्ट ने स्वागत भाषण दिया।

कुलपति प्रो. चक्रवाल 2026 के भारतरत्न पंडित मदन मोहन मालवीय प्रज्ञा सम्मान के लिए नामित

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) नैक से ए++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल को वर्ष 2026 के भारतरत्न पंडित मदन मोहन मालवीय प्रज्ञा सम्मान के लिए चुना गया है। राष्ट्रवादी विद्वानों की सर्वोच्च संस्था अखिल भारतीय सारस्वत परिषद वाराणसी के तत्वाधान में आयोजित सम्मान समारोह में यह पुरस्कार दिनांक 23 फरवरी, 2026 को वैदिक विज्ञान केंद्र, बीएचयू, वाराणसी में प्रदान किया जाएगा। कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल को भारतरत्न पंडित मदन मोहन मालवीय प्रज्ञा सम्मान हेतु चयनित होने की सूचना अखिल भारतीय सारस्वत परिषद वाराणसी के राष्ट्रीय चयन समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर मनोज दीक्षित के पत्र द्वारा डॉ. घनश्याम दुबे, सह-प्राध्यापक

इतिहास विभाग ने भेंट कर प्रदान की। यह अखिल भारतीय सारस्वत परिषद वाराणसी का सर्वोच्च सम्मान है जो प्रत्येक 4-5 वर्षों में एक बार इस क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्वान को दिया जाता है। यह सम्मान कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल के तीन दशकों से अधिक शिक्षा के क्षेत्र में विशेष रूप से कुलगुरु के रूप में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय को अकादमिक क्षितिज तक ले जाने के प्रयासों की सराहना है। वाराणसी में अखिल भारतीय सारस्वत परिषद आयोजित केन्द्रीय चयन समिति की बैठक में इस आशय का निर्णय लिया गया।

मंत्री तोखन ने सीजे की माता को दी श्रद्धांजलि

बिलासपुर/नवप्रदेश। आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने मुंगेली नाका स्थित संसदीय क्षेत्र कार्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और सांगठनिक व सामाजिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। संसदीय कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के अनेक नागरिक अपनी समस्याओं, सुझावों एवं अपेक्षाओं के साथ पहुंचे। अपने

प्रवास के दौरान श्री साहू छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा की माता कुसुम सिन्हा की श्रद्धांजलि सभा में सम्मिलित हुए। उन्होंने दिवंगत आत्मा को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

ठरकपुर में हर घर नल, जल का सपना हुआ साकार

बिलासपुर/नवप्रदेश। जल जीवन मिशन से मुंगेली जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर ग्राम ठरकपुर में हर घर नल, हर घर जल का सपना साकार हुआ है। मिशन के अंतर्गत ठरकपुर में पाइपलाइन बिछाकर प्रत्येक घर को नल कनेक्शन प्रदान किया गया है। इसके बाद से गांव में न केवल पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है, बल्कि पानी की गुणवत्ता और नियमितता भी बेहतर हुई है। अब गांव के हर घर में स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। इसने ठरकपुर की कहानी बदल गई है। कभी पेयजल संकट से जूझने वाले ठरकपुर की तस्वीर आज पूरी तरह बदल चुकी है। एक समय था जब पानी के लिए हैंडपंपों पर लंबी कतारें, मटकों और बाल्टियों के साथ ग्रामीणों की भीड़ तथा गर्मी के दिनों में गांव में जल संकट होता था। पहले पूरा गांव पेयजल के लिए 8 हैंडपंपों के भरोसे था। गर्मियों में जलस्तर गिरने से ये हैंडपंप अक्सर जवाब दे जाते थे, जिससे ग्रामीणों विशेषकर महिलाओं को दूर-दराज के जल स्रोतों से पानी लाने मजबूर होना पड़ता था।

47 कार्यों के लिए 3.5 करोड़ स्वीकृत

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के भाटापारा नगर पालिका में 47 कार्यों के लिए 3 करोड़ 50 लाख 32 हजार रुपए की स्वीकृति दी है। विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रावधानित अधोसंरचना मद से ये कार्य मंजूर किए हैं। विभाग ने वार्ड क्रमांक-1 में सीसी रोड के लिए 8 लाख 15 हजार रुपए, वार्ड क्रमांक-2 में श्मशान घाट के चारों ओर सीसी रोड के लिए 3 लाख 14 हजार रुपए, वार्ड क्रमांक-3 में फिल्टर प्लांट में मरम्मत एवं रंग-रोगन के लिए 8 लाख 5 हजार रुपए तथा वार्ड क्रमांक-4 में हनुमान मंदिर के पास बाउंड्रीवॉल के लिए 5 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। नगरीय प्रशासन विभाग ने भाटापारा नगर पालिका के वार्ड क्रमांक-5 में सीसी रोड के लिए 7 लाख 67 हजार रुपए तथा दो आरसीसी नालियों के लिए एक लाख 64 हजार रुपए मंजूर किए हैं। वार्ड क्रमांक-7 में दो सीसी रोड के लिए 2 लाख 87 हजार रुपए, वार्ड क्रमांक-8 में दो आरसीसी नाली के लिए 2 लाख रुपए एवं सीसी रोड के लिए 4 लाख 99 हजार रुपए और वार्ड क्रमांक-9 में सीसी रोड के लिए 8 लाख 55 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। विभाग ने वार्ड क्रमांक-10 में सीसी रोड के लिए 4 लाख 4 हजार रुपए और नाली में ढक्कन निर्माण के लिए 4 लाख 51 हजार रुपए, वार्ड क्रमांक-11 में नाला निर्माण के लिए 6 लाख 33 हजार रुपए, वार्ड क्रमांक-12 में अंडरब्रिज में बीटी रोड मरम्मत एवं पुताई के लिए 41 लाख 75 हजार रुपए, नाली निर्माण के लिए 2 लाख 54 हजार रुपए एवं दो सीसी रोड टॉप कार्य के लिए 5 लाख 24 हजार रुपए मंजूर किए हैं। वार्ड क्रमांक-13 में सीसी रोड टॉप कार्य के लिए 2 लाख 16 हजार रुपए और नाली निर्माण के लिए 7 लाख 81 हजार रुपए, वार्ड क्रमांक-14 में नाली निर्माण के लिए 7 लाख 63 हजार रुपए, वार्ड क्रमांक-16 में सीसी रोड के लिए 13 लाख 29 हजार रुपए तथा वार्ड क्रमांक-17 में तीन सीसी रोड के टॉप कार्य के लिए 7 लाख 98 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

समय-सीमा में कार्य पूरा करने निर्देश

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने संचालनालय से राशि की मंजूरी का आदेश जारी कर दिया है। श्री साव ने सभी कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने भाटापारा नगर पालिका में गुरू घासीदास चौक सौंदर्यीकरण, बस स्टैंड चौक सौंदर्यीकरण, संत कंवरराम चौक सौंदर्यीकरण, सुहेला चौक सौंदर्यीकरण तथा संत माता कर्मा चौक सौंदर्यीकरण के लिए 25-25 लाख रुपए मंजूर किए हैं।

दो दिवसीय स्वरोजगार प्रोत्साहन मेला शुरु

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्थानीय देवकीनंदन दीक्षित ऑडिटोरियम में आज दो दिवसीय स्वरोजगार प्रोत्साहन मेला का शुभारंभ हुआ। विधायक सुशांत शुक्ला ने दीप प्रज्ज्वलित कर मेले का शुभारंभ किया। मेले का आयोजन जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, बिलासपुर के द्वारा किया गया है। मेले का मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार मूलक योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करना तथा संबंधित विभागों एवं भागीदारों के साथ चर्चा-परिचर्चा कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करना रहा। मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक सुशांत शुक्ला ने अपने संबोधन में शासन की विभिन्न योजनाओं, वित्तीय प्रबंधन, मार्केटिंग रणनीति, लाइसेंस प्रक्रिया एवं अन्य आवश्यक पहलुओं की जानकारी देते हुए युवाओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार ही आत्मनिर्भरता की कुंजी है और शासन युवाओं को हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, बिलासपुर के मुख्य महाप्रबंधक सी.आर. टेकाम ने स्वागत उद्बोधन में शासन द्वारा संचालित विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी देते हुए युवाओं को स्वयं का रोजगार स्थापित करने हेतु प्रेरित किया।

अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी, लूट के लिए युवक की हत्या

बिलासपुर/नवप्रदेश। 15 जुलाई 2025 को अरपा नदी चेक डैम के नीचे एक अज्ञात शव मिलने की सूचना पर मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की गई। शव की पहचान राजेंद्र सूर्यवंशी के रूप में हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट,डायटम रिर्पोट, विस्सरा रिपोर्ट, टेक्निकल विश्लेषण जांच के आधार पर हत्या की पुष्टि होने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की गई। थाना सिटी कोतवाली में दर्ज अपराध क्रमांक 122/2026 धारा 103(1), 309(6), 3(5) बीएनएस के प्रकरण में मृतक राजेंद्र सूर्यवंशी (उम्र 25 वर्ष), निवासी ग्राम नरगोड़ा की हत्या का खुलासा किया गया है। जांच के दौरान टेक्निकल इनपुट तथा हुमन इनटेल के आधार पर आरोपी विकास उर्फ भोले केवट (उम्र 20 वर्ष) शनि उर्फ छोटू गंधर्व (उम्र 20 वर्ष) को हिरासत में लेकर मनोवैज्ञानिक तरीक़े से सीएसपी सिटी कोतवाली गगन कुमार , थाना प्रभारी देवेश सिंह राठौर द्वारा पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि घटना दिनांक को वे पचड़ी घाट डैम के दूसरी छोर में नदी किनारे शराब सेवन के बाद जब डैम के रास्ते आ रहे थे। उस दौरान मृतक को वहाँ अकेले बैठे देख यह सोच के कि इसके पास मोबाइल एवं नगदी होने की जानकारी मिलने पर दोनों आरोपियों ने लूट की नीयत से मृतक के साथ मारपीट की। मृतक द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने गंभीर मारपीट की, जिससे वह अचेत हो गया। साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से दोनों आरोपियों ने मृतक को पुल की रेलिंग से नीचे नदी में फेंक दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद आरोपी मृतक का मोबाइल एवं नगदी लेकर फरार हो गए। लूटा गया मोबाइल बरामद कर लिया गया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

लोकार्पण: 17 लाख की लागत से बना भवन, रखरखाव की जिम्मेदारी क्षेत्रवासियों को निभाने की अपील

वार्ड क्रमांक 37 में अटल वाटिका का विधायक अमर ने किया लोकार्पण

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में वार्डों के विकास के तहत बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ मांगलिक कार्यक्रमों के लिए स्थायी स्थान उपलब्ध कराने की दिशा में एक और पहल की गई है। इसी कड़ी में वार्ड क्रमांक 37 में नवनिर्मित अटल वाटिका का गुरुवार को लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने फीता काटकर भवन का उद्घाटन किया और इसे क्षेत्रवासियों को समर्पित किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए सुव्यवस्थित स्थान मिलेगा

विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि अटल वाटिका के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को शादी-विवाह, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए सुव्यवस्थित स्थान मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार विकास कार्य कर सुविधाएं उपलब्ध करा सकती है, लेकिन उनके संरक्षण और रखरखाव की जिम्मेदारी स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों की होती है। यदि सामूहिक रूप से संसाधन जुटाए जाएं तो इस भवन का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जा सकता है। अटल वाटिका का निर्माण लगभग 17 लाख रुपये की लागत से किया गया है। इसके अतिरिक्त करीब 7 लाख रुपये की लागत से एक अन्य स्थान पर भी भवन का निर्माण कराया गया है। क्षेत्रवासियों ने इस सौगात के लिए जनप्रतिनिधियों का आभार जताया।

बिल्हा तहसील में नोटरी की नियुक्ति न होने पर अधिवक्ताओं में रोष

बिल्हा/नवप्रदेश। बिल्हा तहसील क्षेत्र में चार नोटरी नियुक्ति हेतु माह अगस्त में आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है लेकिन आज तक नोटरी नियुक्ति की कार्यवाही पूर्ण नहीं होने से अधिवक्ताओं में रोष है। ज्ञात हो कि तहसील क्षेत्र हेतु 23 अगस्त 2018 के राजपत्र में 4 नोटरी पद का सृजन किए जाने का प्रकाशन हुआ है। आज लगभग 7 वर्ष व्यतीत हो जाने के बाद भी बिल्हा तहसील हेतु स्वीकृत पद पर नोटरी की नियुक्ति नहीं हो पायी है। इस सबंध में प्रथम बार माह जनवरी 2020 में आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था जिसे स्थगित कर दिया गया था, पुन 28 फरवरी 2023 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था उसे भी निरस्त कर दिया गया। पुनः दो सालों बाद अगस्त 2025 तक नोटरी नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जा चुका है। लेकिन आज लगभग पांच-छः माह व्यतीत हो जाने के बाद भी आगे अग्रिम कार्यवाही करते हुए साक्षात्कार लिया जाकर नोटरी नियुक्ति नहीं हो पायी है। जिससे स्थिति यथावत बनी हुई है। राजपत्र प्रकाशन में स्वीकृत छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिला-तहसील मुख्यालयों में नोटरी नियुक्ति की प्रक्रिया सालों से पहले पूर्ण कर लिया गया है।

छत्तीसगढ़ में आदिवासी बहुल क्षेत्र के कई गांवों में पास्टर व धर्मांतरित ईसाइयों के प्रवेश पर रोक

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुल क्षेत्र में फैल रहे धर्मांतरण के जाल और पादरियों व धर्मांतरित हो चुके आदिवासियों के प्रवेश पर बस्तर के ग्रामीण अंचलों के गांव में रोक लगा दी गई है। ग्राम सभा की मीटिंग में फैसला लिया गया और गांव के बाहर इस तरह का बोर्ड लगा दिया गया है। ग्राम सभा का यह फैसला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। मामले की सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने ग्राम सभा के फैसले को सही ठहराते हुए दायर की गई याचिका को खारिज कर दिया है।

धर्मांतरण से जुड़े मामलों में एक भी दोषसिद्धि नहीं

सीनियर एडवोकेट ने दावा किया कि बीते 10 वर्षों में छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण से जुड़े मामलों में एक भी दोषसिद्धि नहीं हुई है। सीनियर एडवोकेट के तर्कों से असहमति जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, आपको नियमों के तहत उचित प्राधिकारी के पास जाना चाहिए था। शपथपत्र, पेश किए गए दस्तावेज और साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच करते। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा, पहले उपलब्ध वैधानिक उपायों का उपयोग किया जाना चाहिए और सीधे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने से पहले संबंधित प्राधिकरण से संपर्क करना आवश्यक है।

सुप्रीम कोर्ट ने की थी याचिका खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी, जिसमें ग्राम सभा द्वारा गांव के प्रवेश द्वारों पर लगाए गए ऐसे होर्डिंग को सही ठहराया था, जिनमें ईसाई पादरियों और धर्मांतरण कर चुके आदिवासी ईसाइयों के प्रवेश पर रोक लगाई गई थी। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की डिवीजन बेंच ने याचिकाकर्ता की ओर से पैरवी कर रहे सीनियर एडवोकेट कॉलिन गोंसाल्वेस और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें सुनने के बाद यह फैसला सुनाया है।

धर्मांतरित ईसाइयों के प्रवेश पर रोक असंवैधानिक नहीं

याचिकाकर्ता की ओर से पैरवी करते हुए सीनियर एडवोकेट कॉलिन गोंसाल्वेस ने कहा कि हाई कोर्ट ने गांव में ईसाई पादरियों और धर्मांतरित ईसाइयों के प्रवेश पर रोक को असंवैधानिक नहीं माना, जबकि मिशनरी गतिविधियों पर बिना पर्याप्त सामग्री के टिप्पणी की गई। सीनियर एडवोकेट ने कहा, देश में प्रार्थना सभाओं के दौरान पादरियों पर कथित हमलों से जुड़े मामले लंबित हैं, धर्मांतरित आदिवासियों की मृत्यु के बाद शव को गांव में दफनाने की अनुमति नहीं दी गई, कुछ मामलों में कब्र से शव निकालकर अन्य स्थान पर दफनाने की नौबत भी आई है।

ग्राम सभा में लिया निर्णय

ग्राम सभा ने यह कदम गांववासियों के जबरन या लालच देकर धर्म परिवर्तन को रोकने के उद्देश्य से उठाया था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट के फैसले के पैरा 34 का उल्लेख किया, जिसमें याचिकाकर्ता को सक्षम प्राधिकारी (ग्राम सभा) के समक्ष उपाय अपनाने की स्वतंत्रता दी गई थी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हाई कोर्ट में याचिका सीमित मुद्दों पर दायर की गई थी, जबकि सुप्रीम कोर्ट में कई नए तथ्य और आयाम जोड़े गए हैं। इसलिए याचिकाकर्ता पुनः हाई कोर्ट का रुख कर सकता है।

न्यूज गैलरी

राशन दुकान आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के विकासखंड मस्तूरी के अंतर्गत सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 8 ग्रामों में उचित मूल्य (राशन) दुकानों के संचालन हेतु 13 मार्च तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। एसडीएम कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इनमें बूढ़ीखार, गतोरा, केवतरा, गोडाडीह, मस्तूरी, मटिया, शिवटिकारी एवं सुकुलकारी ग्रामों में राशन दुकान खोले जाने हैं। इन ग्रामों राशन दुकान के लिए पात्र स्व सहायता समूह, ग्राम पंचायत अथवा सहकारी संस्थाएं निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत कर सकती हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 13 मार्च निर्धारित की गई है। इच्छुक आवेदकों को अपने आवेदन मस्तूरी स्थित एसडीएम कार्यालय की खाद्य शाखा में उक्त तिथि तक जमा करना होगा। आवेदन निर्धारित फॉर्मेट में तैयार कर ए-4 आकार के लिफाफे में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। निर्धारित शर्तों एवं दिशा-निर्देशों के अनुसार ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। खाद्य निरीक्षक ने पात्र संस्थाओं से समय-सीमा के भीतर आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की है। विस्तृत जानकारी एसडीएम कार्यालय मस्तूरी के खाद्य शाखा से प्राप्त की जा सकती है।

शासकीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षा समय सारणी जारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में संचालित शासकीय विद्यालय एवं स्वामी आत्मानंद विद्यालय हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में अध्ययनरत 1लीं से 7वीं, 9वीं एवं 11वीं के विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा की समय सारणी जारी कर दी गई है। कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार पहली से चौथी कक्षा की वार्षिक परीक्षा 27 मार्च से, छठवीं, सातवीं, नवमी एवं ग्यारहवीं कक्षा की परीक्षा 25 मार्च से प्रारंभ होगी। नवमी एवं ग्यारहवीं की परीक्षाएं 10 अप्रैल तक वहीं शेष कक्षाओं की परीक्षा 9 अप्रैल को समाप्त हो जाएगी। कक्षाओं के अनुरूप वार्षिक परीक्षा का समय भिन्न-भिन्न निर्धारित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने निर्देशित किया है कि सभी विषयों की प्रयोजना कार्य 5 मार्च तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लें। परीक्षा उपरांत विषयवार उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करें एवं मध्यान्ह भोजन का सुचारू रूप से संचालन हो।

गीता दीदी का जीवन दिव्य गुणों की मिसाल: स्वाति

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बिलासपुर की सबसे पुरानी एवं मुख्य शाखा, टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में ब्रह्माकुमारीज का बिलासपुर में बीजारोपड करने वाली राजयोगिनी बीके गीता दीदी जी का 12वीं पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सेवाकेन्द्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने कहा कि गीता दीदी का सम्पूर्ण जीवन दिव्य गुणों का जीवंत स्वरूप था। वे सदा शांत, सुलझे और समाधान स्वरूप आत्मा बनकर सभी के सामने रहीं। गीता दीदी में सबसे प्रमुख गुण था—अहंकार से पूर्णतः मुक्त रहना। विशाल सेवा क्षेत्र, जिम्मेदारियाँ और सम्मान होने के बावजूद उनके मन में सदा 'मैं नहीं, ईश्वरीय निमित्त' की भावना रही। वे हर आत्मा को समान दृष्टि से देखती थीं—चाहे वह नया जिज्ञासु हो या पुराना सेवाधारी। उनके लिए हर आत्मा मूल्यवान थी। उनका धैर्य और सहनशीलता अनुकरणीय थी। कठिन परिस्थितियों में भी वे स्थिर रहतीं और समस्याओं को समाधान में बदलने की कला सिखाती थीं।

कार्यकर्ताओं ने घेराबंदी-बैरिकेड तोड़ा, मनरेगा बचाव संग्राम में शक्ति प्रदर्शन

कलेक्टोरेट घेरने निकले कांग्रेसियों की पुलिस जवानों से झूमाझटकी

■ **विजय बोले-गांधी नाम से डरती है सरकार**

बिलासपुर/नवप्रदेश। केंद्र सरकार की तरफ से मनरेगा का नाम बदलने और एक्ट बनाने के विरोध में एनएसयूआई, युवा कांग्रेस और कांग्रेस ने आज बिलासपुर में प्रदर्शन किया। मनरेगा बचाव संग्राम नाम से नेहरू चौक पर सभा की, फिर शक्ति प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट का घेराव निकल गए। जिन्हें पुलिस ने स्टेट बैंक ब्रांच के पास सड़क पर बैरिकेड लगाकर रोकने की कोशिश की। लेकिन पुलिस की घेराबंदी भेदकर कांग्रेसी आगे बढ़ गए हैं। इस दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच जमकर झड़प और झूमझटकी हुई। हालांकि, कलेक्ट्रेट घेरने में कांग्रेसी नाकाम रहे। जिला प्रशासन के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर कहा कि, मांगे पूरी नहीं होगी तो सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन जारी रहेगा। सरकार गांधी नाम से डरती है।

कांग्रेस ने शांति पूर्ण प्रदर्शन किया: अपर कलेक्टर

वहीं, बिलासपुर अपर कलेक्टर शिव बनर्जी का कहना है कि, प्रदर्शन के दौरान कोई भी ऐसी स्थिति नहीं बनी है, जिससे कानून व्यवस्था बिगड़े। कांग्रेस ने शांति पूर्ण प्रदर्शन किया। आगे की परिस्थिति के हिसाब से कार्रवाई की जाएगी।

प्रदर्शन के दौरान केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि, वे गरीब और मजदूर वर्ग के अधिकारों की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ते रहेंगे। कार्यक्रम में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी देखने को मिली।

प्रदर्शन के बाद ट्रैफिक जाम की स्थिति

इसके अलावा, प्रदर्शन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता और नेता एक साथ अपने-अपने घरों की ओर निकलने लगे। जिससे ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई। सड़क पर वाहनों की कतार लग गई। इस प्रदर्शन में 2000 से अधिक लोगों की भीड़ जुटने का दावा किया गया।

केंद्र सरकार मनरेगा योजना को कर रही कमजोर

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि, केंद्र सरकार मनरेगा योजना को कमजोर कर रही है। उसकी जगह नया काला कानून लागू किया गया है। इस फैसले से ग्रामीण मजदूरों को सीधा नुकसान हो रहा है। नेताओं ने मांग की कि कथित काला कानून को तत्काल हटाया जाए। देश में पहले की तरह मनरेगा व्यवस्था को मजबूत किया जाए। मीडिया से चर्चा के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि, मनरेगा ग्रामीण परिवारों की आजीविका का बड़ा सहारा है। यदि यह व्यवस्था कमजोर होती है, तो मजदूरों को दूसरे राज्यों में पलायन करना पड़ता है। इससे छोटे-छोटे बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होती है और बेरोजगारी की समस्या बढ़ती है।

गांधी नाम से डरती है सरकार: विजय

पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि, बीजेपी सरकार गांधी के नाम से डरती है। चाहे वह महात्मा गांधी हों, राजीव गांधी हों, इंदिरा गांधी हों या राहुल गांधी हों। उन्हें रोकने की कोशिश हुई। जब जब इस देश में बीजेपी गांधी को रोकने की कोशिश करेगी, तब तक नाथूराम गोडसे की विचारधारा नहीं चलने वाली है।

राज्य स्तरीय खो-खो में लेखराम का चयन

बिल्हा/नवप्रदेश। अग्रसेन महाविद्यालय की प्रतिभावान छात्र लेखराम निषाद का खो-खो खेल में राज्य स्तरीय टीम के लिए चयन होने पर पूरे महाविद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार चौरसिया एवं प्राचार्य डॉ. सावित्री त्रिपाठी ने लेखराम निषाद को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दी। इस अवसर पर डॉ. आलोक कुमार चौरसिया ने कहा कि लेखराम का यह उपलब्धि निरंतर परिश्रम,

अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। यह महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। 'वहीं प्राचार्य डॉ. सावित्री त्रिपाठी ने कहा कि,लेखराम निषाद ने अपने प्रदर्शन से महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। हमें पूर्ण विश्वास है कि वह राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्था को गौरवान्वित करेंगे।

वार्ड नंबर 2 में सियान सदन के निर्माण स्थल परिवर्तन की मांग

बिल्हा/नवप्रदेश। बिल्हा वार्ड नंबर 02 स्थित पुरानी पानी टंकी को तोड़कर वहां पर सियान सदन बनाया जाना प्रस्तावित है ऐसा स्थानीय पार्षदों से ज्ञात हुआ है जो कि भविष्य को देखते हुए स्थान चयन यातायात की दृष्टि से उचित नहीं है।ज्ञात हो कि 60-70 साल पूर्व बिल्हा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 2 कुटिया मंदिर के पास पानी टंकी का निर्माण ग्राम पचायत काल में कराया गया था। उस समय बिल्हा की आबादी कम थी निर्माणाधीन पानी टंकी के आसपास खाली भूमि था मकान आदि नहीं बना था।

यातायात समस्या बढ़ेगी

स्थानीय पार्षदों के माध्यम से ज्ञात हुआ है कि उक्त पानी टंकी को तोडकर वहा पर सियान सदन का निर्माण किया जाना प्रस्तावित किया गया है जो कि भविष्य को देखते हुए उचित नहीं है क्योकि पानी टंकी को तोडकर पुनः फिर वहां पर भवन निर्माण कर देने से यातायात की समस्या का समाधान नहीं होकर समस्या यथावत रहेगी।

पानी टंकी का निर्माण और सिरगिट्टी पाइपलाइन विस्तार का काम जल्द पूरा करें: कमिश्नर

■ **सेल्टर में वैक्सीनेशन और बधियाकरण की ली जानकारी**

बिलासपुर/नवप्रदेश। घुरू में 15 वें वित्त आयोग से ढाई करोड़ की लागत से पानी टंकी का निर्माण किया जा रहा है,175 केएल की क्षमता से निर्माणाधीन इस टंकी के शुरू हो जाने से घुरू अमेरी क्षेत्र में जल आपूर्ति सुचारू रूप से हो सकेगी। इस निर्माणाधीन पानी टंकी और पाइपलाइन कार्य का आज निगम कमिश्नर श्री प्रकाश कुमार सर्वे ने निरीक्षण किया। इस दौरान निगम कमिश्नर ने अधिकारियों और ठेकेदार को शीघ्र ही इस कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए,विदित है कि पानी टंकी निर्माण में पचास प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है,शेष कार्यों को त्वरित गति से पूरा करने के निर्देश दिए गए है।

इसी तरह सिरगिट्टी में हर साल होने वाले जल संकट को दूर करने के लिए अमृत मिशन योजना के तहत संचालित बिरकोना ट्रीटमेंट प्लांट से 9 करोड़ की लागत से सिरगिट्टी तक साढ़े चार किमी पाइपलाइन का विस्तार किया जा रहा है। इस कार्य का भी निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने निरीक्षण किया। निगम कमिश्नर ने कहा कि यह कार्य जनहित की दृष्टी से अत्यंत महत्वपूर्ण है,इस कार्य को जल्द से जल्द गुणवत्ता के साथ पूरा करें ताकि सिरगिट्टी क्षेत्र के वासियों को इसका लाभ मिल सकें। विदित है कि सिरगिट्टी क्षेत्र में गर्मी के मौसम में भू जल स्तर गिरने की वजह से हर साल पानी की समस्या हो जाती है, जिसके निराकरण के लिए अमृत मिशन के तहत बिरकोना प्लांट से सतही जल पहुंचनाने का कार्य किया जा रहा है। पाइपलाइन विस्तार के बाद बिरकोना स्थित प्लांट से पानी मिलने पर सिरगिट्टी क्षेत्र में पानी की समस्या से निजात मिलेगा। इसके अलावा निगम कमिश्नर ने डॉग सेल्टर का भी निरीक्षण कर कुत्तों को पकड़ने और रखने की जानकारी ली,इसके अलावा सेल्टर में वैक्सीनेशन और बधियाकरण की भी जानकारी लेकर निगम कमिश्नर श्री सर्वे ने रख रखाव संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

पीएम आशा योजना के तहत किसानों का पंजीयन 28 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजना (पी.एम. आशा योजना) के तहत प्राइम सपोर्ट स्कीम अन्तर्गत किसानों का पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल में किया जाना है। योजना अन्तर्गत रबी विपणन वर्ष 2026-27 में चना, मसूर, एवं सरसों फसलों की बुवाई करने वाले किसान अपना पंजीयन 28 फरवरी 2026 तक करवा सकते है। इन फसलों की बुवाई करने वाले कृषक अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के माध्यम से सेवा सहकारी समितियों में आवेदन पत्र के साथ ऋण पुस्तिका, बी-1, पी-2, आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति जमा कर किसान डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पोर्टल पर पंजीयन करवा सकते है। पीएम आशा योजना अन्तर्गत शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा में रबी विपणन वर्ष 2026-27 में चना, मसूर एवं सरसों फसल प्राईस सपोर्ट स्कीम के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर जिलें के चिन्हाकिंत केन्द्रीय एजेंसी भारती राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्यादित (नेफेड) द्वारा पंजीकृत कृषकों की फसलों का उपार्जन किया जाएगा।

खेल ही युवाओं की असली ताकत: अरविंद लहरिया

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्य अतिथि अरविंद लहरिया ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जरूरत है उन्हें मंच, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन देने की। खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि अनुशासन, संघर्ष और नेतृत्व का पाठ पढ़ाता है। आज परसाही की धरती पर जिस उत्साह के साथ यह प्रतियोगिता संपन्न हुई है, वह साबित करता है कि हमारे गांवों का भविष्य उज्ज्वल है। मैं आयोजन समिति और सभी खिलाड़ियों को बधाई देता हूं और विश्वास दिलाता हूं कि ऐसे आयोजनों को आगे भी पूरा सहयोग मिलता रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि खेल युवाओं को नशे और गलत रास्तों से दूर रखकर सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है तथा समाज को एकजुट करने का माध्यम बनता है। खांडा मंडल अध्यक्ष प्रमोद जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं गांवों में आपसी भाईचारा और एकता को मजबूत करती हैं। आज जिस अनुशासन और खेल भावना का परिचय खिलाड़ियों ने दिया है, वह सराहनीय है। हार-जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन असली जीत उस उत्साह और सहभागिता की है जो पूरे गांव में देखने को मिली। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद इतना सफल आयोजन करना गांव की एकजुटता का प्रतीक है। इस सफल आयोजन में महेंद्र विश्वकर्मा, सुशांत दास, बालेश्वर पाटनवार, भाऊ सिंह, रुततम सिंह, विपिन गोस्वामी, चंद्रकुमार यादव, राजेश्वर यादव, अमरदास, देवेंद्र कौशिक, रेशम सिंह, सूर्यांश, अर्जुनदास, पवन दास सहित आयोजन समिति के सभी सदस्यों एवं ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा। समापन अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पूरे कार्यक्रम में ग्रामीणों और युवाओं की भारी उपस्थिति ने आयोजन को यादगार बना दिया।

कार्रवाई: 'ऑपरेशन यात्री सुरक्षा', 'ऑपरेशन रेल सुरक्षा' व 'ऑपरेशन नार्कोस' के तहत आरपीएफ नागपुर मंडल की बड़ी कार्रवाई

अलग-अलग चोरी में संलिप्त 8 आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष अभियानों– 'ऑपरेशन यात्री सुरक्षा', 'ऑपरेशन रेल सुरक्षा' एवं 'ऑपरेशन नार्कोस '–के अंतर्गत मात्र 24 घंटे के भीतर चार अलग-अलग मामलों में 8 आरोपियों को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गई। यह अभियान रेल संपत्ति की सुरक्षा, यात्री सामान की चोरी की रोकथाम तथा प्रतिबंधित मादक पदार्थों, अवैध शराब एवं अन्य अवैध वस्तुओं के परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से निरंतर चलाया जा रहा है। 15 फरवरी को राजनांदगांव रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 01 पर मध्यरात्रि चेकिंग के दौरान तीन संदिग्ध व्यक्तियों को यात्रियों की भीड़

में घूमते एवं उनके सामान की रेकी करते हुए पकड़ा गया। पूछताछ में उनके पास वैध यात्रा टिकट नहीं पाया गया, जिसके बाद उन्हें अग्रिम कार्रवाई हेतु जीआरपी डोंगरगढ़ को सुपुर्द किया गया। 17 फरवरी को गाड़ी संख्या 11754 की निगरानी के दौरान बालाघाट स्टेशन पर एक युवक को संदिग्ध अवस्था में अंधेरे से निकलकर ट्रेन में चढ़ते एवं रेकी करते हुए पकड़ा गया।

महिला आरोपी भी गिरफ्तार

इसी क्रम में 'ऑपरेशन नार्कोस' के तहत 17 फरवरी को गाड़ी संख्या 18109 टाटा-ईतवारी एक्सप्रेस से गोंदिया स्टेशन पर एक महिला को संदिग्ध स्थिति में पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके ट्रॉली बैग से 10 किलो 335 ग्राम गांजा (अनुमानित मूल्य 5,16,750/-) तथा एक एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किया गया। आरोपी महिला के विरुद्ध एनडीपीसी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर शासकीय रेल पुलिस, गोंदिया द्वारा जांच प्रारंभ की गई है। इसके अतिरिक्त, नैनपुर क्षेत्र में ग्वारीघाट स्टेशन के जबलपुर छोर स्थित नॉर्थ गुमटी (सिग्नल) का ताला तोड़कर केबल क्षतिग्रस्त करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरपीएफ द्वारा अपराध पंजीबद्ध किया गया। श्वान दस्ते एवं सीसीटीवी फुटेज की सहायता से तीन आरोपियों की पहचान कर उन्हें अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने पूछताछ में रेलवे गुमटी का ताला तोड़कर केबल काटने का अपराध स्वीकार किया है। उक्त समस्त कार्रवाई मुनव्वर खुर्शीद, महानिरीक्षक सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, बिलासपुर के निर्देशन तथा दीप चन्द्र आर्य, मंडल सुरक्षा आयुक्त/रेसुब नागपुर के मार्गदर्शन में संपन्न की गई।

छत्तीसगढ़ पेंचाक सिलाट संघ की वार्षिक आमसभा आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। 18 जनवरी को होटेल बंसीवाला में छत्तीसगढ़ पेंचाक सिलाट मार्शल आर्ट संघ की वार्षिक बैठक संपन्न हुई बैठक में महासचिव शेख समीर द्वारा गत वर्ष की कार्य गतिविधि की जानकारी दी गई एवं आगामी वर्ष की कैलेंडर जारी की गई बैठक में प्रदेश के मुख्य कार्यकारिणी एवं 14 जिले के अध्यक्ष सचिव ने भाग लिया। बैठक में उपस्थित प्रदेश कार्यकारिणी इस प्रकार है चेयरमेन रविन्द्र सिंह ठाकुर, अध्यक्ष मनीष बाग, उपाध्यक्ष सुश्री ममता पांडे, महासचिव शेख समीर, संयुक्त सचिव एम रत्नाकर, कोषाध्यक्ष मनीष निषाद जी, कार्यकारिणी

सदस्य सबीहा शेख, खुशबू पांडे एवं कुंवर सिंह, टेक्निकल डायरेक्टर शेख अरबाज अली, असिस्टेंट टेक्निकल डायरेक्टर बरुण बाग, रेफरी बोर्ड चेयरमैन अभिषेक देवांगन एवं सचिव सूर्यकांत वर्मा, प्रदेश कार्यालय सचिव बी.बल्बिनी राव यह आम सभा छत्तीसगढ़ पैरा स्विमिंग संघ के महासचिव सूरज यादव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

हम बना रहे भारत का पहला बड़े पैमाने का एआई डेटा सेंटर : टाटा चेयरमैन चंद्रशेखरन

नई दिल्ली। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में एन चंद्रशेखरन ने कहा कि टाटा ग्रुप सिलिकॉन से लेकर एआई डेटा सेंटर और एप्लिकेशन तक हर स्तर पर एआई अपना रहा है और भारत का पहला बड़े पैमाने का एआई-ऑप्टिमाइज्ड डेटा सेंटर बना रहा है। उन्होंने बताया कि 100 मेगावाट क्षमता के लिए ओपनएआई के साथ साझेदारी की गई है, जिसे 1 गीगावाट तक बढ़ाने की योजना है। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में टाटा समूह के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने कहा कि टाटा ग्रुप सिलिकॉन और सिस्टम से लेकर एआई-रेडी डेटा सेंटर, एप्लिकेशन और एआई एजेंट तक हर स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को तेजी से अपना रहा है। उन्होंने इसे एक रोमांचक और परिवर्तनकारी यात्रा बताते हुए कहा कि इस विजन को साकार करने के लिए भारत और दुनिया भर के प्रमुख वैश्विक साझेदारों के साथ सहयोग जरूरी होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश का लक्ष्य एआई को हर नागरिक तक पहुंचाने का होना चाहिए। उन्होंने भारत मंडपम में आयोजित एक कार्यक्रम का उदाहरण देते हुए बताया कि बिना किसी तकनीकी पृष्ठभूमि वाली 1,500 ग्रामीण महिलाओं ने कुछ ही घंटों में एआई टूल्स सीखकर प्रोडक्ट और मार्केटिंग सामग्री तैयार कर ली। चंद्रशेखरन ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री के विजन के तहत भारत ने एआई को एक रणनीतिक राष्ट्रीय क्षमता के रूप में आगे बढ़ाया है, जिसमें चिप्स, सिस्टम, ऊर्जा और एप्लिकेशन को साथ लेकर काम किया जा रहा है। सेमीकॉन इंडिया, इंडिया एआई मिशन और स्वच्छ ऊर्जा से जुड़े सुधारों को उन्होंने इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

टाटा ग्रुप की बड़ी घोषणा

चंद्रशेखरन ने घोषणा की कि टाटा ग्रुप भारत का पहला बड़े पैमाने पर एआई-ऑप्टिमाइज्ड डेटा सेंटर विकसित कर रहा है, जिसे अगली पीढ़ी की एआई ट्रेनिंग और इंफ्रेंस की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शुरुआती 100 मेगावाट क्षमता के निर्माण के लिए ओपनएआई के साथ साझेदारी की गई है, जिसे भविष्य में बढ़ाकर एक गीगावाट तक विस्तार करने की योजना है।

एआई का वैश्विक एंटरप्राइज पर गहरा प्रभाव पड़ेगा

उन्होंने कहा कि एआई का पब्लिक सर्विस डिलीवरी और वैश्विक एंटरप्राइज पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। आईटी इंडस्ट्री के संदर्भ में उन्होंने इसे टेक सेक्टर के लिए सबसे बड़ा अवसर बताते हुए कहा कि आईटी की असली ताकत हर एंटरप्राइज के बिजनेस, टेक्नोलॉजी लैंडस्केप और पूरे इकोसिस्टम की समझ में होती है, और एआई इस भूमिका को और मजबूत करेगा।

एआई इंटेलिजेंस का इंफ्रास्ट्रक्चर

टाटा चेयरमैन ने एआई को एक बुनियादी तकनीक बताते हुए कहा कि यह सभी उद्योगों में काम करती है, डेटा से सीखती है और तेजी से स्केल हो सकती है। उनके मुताबिक एआई इंटेलिजेंस का इंफ्रास्ट्रक्चर है, जिसका प्रभाव उतना ही गहरा होगा जितना कभी स्टीम इंजन, बिजली और इंटरनेट का रहा है।

न्यूज गैलरी

ईडी के साथ सीआईएसएफ का सुरक्षा दस्ता अटैच

शिमला/ए.। राजधानी शिमला में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मुख्यालय के साथ केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सीआईएसएफका एक विशेष सुरक्षा दस्ता तैनात किया है। एक सहायक कमांडेंट की अगुवाई में सीआईएसएफ(केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) के 40 जवानों ने बुधवार को शिमला में कार्यभार संभाल लिया। अब तक ईडी शिमला को कार्रवाई के लिए चंडीगढ़ से सीआईएसएफ के जवान मिलते थे। स्थायी तौर पर विशेष टुकड़ी मिलने से हिमाचल में हाई-प्रोफाइल छापेमारी में तेजी आने की संभावना है। प्रवर्तन निदेशालय हिमाचल में 2,300 करोड़ के क्रिप्टो करेंसी स्कैम, 250 करोड़ के छात्रवृत्ति घोटाले और ऊना और कांगड़ा क्षेत्र में सक्रिय खनन माफिया से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों की जांच कर रहा है। इसके अलावा केसीसी बैंक ओटीएस मामले की जांच भी प्रगति पर है। ड्रग कंट्रोलर केस के अलावा करीब 2100 करोड़ के इंडियन टेक्नोमैक घोटाल की जांच भी प्रवर्तन निदेशालय कर रहा है। संपत्तियों को अटैच करने की कार्रवाई में अब सीआईएसएफ की टुकड़ी का प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों को सहयोग मिलेगा। सूत्रों के अनुसार, हिमाचल में ईडी की ओर से की जा रही कुछ मामलों में जांच अंतिम चरण में है और जल्द ही संपत्तियों को भौतिक रूप से कब्जे में लेने की प्रक्रिया शुरू होनी है।

नहर में गिरी कार, महिला समेत तीन की डूबने से मौत

औरेया/वार्ता। यूपी के औरैया जिले के अछल्दा थाना इलाके के तुरुकपुर गांव के नजदीक निकली निचली गंग नहर में एक कार गिर गई। इस भीषण दुर्घटना में एक महिला और दो पुरुषों सहित कुल तीन लोगों की डूबने से मौत हो गई। यह घटना रात के समय बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के नीचे से निकली नहर में हुई, जब कार इटावा की तरफ जा रही थी। सुबह के समय ग्रामीणों ने नहर में एक कार पड़ी देखी। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पंकज मिश्रा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद कार को नहर से बाहर निकलवाया। कार के अंदर से तीन लोगों के शव बरामद हुए। इस दुर्घटना की जानकारी मिलने पर सिंचाई विभाग ने एहतियातन नहर का पानी बंद करवा दिया है। मृतकों की पहचान राजीव कुमार गुप्ता (50), पत्नी मधू गुप्ता (48), शुभम गुप्ता (27) निवासीगण भरथना इटावा के रूप में हुई है।

पटना हाईकोर्ट से 42 एमएलए को नोटिस

पटना/वार्ता। बिहार विधानसभा के 42 विधायकों को पटना हाईकोर्ट ने नोटिस भेजा है। इनमें पक्ष और विपक्ष दोनों के विधायक शामिल हैं। आरोप है कि इन लोगों ने नामांकन के दौरान जो शपथ पत्र भरे थे, उनमें कई तथ्य छिपाए। इतना ही नहीं कुछ विधायकों पर वोटिंग प्रक्रिया में अनियमितता का भी आरोप लगाया गया है। कुछ माह पहले चुनाव हारने वालों प्रत्याशियों ने याचिका दायर की थी। आज कोर्ट में इस मामले में सुनवाई हुई। इसके बाद कोर्ट ने इन 42 विधायकों से लिखित जवाब देने को कहा है। चौंकाने वाली बात यह है कि लिस्ट में विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार का भी नाम है। इनके अलावा मंत्री विजेंद्र यादव, पूर्व मंत्री जीवेश मिश्रा, जदयू विधायक चेतन आनंद, राजद विधायक अमरेंद्र प्रसाद समेत 42 विधायक शामिल हैं। कोर्ट की ओर से कहा गया है कि नामांकन के दौरान दाखिल किया गया शपथपत्र लोकतांत्रिक व्यवस्था का अहम हिस्सा है। वोटर्स को प्रत्याशियों की पृष्ठभूमि, संपत्ति और अन्य विवरणों की सही जानकारी मिलना चाहिए।

एपस्टीन मामले में किंग चार्ल्स के छोटे भाई एंड्र्यू गिरफ्तार

लंदन(वार्ता)। ब्रिटेन पुलिस ने किंग चार्ल्स के छोटे भाई एंड्र्यू माउंटबैटन-विंडसर को सार्वजनिक पद पर रहते हुए कदाचार के संदेह में गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी उनके और यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के बीच संबंधों की जांच के सिलसिले में की गयी है। बीबीसी टीवी ने गुरुवार को यह जानकारी दी है। इससे पहले विभिन्न समाचार पत्रों ने रिपोर्ट दी थी कि गुरुवार सुबह पूर्वी इंग्लैंड के सैंड्रिंघम एस्टेट स्थित 'वुड फार्म' पर पुलिस की छह कारें और सादे कपड़ों में लगभग आठ अधिकारी पहुंचे थे।

चेन्नई में 15 अरब डॉलर के एआई हब का एलान

भारत में बदलाव की रफ्तार अद्भुत: पिचाई

■ **देशभर में टेक्नोलॉजी और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर परिवर्तन**

नई दिल्ली/वार्ता। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने भारत की तेजी से बदलती तस्वीर पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि भारत लौटना हमेशा खास होता है, क्योंकि हर दौरे में उन्हें देश में हो रहे बदलाव की रफ्तार और भी तेज नजर आती है। पिचाई ने कहा कि देशभर में टेक्नोलॉजी और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर परिवर्तन हो रहा है, जो भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दे रहा है। पिचाई ने स्वीकार किया कि एआई कार्यक्षेत्र में बड़े बदलाव लाएगा। कुछ नौकरियां ऑटोमेट होंगी, कुछ भूमिकाएं बदलेंगी और कई नई करियर संभावनाएं जन्म लेंगी। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि 20 साल पहले प्रोफेशनल YouTube क्रिएटर जैसी कोई अवधारणा नहीं थी, जबकि आज दुनिया भर में लाखों लोग इस क्षेत्र में काम कर रहे हैं। इस समिट में कई देशों और वैश्विक संस्थानों की भागीदारी रही, जो भारत की बहुपक्षीय सहयोग की नीति और एआई के जरिए वैश्विक चुनौतियों का समाधान खोजने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

एआई हब के लिए 15 अरब डॉलर का एलान

अपने छात्र जीवन की यादें साझा करते हुए उन्होंने बताया कि जब वे आईआईटी खड़गपुर में पढ़ाई के दौरान विशाखापत्तनम से होकर गुजरते थे, तब वह एक साधारण तटीय शहर था। आज वही शहर वैश्विक एआई हब के रूप में उभर रहा है। पिचाई ने घोषणा करते हुए कहा कि गूगल वहां 15 अरब डॉलर के निवेश के तहत एक फुल-स्टैक एआई हब स्थापित कर रहा है। इसमें बड़े पैमाने पर कंप्यूट इंफ्रास्ट्रक्चर और एक नया सबसी केबल गेटवे शामिल होगा। इस पहल से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और देश में एआई क्षमताओं का विस्तार होगा।

'डिजिटल डिवाइड को एआई डिवाइड नहीं बनने देंगे'

समिट को संबोधित करते हुए पिचाई ने कहा कि डिजिटल खाई को एआई खाई में बदलने नहीं दिया जा सकता। इसके लिए कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी में निवेश जरूरी है। उन्होंने बताया कि गूगल अमेरिका और भारत के बीच चार नए सबसी फाइबर ऑप्टिक सिस्टम विकसित कर रहा है। यह पहल हाल ही में घोषित 'अमेरिका-इंडिया कनेक्ट' कार्यक्रम का हिस्सा है।

तीन सूत्रों पर आधारित समिट

भारत 16 से 20 फरवरी तक इस समिट की मेजबानी कर रहा है। यह आयोजन लोग, धरती और तरक्की'- इन तीन प्रमुख सूत्रों पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का उद्घाटन किया।

लॉरेंस गैंग की 'मैडम जहर' गैंगस्टर बॉबी कबूतर के साथ गिरफ्तार

नई दिल्ली। अपराध की दुनिया में अब पुरुषों का ही वर्चस्व नहीं रहा। महिलाएं भी 'लेडी डॉन' के रूप में तेजी से इस क्षेत्र में अपनी पैठ बना रही हैं। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल (काउंटर इंटेलिजेंस) ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल (काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट) ने सात साल से फरार चल रहे बॉबी कबूतर को उसकी गर्लफ्रेंड के साथ पकड़ा है। गर्लफ्रेंड की पहचान कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग की सक्रिय सदस्य खुशनुमा अंसारी उर्फ नेहा के रूप में हुई है। गैंग में 'मैडम जहर' के नाम से जानी जाने वाली नेहा की गिरफ्तारी ने अंडरवर्ल्ड के महिला शक्ति के बढ़ते प्रभाव को एक बार फिर उजागर किया है। जांच में सामने आया कि उत्तर-पूर्वी दिल्ली में एक ब्यूटी पार्लर चलाने वाली खुशनुमा अंसारी उर्फ नेहा, असल में लॉरेंस बिश्नोई और हाशिम बाबा गैंग के लिए ड्रग्स सिंडिकेट और हथियारों की सप्लाई का जिम्मा भी संभाल रही थी।

'मैडम जहर' का खूंखार कनेक्शन

खुशनुमा अंसारी, लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गे और हथियार सप्लायर बॉबी कबूतर उर्फ महफूज की गर्लफ्रेंड है। इन दोनों का रिश्ता पिछले सात वर्षों से चला आ रहा है। बॉबी कबूतर ने ही पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या से पहले रेकी की थी। इसके अलावा आरोपियों को गायक के रूट व मूवमेंट की सटीक जानकारी उपलब्ध कराई थी।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने 100 बटुकों को किया सम्मानित, चोटी खींचने वालों को लगेगा पाप

लखनऊ/ए.। राजधानी लखनऊ में बृहस्पतिवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने अपने आवास पर 100 बटुकों का सम्मान किया। बटुकों पर पुष्पवर्षा की। तिलक लगातार उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि चोटी खींचने वालों को पाप लगेगा। शंकराचार्य विवाद के बीच ब्रजेश पाठक का यह सम्मान डैमेज कंट्रोल से जोड़कर देखा जा रहा है। बताते चलें कि प्रयागराज के माघ मेले से शुरू हुआ शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद का विवाद अभी तक थमने का नाम नहीं ले रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ भी इस मामले में कई बार बोल चुके हैं। सीएम ने बिना नाम लिए संकेतों में कालनेमि तक की बात कह दी थी। बजट सत्र के दौरान उन्होंने एक और प्रमुख बात बोली, जिसको लेकर बहस छिड़ी हुई है। कहा कि कोई भी खुद को शंकराचार्य नहीं लिख सकता।

सीएम योगी के इस बयान को लेकर विपक्ष विशेषकर सपा सरकार को घेर रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि दूसरों से सर्टिफिकेट मांगने वालों से यदि सर्टिफिकेट मांग लिया जाए तो वह कौन सा सर्टिफिकेट देंगे? शकंराचार्य को लेकर प्रदेश की राजनीति में गहमागहमी चल रही है। इसी बीच ब्रजेश पाठक ने बटुकों को सम्मानित किया। राजनीतिक पंडित इसे डैमेज कंट्रोल से जोड़कर देख रहे हैं।

दिल्ली, समेत कई हवाई अड्डों पर सेवाएं बाधित

■ **करीब 40 मिनट तक यात्री रहे हलकान**

नई दिल्ली/वार्ता। गुरुवार सुबह देश के कई हवाई अड्डों पर हवाई सेवाएं कुछ देर के लिए बाधित हुई। जानकारी के मुताबिक, सॉफ्टवेयर की खराबी के कारण एयरपोर्ट पर यात्रियों को चेक-इन में परेशानी का सामना करना पड़ा। सूत्रों के अनुसार, गुरुवार सुबह कई हवाई अड्डों पर 40 मिनट से अधिक समय तक चली सॉफ्टवेयर की खराबी के कारण यात्री चेक-इन में आई दिक्कत के कारण हलकान होते रहे। एक सूत्र ने बताया कि समस्या का समाधान कर लिया गया है और सिस्टम सामान्य रूप से काम कर रहा है। सूत्रों ने यह भी बताया कि सॉफ्टवेयर की खराबी के कारण एयरलाइंस कंपनियों को ज्यादा परेशानी नहीं हुई। फिलहाल, इस मामले में एयरलाइंस कंपनियों की ओर से कोई बयान जारी नहीं किया गया है। यह पहली बार नहीं है कि देश के कई हवाई अड्डों पर इस तरह की दिक्कत का सामना यात्रियों को करना पड़ा हो।

इन एयरलाइंस की सेवाएं हुई प्रभावित?

सूत्रों ने बताया कि दिल्ली, मुंबई और अन्य हवाई अड्डों पर इंडिगो, एयर इंडिया एक्सप्रेस, स्पाइसजेट और अकासा एयर की सेवाएं प्रभावित हुईं। जानकारी के मुताबिक, सॉफ्टवेयर में खराबी के कारण चेक-इन सिस्टम सुबह लगभग 6.45 बजे से 7.28 बजे तक ठप्प रहा।

भारतीय वैज्ञानिकों ने रचा इतिहास, ग्रिड स्टोरेज के लिए जिंक-आयन बैटरी को मिली नई जान

■ **सल्फर वैकेंसी वाला 1T-MoS2 कैथोड मटेरियल बना गेम-चेंजर**

बेंगलुरु/ए.। बेंगलुरु स्थित सेंटर फॉर नैनो एंड सॉफ्ट मैटर साइंसेज के वैज्ञानिकों ने एक अभूतपूर्व सफलता हासिल की है, जिससे सस्टेनेबल और बड़े पैमाने पर एनर्जी स्टोरेज संभव हो सकेगा। उन्होंने सल्फर वैकेंसी इंड्यूस्ड 1T-फेज मोलिब्डेनम डाइसल्फाइड नामक एक नया कैथोड मटेरियल विकसित किया है, जो एक्वस जिंक-आयन बैटरी की परफॉर्मेंस और स्थिरता को काफी बढ़ाता है। टीम ने इलेक्ट्रोकेमिकल पोटेंशियल विंडो को ऑप्टिमाइज करने पर विशेष फोकस किया और 0.2 से 1.3 वोल्ट (Zn^{2+}/Zn के मुकाबले) को आदर्श ऑपरेशनल रेंज पाया।



यह बैटरी सोलर और विंड जैसी रिन्यूएबल एनर्जी को ग्रिड स्तर पर सुरक्षित, सस्ते और पर्यावरण-अनुकूल तरीके से स्टोर करने के लिए आदर्श मानी जाती है। CeNS, जो डिपार्टमेंट ऑफसाइंस एंड टेक्नोलॉजी (ष्ठस्ञ्ज) के अधीन एक स्वायत्त संस्थान है, के रिसर्चर्स श्री गणेश महेंद्र, डॉ. राहुलदेव रॉय और डॉ. आशुतोष कुमार सिंह की टीम ने हाइड्रोथर्मल विधि से सावधानीपूर्वक सल्फर की कमी वाले 1ञ्ज-फेज स्रूस्2 नैनोफ्लेक्स तैयार किए। इस मटेरियल में ज्यादा सरफेस एरिया, बेहतर कंडक्टिविटी और तेज इलेक्ट्रोकेमिकल रिएक्शन की क्षमता होती है, जिससे ज्यादा चार्ज स्टोरेज और बेहतर Zn²? डिफ्यूजन संभव होता है।

उच्च साइक्लिक स्टेबिलिटी: 1 Ag1 करंट डेंसिटी पर 500 चार्ज-डिस्चार्ज साइकिल के बाद 97.91% शुरुआती कैपेसिटी बरकरार रही।

कूलम्बिक एफिशिएंसी: 99.7%, जो न्यूनतम साइड रिएक्शन और बेहतरीन रिवर्सिबिलिटी दर्शाती है।

प्रैक्टिकल डेमो: कॉइन-सेल प्रोटोटाइप से कमर्शियल LCD टाइमर को सफलतापूर्वक पावर किया गया, जो रियल-वर्ल्ड एप्लिकेशन की पुष्टि करता है। भारत को क्लीन एनर्जी और बैटरी टेक्नोलॉजी में वैश्विक लीडर बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम गौरतलब हो, यह रिसर्च वर्क अमेरिकन केमिकल सोसाइटी (ACS) के जर्नल Energy & Fuels में प्रकाशित हुई है 2, प्रकाशन तिथिः 2 दिसंबर 2025)।

बकाया भुगतान विवाद पर स्पाइसजेट के लिए बांग्लादेश का एयरस्पेस बंद

ढाका/ए.। बांग्लादेश ने कथित बकाया भुगतान न चुकाने के कारण बजट एयरलाइन स्पाइसजेट को अपने हवाई क्षेत्र के उपयोग से रोक दिया है। सूत्रों के मुताबिक, एयरस्पेस उपलब्ध न होने के चलते कोलकाता से गुवाहाटी और इम्फाल जाने वाली कुछ उड़ानों को अब लंबा रूट अपनाना पड़ रहा है। हालांकि, स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने गुरुवार को कहा कि एयरलाइन संबंधित प्राधिकरणों के साथ नेविगेशन शुल्क समेत संचालन और प्रक्रियागत मुद्दों पर नियमित संवाद में है। उन्होंने इसे उद्योग से जुड़े सामान्य मुद्दे बताते हुए कहा कि जल्द समाधान की दिशा में रचनात्मक तरीके से काम किया जा रहा है और निर्धारित उड़ान सेवाएं नियमों के अनुसार जारी हैं। सूत्रों का कहना है कि बकाया राशि के भुगतान न होने के कारण यह कदम उठाया गया है, हालांकि बकाया की प्रकृति और राशि के बारे में तत्काल स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। वहीं, फ्लाइट ट्रैकिंग डेटा के अनुसार स्पाइसजेट की कुछ उड़ानें बांग्लादेशी एयरस्पेस से बचते हुए वैकल्पिक और लंबा मार्ग अपना रही हैं।

स्पाइसजेट के शेयर में आई गिरावट

इस बीच, बीएसई में दोपहर के कारोबार के दौरान स्पाइसजेट के शेयर में करीब 1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। कंपनी ने हाल ही में दिसंबर 2025 तिमाही में 269.27 करोड़ रुपये का घाटा भी दर्ज किया था, जिसका कारण बढ़ती लागत और एकमुश्त खर्च बताए गए।

26 को अनिल अंबानी से होगी पूछताछ

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी को नया समन जारी किया है। इस हफ्ते बयान देने के लिए नहीं आने की वजह से उन्हें 26 फरवरी को फिर पूछताछ के लिए बुलाया गया है। उनकी पत्नी टीना अंबानी ने भी दो बार सुनवाई टाली है। टीना अंबानी को 10 फरवरी और 17 फरवरी को ईडी के सामने पेश होना था। ईडी ने बताया कि दोनों को धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत अलग-अलग बयान दर्ज करने के लिए बुलाया है। अनिल अंबानी एक बार अगस्त 2025 में ईडी के सामने पेश हुए थे। माना जा रहा है कि टीना अंबानी को न्यूयॉर्क के मैनहट्टन में एक लग्जरी अपार्टमेंट खरीदने से जुड़े मनी ट्रेल के बारे में पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

टी20 विश्व कप में वेस्टइंडीज टीम ने इटली को 42 रन से हराया

नई दिल्ली/ए.। टी20 विश्व कप 2026 के ग्रुप सी के मुकाबले में वेस्टइंडीज ने इटली को 42 रन से हरा दिया है। इडेन गार्डेन, कोलकाता में खेले गए मुकाबले में 166 रन के लक्ष्य को हासिल करने उतरी इटली 18 ओवर में 123 रन पर सिमट गई। 166 रन के लक्ष्य को हासिल करने उतरी इटली के प्रदर्शन को देखते हुए क्रिकेट फैंस तगड़े संघर्ष की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने इटली के लिए लक्ष्य को मुश्किल बना दिया। इटली की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने 12 के स्कोर पर पहला और 26 के स्कोर पर दूसरा विकेट गंवा दिया। मोस्का बंधुओं के आउट होने के बाद इटली कभी लक्ष्य के करीब जाती नहीं दिखी और नियमित अंतराल पर विकेट खोती रही। पूरी टीम 18 ओवर में 123 पर सिमट गई और 42 रन से हार गई। जेजे स्मट्स ने 24 और बेंजामिन मानेटी ने 26 रन बनाए। एंटोनी फोंसेका ने 19 रन बनाए। ग्रांट स्टिवर्ट ने 12 रन बनाए। इनके अलावा कोई बल्लेबाज दो अंकों में नहीं जा सका। वेस्टइंडीज के लिए मैथ्यू फोर्ड ने 4 ओवर में 19 रन देकर 3, शमार जोसेफने 4 ओवर में 30 रन देकर 4, गुडाकेश मोती ने 4 ओवर में 24 रन देकर 2 और अकिल हुसैन ने 3 ओवर में 25 रन देकर 1 विकेट लिए।

'द केरल स्टोरी 2' पर विवाद जारी

मुंबई/ए.। रिलीज से पहले ही फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' पर विवाद होने लगा है। फिल्म 'द केरल स्टोरी' पर भी काफी विवाद हुआ था। ऐसे में जब इसके सीक्वल की घोषणा हुई, तो लोगों ने इस पर ऐतजार जताया है। फिल्म का ट्रेलर देखकर कई लोगों ने इस पर प्रतिक्रिया दी है। प्रतिक्रिया देने वालों में केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन भी शामिल हैं। वहीं विजयन के बयान पर सपा नेता अबू आजमी ने भी प्रतिक्रिया दी है। जानते हैं उन्होंने क्या कहा है? आज केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने एक्स पर लोगों से इस फिल्म को रिजेक्टर करने की अपील करते हुए लिखा 'नफरत फैलाने वाली फिल्म 'द केरल स्टोरी' के सीक्वल की रिलीज की खबरों को गंभीरता से लेना चाहिए। पहले पार्ट के साम्प्रदायिक एजेंडा और खुलेआम झूठ को पहले ही देख चुका केरल एक बार फिर हमारे सेक्युलर ताने-बाने को बदनाम करने की इस कोशिश को रिजेक्ट करेगा। यह चौंकाने वाला है कि कैसे सांप्रदायिक झगड़े को भड़काने के मकसद से बनाई गई मनगढ़ंत कहानियों को खुली छूट मिल जाती है। जबकि कला के क्रिटिकल एक्सप्रेशन पर रोक लगा दी जाती है। हमें अपनी सद्भाव की जमीन को आतंक का अड्डा दिखाने की इन कोशिशों के खिलाफ एकजुट होना चाहिए। सच की हमेशा जीत होगी।'

नक्सल दबाव में बंद रहे केरलापेंदा मंदिर में 21 साल बाद गूंजे वैदिक मंत्र

■ दीपिका शोरी ने दी यज्ञ में आहुति

सुकमा/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय से लगभग 100 किलोमीटर दूर, चिंतलनार से लगभग 7 किलोमीटर अंदर बसे ग्राम पंचायत केरलापेंदा का प्राचीन राम मंदिर अब पुनः भक्ति और श्रद्धा का केंद्र बन गया है। करीब 21 वर्षों तक सूना पड़े इस मंदिर में सामूहिक हवन-पूजन और वैदिक मंत्रोच्चार की गूंज सुनाई दी। ग्रामीणों के अनुसार, नक्सल दबाव के कारण मंदिर में पूजा-अर्चना बंद कर दी गई थी। मंदिर परिसर में न केवल सन्नाटा छा गया था, बल्कि वहाँ नक्सलियों की बैठकों का दौर भी शुरू हो गया था, जिससे ग्रामवासियों के मन में भय का वातावरण बना रहता था

ग्रामीण बताते हैं कि, मंदिर का निर्माण वर्ष 1978 में किया गया था। राजस्थान से भगवान श्रीराम, लखनलाल (लक्ष्मण) और माता सीता की प्रतिमाएँ लाकर विधिवत स्थापना की गई थी। प्रतिमाओं की मनोहारी छवि आज भी श्रद्धालुओं को आकर्षित करती है। जैसे ही कोई भक्त मंदिर में प्रवेश करता है, वातावरण स्वतः ही राममय हो उठता है।

अब श्रद्धा और सामूहिक विश्वास का बना केंद्र

मंदिर परिसर में नक्सल बैठकों के कारण लोग भयभीत रहते थे और सार्वजनिक रूप से धार्मिक आयोजन करना संभव नहीं था। परंतु अब स्थिति बदल रही है। सुरक्षा बलों की सक्रियता और ग्रामीणों के साहस ने माहौल को धीरे-धीरे सामान्य बनाया है। आज वही स्थान, जो कभी भय का प्रतीक था, अब श्रद्धा और सामूहिक विश्वास का केंद्र बन गया है। इस आयोजन में रामदेव नाग, हेमला मुका मांझी, भीमा पिडमेल के मांझी, हेमला जोगा, नुको देवा पेरमा, मड़कम देवा, मुचाकी पोजा पटेल, आयुषी रवा, जगनाथ, संतोष पुराणिक सहित अनेक जनप्रतिनिधि और ग्रामीण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

21 वर्षों बाद पहली बार सामूहिक एक कुंडीय यज्ञ: पिछले वर्ष केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के सहयोग से मंदिर के द्वार पुनः खोले गए। इसके बाद से धीरे-धीरे पूजा-पाठ प्रारंभ हुआ और अब 21 वर्षों बाद पहली बार सामूहिक एक कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक धार्मिक अनुष्ठान में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी विशेष रूप से शामिल हुईं। उन्होंने ग्रामवासियों और रामभक्तों के साथ मिलकर यज्ञ में आहुति दी और क्षेत्र में शांति, सद्भाव और समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि, आस्था को दबाया जा सकता है, समाप्त नहीं किया जा सकता। आज केरलापेंदा इसका जीवंत उदाहरण है।

रामभक्ति में डूबा नक्सल क्षेत्र, केसरिया और पीले रंग में रंगा केरलापेंदा

केरलापेंदा में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह एक सामाजिक जागरण और सामूहिक एकता का प्रतीक बन गया। जब जिले के विभिन्न क्षेत्रों- तोंगपाल, मारेंगा, कूकानार, पाकेला, सुकमा, पोलमपल्ली, दोरनापाल, सौतनार सहित अन्य स्थानों से रामभक्तों की टोलियाँ केसरिया और पीले वस्त्र धारण कर मंदिर पहुँचीं, तो पूरा गांव भक्ति के रंग में सराबोर हो गया।

नक्सलियों के दबाव में मंदिर के पट कर दिए गए थे बंद

गाँव की गलियाँ, मंदिर परिसर और आसपास का वातावरण जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो वर्षों से दबी आस्था आज एक साथ फूट पड़ी हो। महिलाएँ मंगलगीत गा रही थीं, युवा ध्वज लेकर चल रहे थे और बुजुर्गों की आँखों में संतोष के आँसू साफदिखाई दे रहे थे। ग्रामीणों ने बताया कि, एक समय ऐसा था जब नक्सलियों के दबाव में मंदिर के पट बंद कर दिए गए थे। पुजारी को भगवान राम की पूजा अपने घर पर करनी पड़ती थी।

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सहयोग से मंदिर को पुनः खोला, बना बदलते दौर का प्रतीक

ग्राम पंचायत केरलापेंदा का राम मंदिर अब केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि बदलते सामाजिक और सुरक्षा परिदृश्य का सशक्त प्रतीक बन गया है। लगभग दो दशक पहले जिस मंदिर में पूजा-अर्चना बंद हो गई थी और जहाँ नक्सलियों की बैठकें होती थीं, आज वहीं वैदिक मंत्रों की ध्वनि और हवन की सुगंध फैल रही है। ग्रामीणों के अनुसार, वर्ष 1978 में निर्मित इस मंदिर ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। आस्था पर लगे नक्सल प्रतिबंध ने लोगों के मन को आहत किया था। धार्मिक स्वतंत्रता पर लगा यह विराम गाँव की सामाजिक संरचना को भी प्रभावित कर गया था। पिछले वर्ष केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के सहयोग से मंदिर को पुनः खोला गया। इसके बाद से नियमित पूजा-पाठ प्रारंभ हुआ और अब सामूहिक हवन-पूजन के आयोजन ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि क्षेत्र में शांति और सामान्य स्थिति लौट रही है।

इस एक कुंडीय यज्ञ में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया भाग : इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी ने अपने संबोधन में कहा कि, जहाँ कभी भय और असुरक्षा का वातावरण था, वहाँ आज श्रद्धा और विश्वास का प्रकाश फैल रहा है। यह केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक पुनर्जागरण का संकेत है। 21 वर्षों बाद आयोजित इस एक कुंडीय यज्ञ में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। गाँव के बुजुर्गों ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताया और युवाओं ने इसे नई शुरुआत का प्रतीक माना। आज केरलापेंदा का राम मंदिर यह संदेश दे रहा है कि परिस्थितियाँ चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, जब समाज एकजुट होता है तो आस्था, संस्कृति और परंपरा पुनः जीवित हो उठती है।

रायगढ़ पुलिस ने 16 गौवंश को तस्करों से किया मुक्त

रायगढ़/नवप्रदेश। ऑपरेशन शंखनाद के तहत रायगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ओडिशा के बूचड़खाने ले जाए जा रहे 16 गौ वंश को तस्करों के कब्जे से मुक्त किया हैं। कार्रवाई के तहत मवेशी तस्कर देवानंद यादव को गिरफ्तार किया गया है वही रब्बुल खान फ़रार चल रहा हैं। फ़रार तस्कर की तलाश जारी है। मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र का है। लैलूंगा पुलिस को 17 फ़रवरी को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि आमापाली से झगरपुर मार्ग होते हुए मवेशियों को ओडिशा के बूचड़खाने ले जाया जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने ग्राम झगरपुर के पास घेरेबंदी कर मेन रोड पर मवेशी ले जा रहे एक युवक को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम देवानंद यादव पिता मनधरो यादव उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम आमापाली थाना लैलूंगा बताया। उसके कब्जे से 16 नग कृषक गौ वंश बरामद किये गये हैं। पूछताछ में उसने बताया कि वह रब्बुल खान नाम के मवेशी तस्कर के साथ मिलकर ओडिशा के बूचड़खाने गौ वंश को ले जा रहा था।

अनाचार के मामले में आरोपी को मिली 10 साल की सजा

कोरबा/नवप्रदेश। एक अनाचार के मामले में आरोपी के खिलाफदोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने उसे दस वर्ष सश्रम कारावास व एक हजार रुपार को अर्थदंड से दंडित किया है। अपर सत्र न्यायाधीश फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट सीमा प्रताप चन्द्रा द्वारा अभियुक्त सूरज चौहान उर्फदादू को बलात्संग का दोषी करार देते हुए 10 साल सश्रम कारावास और एक हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अतिरिक्त लोक अभियोजक मोहन सोनी ने बत्ताया कि आरोपी ने झाड़ फूंक का बहाना बनाकर पीड़ति को उसके सास के घर में स्थित कमरे में ले जाकर उसकी इच्छा के विरुद्ध उसके कपड़े निकालकर, जबरदस्ती बलात्कार किया। जिस पर पीड़ति ने चौकी रजगामार में शिकायत दर्ज करवाई। जिस पर पुलिस ने विवेचना उपरांत अभियोग पत्र सोमा चंद्रा, अपर सत्र न्यायाधीश, फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट में पेश किया। जहां अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक मोहन सोनी ने ठोस दलीले पेश की जिस पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देकर 10 वर्ष की सजा और एक हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया।

एक्सप्रेस गाड़ी के पहिए से उठा धुंआ, यात्रियों में दहशत

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा से बिलासपुर की ओर आ रही छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन के पहिये से उरगा स्टेशन के पास धुआं उठने लगा। बुधवार सुबह 11.45 मिनट में जब ट्रेन उरगा स्टेशन पहुंची तो एक स्लीपर कोच के पहिए के नीचे से तेजी से धुआं निकलने लगा। जिसके बाद दहशत में आए पूरे कोच के यात्री नीचे उतर गए। रेलवे स्टाफपहुंचा तो पता चला कि ब्रेक जाम होने की वजह से पहियों में अत्यधिक घर्षण हुआ और धुआं उठने लगा। रेलवे स्टाफने आधे घंटे तक तकनीकी जांच की। तब तक के ट्रेन स्टेशन में ही खड़ी रही। सब कुछ ठीक रहने पर ट्रेन आगे रवाना हो सकी।

फर्जी दस्तावेज तैयार कर हड़पी मुआवजा राशि, अपराध दर्ज

तखतपुर/नवप्रदेश। फ़र्जी दस्तावेज तैयार कर अवैध रूप से मुआवजा राशि हड़पने वाले चनाडोंगरी निवासी मृतक की पत्नि के खिलाफ तहसीलदार तखतपुर शशांक शेखर शुक्ला ने तखतपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफअपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। जानकारी के अनुसार तखतपुर तहसीलदार शशांक शेखर शुक्ला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसमें उन्होंने बताया है कि, चनाडोंगरी निवासी उवंशों श्रीवास पति स्व पुरूषोत्तम श्रीवास ने अपने साथियों के साथ मिलकर कूट रचित फ़र्जी दस्तावेज तैयार किया और पति स्व पुरूषोत्तम श्रीवास की जहरीले सांप के काटने से मृत्यु होना बताकर शासन से चार लाख रूपए को मुआवजा राशि प्राप्त कर ली। इस तरह आरोपिता ने फ़र्जीवाड़ा किया।

होली पर मिलेगी तीन स्पेशल ट्रेन की सुविधा

बिलासपुर/नवप्रदेश। होली पर्व पर नियमित ट्रेनों की भीड़ कम करने के लिए रेलवे ने तीन स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इसकी घोषणा भी कर दी गई है। पटना व चर्लपल्ली के मध्य सात फेरे के लिए चलने वाली ट्रेन प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को पटना से 03253 नंबर 09 से 30 मार्च व प्रत्येक बुधवार को चर्लपल्ली से 03254 नंबर 11 मार्च से एक अप्रैल तक चार फेले के लिए चलेगी। वहीं प्रत्येक शुक्रवार को चर्लपल्ली से 03255 नंबर के साथ 13 से 27 मार्च तक तीन फेरे के लिए चलेगी। इसी तरह तिरुपति व रक्सौल के मध्य तीन फेरे होली स्पेशल ट्रेन की सुविधा मिलेगी। यह ट्रेन तिरुपति से 07051 नंबर के साथ 21, 28 फ़रवरी एवं सात मार्च को छूटेगी। वहीं रक्सौल से 07052 नंबर के साथ 24 फ़रवरी, तीन एवं 10 मार्च को चलेगी।

7.50 करोड़ की लागत से बनी सड़क तीन दिन बाद ही उखड़ने लगी

अंबिकापुर/नवप्रदेश। अंबिकापुर नगर निगम में इन दिनों सभी वार्ड में सड़क का निर्माण तेजी से किया जा रहा है लेकिन सड़क निर्माण की क्वालिटी इतनी खराब है कि सड़क बनने के तीसरे चौथे दिन ही पूरी सड़क उखड़ जा रही है। हैरानी की बात तो यह है कि हाथ लगाने भर से करोड़ों की सड़क उखड़ जा रही है। जबकि दूसरी तरफनगर निगम प्रशासन हमेशा दावा करता है कि गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा वहीं ठेकेदारों के द्वारा किए जा रहे हैं इस घटिया निर्माण से साफ जाहिर हो रहा है कि करोड़ों के सड़कों का निर्माण कार्य कमीशनखोरी और और भ्रष्टाचार का भेट चढ़ चुका है।

नगर निगम में 7.50 करोड़ से बना रहे घटिया सड़क: अंबिकापुर नगर निगम क्षेत्र में इन दिनों 7।50 करोड़ रुपए के सड़कों का निर्माण कार्य अलग-अलग वार्ड में किया जा रहा है और इसकी मॉनिटरिंग कागजों में भी की जा रही है मॉनिटरिंग के लिए बाकायदा टीम गठित किया गया है। इतना ही नहीं वार्ड के पार्षदों को गुणवत्ता की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दी गई है। पार्षद और जनप्रतिनिधि हर रोज निर्माण कार्यों का जाए जा भी ले रहे हैं, लेकिन उसके बावजूद सड़क बेहद घटिया बना रहे हैं अंबिकापुर के वार्ड क्रमांक 12 राजमोहिनी देवी वार्ड में सड़क तीसरे दिन ही उखड़ने लगी।

इंजीनियरों पर भी उठने लगे सवाल

स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने ठेकेदार और जनप्रतिनिधियों को कई बार सही तरीके से सड़क निर्माण के लिए कहा लेकिन उसके बावजूद सुनवाई नहीं हुई और घटिया सड़क बन गया है लोगों का कहना है कि यह सड़क कुछ महीने भी नहीं टिक पाएगा। घटिया सड़क को लेकर नगर निगम के इंजीनियरों पर भी सवाल उठ रहा है, इसके अलावा अंबिकापुर नगर निगम की महापौर मंजूषा भगत ने भी कई बार ठेकेदारों को चेतावनी दी है कि घटिया निर्माण नहीं होना चाहिए, लेकिन इसके बावजूद ठेकेदार खुले आम घटिया निर्माण कर रहे हैं। मतलब साफहै कि ठेकेदारों को राजनीतिक संरक्षण मिला हुआ है। यही वजह है कि सड़क का घटिया निर्माण खुलेआम हो रहा है जबकि सड़क निर्माण के लिए अंबिकापुर नगर निगम को पिछले कई सालों से बजट नहीं मिला था। बजट नहीं मिलने के कारण सड़कों की हालत बेहद खराब हो गई थी, लोग परेशान हो रहे थे।

महापौर बोली- जांच कराई जाएगी

इसे लेकर महापौर मंजूषा भगत से फोन पर बात की गई तो उन्होंने कहा कि ऐसी बात नहीं है जहां भी घटिया सड़क बन रहा है उसकी जांच कराई जाएगी। दूसरी तरफमाता राजमोहिनी वार्ड के पार्षद मनोज गुप्ता का कहना था कि सड़क निर्माण जब शुरू हुआ था। तब मौके पर मैं भी था मेरे जाने के बाद ठेकेदार घटिया सड़क बनाया होगा। हालांकि वे यह भी कहने लगे कि आखिर हाथ से सड़क कैसे उखड़ेगा। इस पूरे मामले को लेकर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद का कहना है कि ठेकेदार घटिया सड़क बन रहा है ऐसी स्थिति में हमारी टीम जाएगी और इस पर विपक्ष आवाज उठाएगी और कार्रवाई की मांग करेंगे।

मांगी नौकरी तो मिली जेल

■ सलाखों के पीछे भेजे गए प्रदर्शन कर रहे हैं 120 डीएड अभ्यर्थी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के शासकीय प्राथमिक शालाओं में सहायक शिक्षक के रिक्त पदों पर भर्ती की मांग कर रहे डीएड अभ्यर्थियों को सेंट्रल जेल रायपुर में बंद कर दिया गया है। रायपुर के धरना स्थल तूता से बुधवार की रात अभ्यर्थियों को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद उन्हें सेंट्रल जेल भेज दिया गया। यह वह 120 अभ्यर्थी हैं, जो पिछले कई दिनों से प्रदर्शन कर रहे थे। इन प्रदर्शनकारियों ने बीते बुधवार को अंगारे पर चलने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस ने वाटर कैनन का उपयोग कर बुझा दिया था।

रायपुर के सेंट्रल जेल में बंद किए गए 120 प्रदर्शनकारियों में से करीब 40 महिलाएं भी हैं। प्रदर्शनकारी शैलेंद्र साहू ने बताया कि बुधवार को धरना प्रदर्शन के बाद हम वापस तूता धरना स्थल पहुंचे और शांतिपूर्ण तरीके से आगे की रणनीति बना रहे थे। इसी दौरान बड़ी संख्या में पुलिस के जवान पहुंचे और हमारे साथियों को लेकर सेंट्रल जेल चले गए। उनपर बीएनएस की प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। कहा जा रहा है कि कम से कम तीन दिन तक उन्हें जेल में बंद रखा जाएगा।

कांग्रेस पार्टी ने जताया विरोध

डीएड अभ्यर्थियों को जेल में बंद किए जाने का कांग्रेस ने विरोध किया है। कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का कहना है कि सरकार का यह तानाशाही रवैया है। इस मसले पर सरकार कोई हल नहीं निकालना चाहती है। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव देवेंद्र यादव ने भी डीएड अभ्यर्थियों के पक्ष में सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। इसमें उन्होंने सरकार को युवा विरोधी बताया है।

ट्रक ड्राइवरों से लूटपाट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईवे पर ट्रक ड्राइवर से मारपीट कर लूटपाट करने वाले गिरोह को पकड़ने में पुलिस को 11 माह बाद सफलता मिली हैं। मामला सकरी थाना क्षेत्र का है। एक मार्च 2025 को पेण्ड्रीडीह चौक राज ढाबा के पास ट्रक चालक से मारपीट कर लूटपाट करने की शिकायत पर प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण सदर में थाना कोनी के अपराध क्रमांक 17/2026 धारा 103(1),309(4),309(6), 3(5) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के विवेचना के दौरान थाना हिर्री के उक्त अपराध के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होने पर आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर जेएमएफसी न्यायालय बिल्हा में पेश कर पुलिस रिमाण्ड लिया गया। विवेचना दौरान मेमोरण्डम, जप्ती कार्यवाही किया गया बाद आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर बुधवार को जेल भेजा गया।

गिरफ्तार सभी आरोपी बिलासपुर के सिरगिट्टी थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं

1. जय दिवाकर उर्फछोटू, पिता बबला दिवाकर, उम्र 20 वर्ष, निवासी बजरंग नगर आवासपारा, सिरगिट्टी थाना। 2. सूरज साहू उर्फदादू साहू, पिता सुरेश साहू, उम्र 20 वर्ष, निवासी बहरामुड़ा तिफरा, राम मंदिर के पास, सिरगिट्टी थाना, जिला बिलासपुर। 3. प्रदीप धुरी उर्फसंजू बाबा, पिता परसराम धुरी, उम्र 19 वर्ष, निवासी काली मंदिर के सामने, नया मन्नाडोल, तिफरा, सिरगिट्टी थाना, जिला बिलासपुर।

विधायक सुनील सोनी ने 10 लाख की लागत से अतिरिक्त कक्ष निर्माण का किया भूमिपूजन

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुनील सोनी ने अपनी विधायक निधि से स्वीकृत 10 लाख रुपये की लागत से शासकीय जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। यह कार्यक्रम रायपुर नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 4 अंतर्गत पंडित भगवतीचरण शुक्ल वार्ड क्षेत्र स्थित महाविद्यालय परिसर में आयोजित हुआ। भूमिपूजन के अवसर पर विधायक सुनील सोनी ने श्रीफल फोड़कर एवं कुदाल चलाकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में नगर निगम रायपुर के सभापति सूर्यकांत राठौड़, वार्ड पार्षद एवं नगर निगम संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

जन्मजात बधिरता से जूझ रहे तीन बच्चों का एम्स रायपुर में सफल कॉक्लियर इंप्लांट

■ राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) का असर

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन की महत्वाकांक्षी स्वास्थ्य पहल राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) के अंतर्गत जन्मजात बधिरता से पीड़ित तीन बच्चों का सफल कॉक्लियर इंप्लांट ऑपरेशन अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर में संपन्न हुआ है। स्वास्थ्य विभाग की चिरायु टीम द्वारा समय पर पहचान, समुचित परीक्षण और समन्वित प्रयासों से इन बच्चों को निःशुल्क उन्नत उपचार उपलब्ध कराया गया। तीनों बच्चे वर्तमान में स्वस्थ हैं और चिकित्सकीय निगरानी में हैं।

आंगनबाड़ी से सुपर स्पेशियलिटी तक मजबूत स्वास्थ्य श्रृंखला: कबीरधाम जिले के स/लोहारा विकासखंड के ग्राम चिलमखोदरा निवासी धैर्य मरकाम जन्म से श्रवण बाधा से पीड़ित थे। चिरायु टीम 'ए' स/लोहारा द्वारा नियमित स्क्रीनिंग के दौरान समस्या की पहचान की गई। आवश्यक चिकित्सकीय परीक्षण एवं रेफरल प्रक्रिया के बाद 16 फरवरी 2026 को एम्स रायपुर में उनका कॉक्लियर इंप्लांट सफलतापूर्वक किया गया। बालक वर्तमान में चिकित्सकीय देखरेख में है।

शासन की संवेदनशील पहल से बदली तस्वीर

तीनों मामलों ने यह साबित किया है कि समय रहते जांच, परामर्श और उपचार उपलब्ध होने पर जन्मजात श्रवण बाधा जैसी गंभीर समस्या का भी प्रभावी समाधान संभव है। आंगनबाड़ी स्तर पर प्रारंभिक पहचान, जिला स्तरीय चिकित्सा परीक्षण और सुपर स्पेशियलिटी संस्थान में निःशुल्क सर्जरी की व्यवस्था राज्य की स्वास्थ्य प्रतिबद्धता को दर्शाती है। परिजनों ने शासन और स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहयोग ने उनके बच्चों के जीवन में नई रोशनी और भविष्य की नई उम्मीद जगाई है।

इसी प्रकार कोरबा जिले के बालको क्षेत्र निवासी ढाई वर्षीय नक्ष कोशले की श्रवण समस्या का पता प्रारंभिक जांच में चला। विशेषज्ञ परामर्श के बाद 14 फरवरी 2026 को एम्स रायपुर में उनकी सर्जरी की गई। चिकित्सकों के अनुसार बालक स्वस्थ है तथा नियमित फॉलो-अप जारी है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com